नई दिल्ली
सोमवार 12 अक्टूबर 2026
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 30, अंक : 175
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 31
न्यून. 18

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

विपक्ष आज सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से करेगा मुलाकात
चुनावी निष्पक्षता पर उठेंगे सवाल



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश की संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता, निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता और नागरिकों के मताधिकार को लेकर जारी राजनीतिक टकराव अब एक नए मोड़ पर पहुंच गया है। इंडिया गठबंधन के वरिष्ठ नेता सोमवार, आज, 12 अक्टूबर को भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपने वाले हैं। विपक्ष का कहना है कि निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और कथित मत चोरी से जुड़े सवालों पर सर्वोच्च न्यायालय को ध्यान देना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुख्य न्यायाधीश से मिलने के लिए समय मांगा था। खड़गे के अनुसार, सोमवार शाम चार से पांच बजे के बीच मुलाकात का समय निर्धारित किया गया है। यह घटनाक्रम इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि विपक्ष हाल के दिनों में अपनी शिकायतें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तक पहुंचा चुका है। अब वह न्यायपालिका के सर्वोच्च पद तक पहुंचकर चुनावी व्यवस्था से जुड़े अपने सवालों को सामने रखना चाहता है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने घोषणा की है कि विपक्षी दल सोमवार को दिल्ली में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध मार्च निकालेंगे और वरिष्ठ नेताओं का प्रतिनिधिमंडल मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन सौंपेगा। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, प्रस्तावित मार्च इंडिया गेट से सर्वोच्च न्यायालय की ओर निकाला जाएगा। विपक्ष का यह कदम केवल एक ज्ञापन सौंपने की औपचारिकता नहीं है। इसके पीछे यह राजनीतिक संदेश देने की कोशिश है कि मतदाता सूची में बदलाव, मताधिकार से वंचित किए जाने की आशंका और निर्वाचन आयोग ▶▶शेष पेज 5 पर

Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

द्वितीयःमां ब्रह्मचारिणी



या देवी सर्वभूतेषु मां ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

खबर संक्षेप

देशवासियों को पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं।



उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर संदेश साझा कर मां जगदंबा से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्य की कामना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि मां की कृपा राष्ट्र की एकता और प्रगति के संकल्प को और मजबूत करे। एक अन्य संदेश में उन्होंने मां शैलपुत्री के चरणों में नमन करते हुए कहा कि उनकी दिव्य कृपा से सभी के मन में धैर्य और आत्मविश्वास का दीप प्रज्वलित हो।

सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन और पुलिस कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

कहा-मेट्रो-रेल और इंटरनेट सेवाएं चालू रखें शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हिरासत 'गलत'

अदालत ने निर्देश दिया कि जहां निषेधाज्ञा लागू नहीं है, वहां शांतिपूर्ण तरीके से एकत्र होने वाले लोगों को कानून की प्रक्रिया के बिना हिरासत में नहीं लिया जाए, यदि अदालत परिसर के आसपास धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा से संबंधित बोर्ड हटाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ दिल्ली में हुए प्रदर्शन और पुलिस कार्रवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। रविवार को विशेष सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने निर्देश दिया कि शांतिपूर्ण और निहत्थे प्रदर्शनकारियों को कानून में निर्धारित प्रक्रिया के बिना हिरासत में नहीं लिया जाए।



अदालत ने मेट्रो और रेल सेवाएं सामान्य रखने, इंटरनेट सेवा निर्बाध जारी रखने तथा लोगों की आवाजाही में अनावश्यक बाधा नहीं डालने को कहा। साथ ही, यातायात और कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए बैरिकेडिंग की तत्काल समीक्षा करने के निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अन्य वकीलों ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लोगों को ट्रेनों से उतारा, जंतर-मंतर से करीब चार किलोमीटर दूर तक हिरासत ▶▶शेष पेज 5 पर

वकीलों ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लोगों को ट्रेनों से उतारा और जबरिया बस में बिठाया



दूसरे दिन भी दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान युवती को ले जातीं पुलिस

मेट्रो सेवाओं से जुड़े अपने 9 अक्टूबर के आदेश के कथित उल्लंघन को लेकर दायर अवमानना याचिका पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी

किस-किस को भेजा गया नोटिस?

शीर्ष कोर्ट ने इस मामले में केंद्रीय गृह सचिव, दिल्ली पुलिस कमिश्नर और दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया

मेट्रो-रेल और इंटरनेट पर पाबंदी नहीं:केंद्र

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मेट्रो और रेल सेवाओं को पूरी तरह बंद करने के बजाय जरूरत पड़ने पर नियंत्रित किया जा सकता है। प्रतिबंध केवल सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने की वास्तविक जरूरत और संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप होने चाहिए। अदालत ने इंटरनेट सेवाएं भी बिना बाधा जारी रखने को कहा, ताकि लोग हिरासत में लिए गए व्यक्तियों की जानकारी प्राप्त कर सकें। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र की ओर से बताया कि 10 अक्टूबर को दिल्ली मेट्रो की 4,750 ट्रेन सेवाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चलाई गईं। उन्होंने कहा कि कुल 303 स्टेशनों में से 47 स्टेशनों पर बंदिशें लगाई गई थीं और शनिवार रात 10 बजे से सभी स्टेशन खुले हैं।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश की बड़ी बातें

- जब तक कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर बेहद जरूरी न हो, तब तक शहर में बैरिकेड्स न लगाएं
- इंटरनेट सेवाएं बिना किसी रुकावट के जारी रहें
- लोगों और ट्रैफिक की आवाजाही की अनुमति हो
- मेट्रो और रेल सेवाएं सामान्य रूप से चलनी चाहिए, जब तक कि कानून-व्यवस्था में गड़बड़ी को देखते हुए प्रतिबंध लगाने की जरूरत न हो
- कानून-व्यवस्था और ट्रैफिक की अन्य स्थितियों को ध्यान में रखते हुए बैरिकेड्स लगाने के फैसले की तुरंत समीक्षा की जाए।
- सुप्रीम कोर्ट के आसपास के इलाके में धारा 163 लागू करने से संबंधित बोर्ड को हटा दें। ताकि न्यायलय तक पहुंचने में समस्या न हो
- सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों से कहा कि अवैध हिरासत नहीं होनी चाहिए। यह सिर्फ कानून के मुताबिक हो।
- बेंच ने निर्देश दिया कि धारा 163 से परे की सीमा में शांतिपूर्ण और निहत्थे जमा हुए लोगों पर कार्रवाई न हो।

एसआईआर और चुनावी अनियमितताओं के संबंध मुलाकात के लिए मांगी थी अनुमति

सीजेआई ने राहुल-खरगे समेत विपक्षी नेताओं से मिलने से किया इनकार

कहा-जिन मुद्दों को विपक्ष उठाना चाहता है, उनके लिए याचिका दायर की जा सकती है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और इंडिया गठबंधन के अन्य नेताओं से मुलाकात करने से इनकार कर दिया है। विपक्षी नेताओं ने कथित चुनावी अनियमितताओं, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और प्रदर्शनकारियों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर सीजेआई से मिलने का अनुरोध किया था। सोमवार, 12 अक्टूबर को प्रस्तावित ▶▶शेष पेज 5 पर



नई दिल्ली क्षेत्र में सुरक्षा पहरा जारी, यातायात संबंधी प्रतिबंध भी रहे लागू

सीजेपी का प्रदर्शन दूसरे दिन भी रहा जारी, सैंकड़ों लोग हिरासत में लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और विपक्षी दलों के प्रदर्शनों के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने रविवार को भी राजधानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू रखी। खासतौर पर नई दिल्ली क्षेत्र में सुरक्षा पहरा कड़ा रहा। कई इलाकों में यातायात संबंधी प्रतिबंध भी लागू रहे। बॉर्डर इलाकों में पुलिस मौजूद दिखी और दिनभर कारों की जांच करती नजर आई। उधर जंतर-मंतर और कनॉट प्लेस की ओर मार्च कर रहे कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। कनॉट प्लेस इलाके से पुलिस ने सुबह के समय सैंकड़ों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, रविवार को कनॉट प्लेस और लुटियंस दिल्ली के प्रमुख चौराहों से लगभग 200 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर बसों के जरिए विभिन्न थानों में भेजा गया। हिरासत में लिए गए लोगों में माकपा (सीपीआई-एम) के सांसद जॉन ब्रिटास समेत कई वामपंथी और क्षेत्रीय दलों के वरिष्ठ नेता शामिल थे। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस ने कानून-व्यवस्था और शांति बनाए रखने की अपील प्रदर्शनकारियों से की है। पुलिस ने बताया कि रविवार को स्थिति नियंत्रण में रही।





पुलिस ने अभिजीत दीपके पर लगाया हिंसा भड़काने का आरोप

दिल्ली पुलिस ने सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके पर कानूनी निर्देशों का पालन नहीं करने और हिंसा भड़काने का आरोप लगाया है। दीपके की हिरासत पर दिल्ली पुलिस ये यह बयान जारी किया। सीजेपी ने रविवार को फिर से जंतर-मंतर पर बड़े प्रोटेस्ट का एलान किया है। हालांकि, दिल्ली पुलिस की जंतर-मंतर पर सुरक्षा कड़ी है। सीजेपी के तीनों बड़े नेताओं अभिजीत दीपके, सौरभ दास और आशुतोष रांका को दिल्ली पुलिस ने कार्यकारी मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जहां से उन्हें रिहा कर दिया गया। रिहाई के बाद दीपके ने फिर से सड़कों पर उतरने का संकल्प दोहराया है, उन्होंने कहा कि विरोध करने से कोई रोक नहीं सकता। दिल्ली पुलिस के उस दावे को भी दीपके ने खारिज किया जिसमें उनके एक साल तक शांति बनाये रखने और 50 हजार के बॉन्ड का जिक्र किया गया था। दीपके ने कहा कि उन्होंने ऐसा कोई बॉन्ड या अंडरटेकिंग साइन नहीं किया है जो उन्हें सड़कों पर उतरने से रोकता हो।

अलग-अलग थानों में करीब 20 एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली। सीजेपी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा जंतर-मंतर के आसपास शनिवार को किए गए प्रदर्शन को लेकर दिल्ली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अलग-अलग थानों में करीब 20 एफआईआर दर्ज की गई हैं। दिल्ली पुलिस के अनुसार, ये सभी एफआईआर धारा 163 के उल्लंघन, पुलिसकर्मियों से मारपीट और पथराव करने आदि के मामले में दर्ज की गई है। सभी एफआईआर अभी अज्ञात के खिलाफ ही दर्ज की गई है। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और जांच से जिनकी संलिप्तता का पता चलेगा, पुलिस उन्हें मुकदमे में आरोपी बनाएगी। पुलिस प्रवक्ता राजीव रंजन ने रविवार को कहा कि शनिवार को पूरी दिल्ली में वामपंथी संगठनों और आम आदमी पार्टी ने जगह-जगह प्रदर्शन कर पुलिस के कार्यों में बाधा पहुंचाने की कोशिश की, जिससे पुलिस को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। अब केवल सीजेपी द्वारा दोबारा कॉल साइन देने से उनसे बेहद आसानी से निपटा जा सकेगा।

यातायात संबंधी प्रतिबंध दूसरे दिन भी लागू

नई दिल्ली। सीजेपी द्वारा फिर से प्रदर्शन का आह्वान किए जाने के बीच रविवार को लगातार दूसरे दिन दिल्ली के कई इलाकों में यातायात संबंधी कड़े प्रतिबंध लागू रहे। यातायात पुलिस द्वारा जारी परामर्श के अनुसार, सुबह छह बजे से ही वाहनों के मार्गों में बदलाव किया गया। लुटियंस दिल्ली में जंतर-मंतर, कनॉट प्लेस, मंडी हाउस, पटेल चौक और कई अन्य प्रमुख चौराहों के आसपास यातायात प्रभावित रहा। प्रभावित मार्गों में अशोक रोड-जंतर-मंतर रोड गोलचक्कर, टॉलस्टॉय मार्ग-जनपथ चौराहा, जय सिंह रोड-संसद मार्ग चौराहा, रेल भवन गोलचक्कर, पटेल चौक, गोल डाकखाना और कनॉट प्लेस के आसपास के कई चौराहे शामिल रहे। इसके अलावा, मंडी हाउस, मिंटो रोड-दीन दयाल उपाध्याय मार्ग चौराहा, लोधी रोड फ्लाईओवर, नीला गुंबद गोलचक्कर, सम्राट होटल गोलचक्कर, सरदार पटेल मार्ग-पंचशील मार्ग चौराहा तथा भीकाजी कामा प्लेस और मोती बाग फ्लाईओवर के नीचे बने अंडरपास पर भी यातायात प्रभावित रहा। यातायात पुलिस ने लोगों को गैर-जरूरी यात्रा से बचने और विशेष रूप से रेलवे स्टेशन, अंतरराज्यीय बस अड्डों तथा हवाई अड्डे जाने के लिए पर्याप्त अतिरिक्त समय लेकर घर से निकलने की सलाह दी है। पुलिस ने बताया कि स्थिति का आकलन करने के बाद प्रतिबंधों में ढील दी जाएगी या उनमें बदलाव किया जाएगा।



दिल्ली में चल रहा 'कौन बड़ा अराजक' का खेल : मल्होत्रा

नई दिल्ली। राहुल गाँधी एवं अरविंद केजरीवाल के बीच 'कौन बड़ा अराजक' का खेल चल रहा है और इनके इस खेल में दिल्ली वाले बंधक बन कर रह गए हैं और इसके चलते दिल्ली का मजदूर वर्ग, व्यापारी वर्ग बर्बाद हो रहा है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने रविवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए यह बयान जारी किया। उन्होंने विपक्षी दलों के नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्षों से टीवी पर 'कौन बनेगा करोड़पति' का खेल देखते रहे है लेकिन पिछले कुछ समय से यह देश खासकर दिल्ली वाले एक नया खेल देख रहे हैं जिसका नाम है 'कौन बड़ा अराजक।' उन्होंने कहा कि विगत 2 वर्ष से राहुल गाँधी एवं अरविंद केजरीवाल के बीच एक मुकाबला चल रहा है जो अब मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की आड़ में अपनी पीक पर पहुंच गया है और यह दोनों यह स्थापित करने में लगे हैं कि 'कौन बड़ा अराजक' है। मल्होत्रा ने कहा कि देश की जनता द्वारा चुनाव दर चुनाव नकारे जा रहे राहुल गाँधी एवं अरविंद केजरीवाल अब पिछले एक हफ्ते से दिल्ली को बंधक बना कर यह स्थापित करना चाह रहे हैं कि कौन ज्यादा तमाशा कर सकता है। 5 से 7 अक्टूबर 3 दिन आम आदमी पार्टी ने तमाशा किया तो 8 एवं 9 अक्टूबर को कांग्रेस ने खान चाचा से नाश्ता करके और सागर रत्ना में लंच करके प्रदर्शन का नाटक किया।

रविवार को सामान्य रहा मेट्रो का परिचालन



नई दिल्ली। जंतर मंतर पर सीजेपी व अन्य संगठनों द्वारा लगातार दूसरे दिन रविवार को भी प्रदर्शन करने की खबरों के बावजूद डीएमआरसी के सभी स्टेशन सामान्य तरीके से खुले रहे। रविवार वीकेंड होने के चलते यह कयास लगाए जा रहे थे कि एक बार फिर सीजेपी व अन्य संगठन प्रदर्शन के लिए जंतर मंतर पर पहुंच सकते है। ऐसे में यह कयास भी लगाए जा रहे थे कि डीएमआरसी एक बार फिर सुरक्षा एजेंसियों के अनुरोध पर चुनिंदा स्टेशनों को पुन बंद कर सकता है। लेकिन देर रात तक ऐसा नहीं हुआ, सभी स्टेशन सामान्य रूप से खुले रहे। बता दें कि सभी 45 मेट्रो स्टेशनों को 24 घंटे बाद शनिवार देर रात दस बजे ही खोल दिया गया था। इस बारे में डीएमआरसी ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर लोगों को जानकारी दी कि दिल्ली मेट्रो नेटवर्क के सभी मेट्रो स्टेशनों के एंट्री और एग्जिट गेट अब खुल गए हैं। सभी संबंधित मेट्रो स्टेशनों पर इंटरचेंज की सुविधा भी उपलब्ध है।

यूट्यूबर ध्रुव राठी को हिरासत से रिहा किया गया, पुलिस पर लगाया अपहरण का आरोप



नई दिल्ली। जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के विरोध प्रदर्शन से पहले शनिवार को दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए यूट्यूबर ध्रुव राठी को शनिवार देर रात रिहा कर दिया गया। पुलिस सूत्रों ने कहा कि अगर राठी निषेधाज्ञा लागू होने के बावजूद जंतर-मंतर जाने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें दोबारा हिरासत में लिया जा सकता है या उनके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। उधर राठी ने दिल्ली पुलिस पर अपने अपहरण का आरोप लगाया है। राठी को शनिवार को गुरुग्राम के सेक्टर-56 स्थित उनके आवास से

महिलाओं और ट्रांसजेंडर्स के लिए 'दुर्गा ई-ऑटो स्कीम' शुरू कर रही सरकार: पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- स्कीम के तहत पहले चरण में 1300 पिंक ई-ऑटो किए जाएंगे आवंटित
- 1170 महिलाओं और 130 ऑटो ट्रांसजेंडर लाभार्थियों के लिए आरक्षित

दिल्ली सरकार महिलाओं और ट्रांसजेंडरों के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और सतत स्वरोजगार का अवसर मुहैया करवाने के साथ ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए दुर्गा (ड्राइविंग, उत्थान और रोज़गार) ई-ऑटो योजना शुरू करने जा रही है। दिल्ली सरकार की इस पहल के बारे में बात करते हुए परिवहन मंत्री डॉ पंकज कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि दुर्गा स्कीम सामाजिक सशक्तिकरण और आर्थिक उत्थान को एक साथ लाने के लिए हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मंत्री डॉ. पंकज ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कुशल नेतृत्व में दिल्ली कैबिनेट द्वारा मंजूर की गई इस स्कीम के तहत पहले चरण में 1300 पिंक इलेक्ट्रिक ऑटो आवंटित किए जाएंगे। इनमें से 1170 इलेक्ट्रिक ऑटो महिला लाभार्थियों के लिए और 130 ऑटो ट्रांसजेंडर लाभार्थियों के लिए आरक्षित होंगे। परिवहन मंत्री ने बताया कि दुर्गा स्कीम का मकसद सिर्फ इलेक्ट्रिक वाहनों का आवंटन करना नहीं है, बल्कि इसका मुख्य मकसद महिलाओं और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए आजीविका के नए अवसर उपलब्ध कराना, उन्हें ट्रांसपोर्ट सेक्टर में अधिक सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना और आत्मनिर्भर बनाना है। इन लाभार्थियों द्वारा चलाई जाने वाली इलेक्ट्रिक ऑटो के माध्यम से हमारी सरकार लोगों का भरोसा मजबूत करना, साफ-सुथरी मोबिलिटी को बढ़ावा देना और 'लास्ट-माइल ट्रांसपोर्टेशन' को और अधिक सुलभ और समावेशी बनाना चाहती हैं। दिल्ली सरकार के इस पहल का मकसद राजधानी दिल्ली में साफ-सुथरी और ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देना है। दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ पंकज कुमार सिंह ने कहा कि पिंक इलेक्ट्रिक ऑटो की शुरुआत होने से पब्लिक ट्रांसपोर्ट में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने, रोजगार के अवसर बेहतर होने और पर्यावरण अनुकूल साफ़-सुथरा ट्रांसपोर्ट सिस्टम बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। महिलाओं और ट्रांसजेंडर द्वारा चलाए जाने वाले ऑटो से दिल्ली में यात्रियों का भरोसा बढ़ेगा और सुबह-सवेरे और देर शाम के समय 'लास्ट-माइल' कनेक्टिविटी की सुविधा को मजबूती मिलेगी।

मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने बताया कि परिवहन विभाग ने कामकाज को आसान बनाने के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) और नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन से मेट्रो और नमो भारत रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम स्टेशनों पर विशेष पार्किंग और चार्जिंग स्लॉट उपलब्ध करवाने की भी मांग की है, ताकि इनका संचालन सुचारु रूप से हो सके।

50 लाख के अवैध पटाखे जब्त, दो लोग गिरफ्तार



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने जामा मस्जिद इलाके में एक दुकान के ऊपर बने गुप्त कमरे से करीब 590 किलोग्राम अवैध पटाखे जब्त किये हैं। इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। जब्त किये गये पटाखों की कीमत लगभग 50 लाख रुपये आंकी गई है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की सतर्कता शाखा ने पुख्ता सूचना के आधार पर बाजार गुलियान स्थित एक दुकान पर अचानक छापा मारा। दुकान की छत में लकड़ी का एक गुप्त पैनल मिला, जिसे खोलने पर अंदर एक बड़ा भंडारण कक्ष दिखाई दिया। चैक करने पर वहां अलग-अलग किस्म के पटाखे मिले। पुलिस के अनुसार पकड़े गए लोगों के नाम जानकी दास और अभीक दास बताये गये हैं। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान उन्होंने खुलासा कि ये पटाखे किसी अन्य व्यक्ति ने उन्हें दिये थे। इस संबंध में जामा मस्जिद थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस पटाखों की आपूर्ति करने वाले व्यक्ति और इस मामले में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने के लिए मामले की जांच कर रही है।

छात्रों पर हमले के आरोप में हिंदू रक्षा दल से जुड़े चार लोग अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- कमला मार्केट थाने में दर्ज की गई एफआईआर

सीजेपी के शनिवार को हुए प्रदर्शन के दौरान दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग पर छात्रों के साथ कथित तौर पर मारपीट और महिलाओं के साथ हाथापाई करने के मामले में दक्षिणपंथी संगठन हिंदू रक्षा दल के सदस्य होने का दावा करने वाले चार लोगों को दिल्ली पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में कमला मार्केट थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि ये गिरफ्तारियां घटना का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हुई। वीडियो में कुछ लोग डीडीयू मार्ग के एक हिस्से में युवाओं के साथ मारपीट करते और महिलाओं के साथ हाथापाई करते दिख रहे हैं। वीडियो में घटना के दौरान मौके पर एक पुलिसकर्मी भी दिखाई दे रहा है जो हमलावरों को समझाने का प्रयास करता है। यह हमला सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान बड़े पैमाने पर लोगों को हिरासत में लिए जाने के बीच किया गया था। पकड़े गये आरोपियों के नाम रमन सैनी (50), विवेकानंद उर्फ विवेक (32), कपिल कुमार (27) और रविंदर सिंह उर्फ गोविंद हिंदू (35) बताये गये हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्रदर्शन के पहले दिन से ही यह वीडियो सोशल मीडिया समूहों में प्रसारित होने लगा था। उस समय छात्र राजधानी में विभिन्न स्थानों पर एकत्र होने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, घटना का सटीक स्थान तत्काल पता नहीं चल पाया था। बाद में की गई जांच और सत्यापन के दौरान शहर में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने घटनास्थल की पहचान की। पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली थी। हालांकि, वीडियो सामने आने के बाद पुलिस को खुफिया जानकारी मिली कि घटना में कथित तौर पर शामिल लोग कार्रवाई से बचने के लिए दिल्ली-एनसीआर से भागने की कोशिश कर सकते हैं जिसके बाद पुलिस ने खुद कार्रवाई करते हुये चारों लोगों का पता लगाया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

गुरुद्वारा कमेटी ने केजरीवाल के खिलाफ दर्ज की शिकायत

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से डीसीपी कार्यालय, पार्लियामेंट स्ट्रीट में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। कमेटी अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका व जगदीप सिंह काहलों के अनुसार आप संयोजक केजरीवाल प्रदर्शन की आड़ में राजनीतिक रोटियां सेंक रहे है। केजरीवाल ने शनिवार को अपनी आप पार्टी के कार्यकर्ताओं को विरोध प्रदर्शन के नाम पर गुरुद्वारा बंगला साहिब में नारेबाजी करवाई, जोकि बेहद शर्मसार करने वाली कृत्य है। उन्होंने कहा कि गुरु घर की मर्यादा सर्वोपरि है, इसमें किसी भी प्रकार का व्यवधान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केजरीवाल ने अपने राजनीतिक कार्यकर्ताओं को भेजकर गुरुद्वारा बंगला साहिब में राजनीतिक नारेबाजी करवाई और एक गलत नैरेटिव बनाने का प्रयास किया। जानबूझकर भ्रामक वीडियो जारी किए गए और गुरु घर को बदनाम करने की साजिश की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि एक सोची-समझी योजना के तहत यह नारेबाजी करवाई गई और इसके बाद सोशल मीडिया पर इस मामले में पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर झूठा प्रचार किया गया। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि पुलिसकर्मी अशोका रोड की ओर से गुरु घर में दाखिल हुए थे और उन्होंने केवल इन प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई की। कोई भी पुलिसकर्मी गुरुद्वारा बंगला साहिब के दरबार हॉल की सीढ़ियों तक नहीं गया। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिसकर्मी अशोका रोड की ओर से गुरुद्वारा परिसर में दाखिल हुए और बाद में दूसरे गेट से पुलिस मुख्यालय की ओर बाहर निकल गए।

'संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की कोशिशों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा'

दिल्ली को बंधक नहीं बनने देंगी सरकार : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली को बंधक बनाने या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की कोशिशों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दिल्ली के जंतर मंतर पर शनिवार को हुए घटनाक्रम के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को यह बयान जारी किया। उन्होंने दो टूक शब्दों कहा कि दिल्ली सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा, सुविधा और शहर की सामान्य व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली के नागरिकों को किसी भी तरह की अनावश्यक परेशानी नहीं होने दी जाएगी। आम नागरिकों की सुरक्षा, सुविधा और शहर की व्यवस्था बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है। दिल्ली की जनता के हितों की रक्षा के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली में फिलहाल अराजकता फैलाने, आम नागरिकों को परेशान करने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने वालों पर सख्त रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि देश के हित और विकास से ऊपर अपना स्वार्थ रखने वाले तथा देश की तरक्की से तकलीफ महसूस करने वाले लोगों को मां सद्बुद्धि दें। जो लोग देश के बारे में नहीं सोच सकते, देशहित में आगे नहीं बढ़ सकते और देश की प्रगति में खुशी महसूस नहीं कर सकते, उनसे दिल्लीवासियों का कोई सरोकार नहीं है। लोकतंत्र में हर व्यक्ति को अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन विरोध के नाम पर आम जनता को परेशान करना, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना और शहर की सामान्य व्यवस्था बाधित करना उचित नहीं है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शारदीय नवरात्रि के प्रथम पावन दिवस पर रविवार को झंडेवालान मंदिर पहुंचकर मां भगवती के दिव्य दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

अर्जुन अवार्डी पवन का सम्मान देश की खेल प्रतिभाओं का सम्मान : रविन्द्र इन्द्राज



नई दिल्ली। अर्जुन अवार्डी पवन सहरावत का सम्मान देश की खेल प्रतिभाओं और युवाओं का सम्मान है। एशियाई खेलों में लगातार दो स्वर्ण पदक जीतकर पवन सहरावत ने देश का गौरव बढ़ाया है और वे युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बने हैं। दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं बवाना विधानसभा क्षेत्र के विधायक रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने रविवार को अर्जुन अवार्डी एवं भारतीय कबड्डी खिलाड़ी पवन सहरावत के सम्मान में यह बात कही। इस अवसर पर समस्त दिल्ली देहात एवं दिल्ली जाट समाज की ओर से आयोजित भव्य नागरिक अभिनंदन एवं सम्मान समारोह में सम्मिलित होकर पवन सहरावत को सम्मानित किया। मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि पवन सहरावत ने अपनी असाधारण खेल प्रतिभा, अनुशासन, मेहनत और अदम्य इच्छाशक्ति के बल पर देश का मान बढ़ाया है। उनकी उपलब्धियाँ भारतीय खेल जगत के लिए गौरव का विषय हैं और देश के युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा देती हैं। इस समारोह में सांसद योगेंद्र चंदोलिया, उत्तर-पश्चिम जिला भाजपा अध्यक्ष विनोद सहरावत, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, रिठाला विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलवंत राणा, मुंडका विधानसभा क्षेत्र के विधायक गजेंद्र दराल, नरेला विधानसभा क्षेत्र के विधायक राज करण खत्री तथा निगम पार्षद अंजू अमन डाबस एवं दीपक डबास सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने पवन सहरावत को उनकी ऐतिहासिक खेल उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पवन सहरावत भविष्य में भी अपने शानदार प्रदर्शन से भारतीय कबड्डी को नई ऊँचाइयों तक ले जाएंगे और देश का गौरव बढ़ाते रहेंगे।

'नागरिकों की सुरक्षा से नहीं किया जाएगा कोई समझौता'

■ अवैध निर्माण और असुरक्षित इमारतों पर जारी रहेगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में नागरिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और अवैध निर्माण और सुरक्षित इमारतों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को निगम प्रशासन को निर्देश देते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) राजधानी में अवैध निर्माण और खतरनाक भवनों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और संभावित हादसों को रोकने के लिए ऐसे भवनों को तोड़फोड़ करने के साथ-साथ नियमों का उल्लंघन करने वाली संपत्तियों को सील भी किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने निगम को निर्देश दिए हैं कि राजधानी में अवैध इमारतों के विरुद्ध तोड़फोड़ की कार्रवाई लगातार जारी रखी जाए और इसे और तेज किया जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि 6 सितंबर से 10 अक्टूबर के बीच दिल्ली नगर निगम ने सभी 12 जोन में 1,046 संपत्तियों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। इस अवधि में 282 संपत्तियों को सील किया गया और 47 खतरनाक इमारतों को गिराया गया। उन्होंने बताया कि ये कार्रवाई अवैध निर्माण, खतरनाक भवनों और भवन निर्माण नियमों के उल्लंघन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अवैध निर्माण और असुरक्षित इमारतों के मामलों में संबंधित एजेंसियों को नियमों के अनुसार कार्रवाई करनी होगी। जहां तोड़फोड़ जरूरी है, वहां इमारतों को गिराया जाएगा और जहां आवश्यक हो, संपत्तियों को सील किया जाएगा। यह कार्रवाई किसी एक इलाके तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि दिल्ली के सभी जोन में जारी रहेगी। सरकार का स्पष्ट उद्देश्य नियमों का पालन सुनिश्चित करना और संभावित हादसों के जोखिम को कम करना है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि दिल्ली में अवैध निर्माण और खतरनाक इमारतों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। शासन का लक्ष्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि ऐसी स्थिति सुनिश्चित करना है जिसमें भवन निर्माण नियमों का पालन हो और नागरिकों की सुरक्षा को खतरा पैदा करने वाले निर्माणों पर समय रहते कदम उठाए जा सकें।

सभी 12 जोन में कार्रवाई, नरेला से दक्षिण दिल्ली तक अभियान

सरकार से मिली जानकारी के अनुसार, 6 सितंबर से 10 अक्टूबर के बीच नरेला जोन में 62, रोहिणी में 158, सिविल लाइंस में 63, केशवपुरम में 61, सिटी एसपी जोन में 87, करोल बाग में 85, शाहदरा साउथ में 87, शाहदरा नॉर्थ में 115, वेस्ट जोन में 87, नजफगढ़ में 45, सेंट्रल जोन में 75 और साउथ जोन में 121 संपत्तियों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। इसी दौरान नरेला में एक, रोहिणी में दो, सिविल लाइंस में आठ, केशवपुरम में 20, सिटी एसपी जोन में 87, करोल बाग में 11, शाहदरा साउथ में 27, शाहदरा नॉर्थ में 41, वेस्ट जोन में 23, नजफगढ़ में तीन, सेंट्रल जोन में 18 और साउथ जोन में 41 संपत्तियों को सील किया गया। इस तरह सभी 12 जोन में कुल 282 संपत्तियों पर सीलिंग की कार्रवाई की गई।

चलो यमुना अभियान के तहत 18 अक्टूबर को छात्र करेंगे नदी की सफाई

नई दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड चलो यमुना अभियान में शामिल होने के लिए आगामी 18 अक्टूबर को आम लोगों के अलावा दिल्ली विश्वविद्यालय के 30 से अधिक कॉलेजों में पढ़ने वाले लाखों छात्र-छात्राएं भी पहुंचेंगे। खबर है कि डीजेबी के इस मेगा इवेंट में सीएम रेखा गुप्ता के अलावा जल मंत्री प्रवेश वर्मा व डीजेबी उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय सहित कई नामी लोग शामिल होंगें। जानकारी अनुसार कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली सरकार व डीजेबी द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में पहुंचने वाले लाखों लोग एकजुट होकर यमुना को स्वच्छ, निर्मल और प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प लेंगे। डीजेबी इस अभियान को सफल बनाने के लिए तैयारियों में जुटा है। पोस्टर बैनर से लेकर यमुना की सफाई से जुड़े साजो सामान सहित अन्य की तैयारी कर रहा है। डीजेबी ने लोगों से अपील की है कि आइए, इस जनभागीदारी को साथ मिलकर जन आंदोलन बनाएं और स्वच्छ यमुना, स्वस्थ दिल्ली के संकल्प को साकार करें।

सड़कों पर उड़ती धूल फैला रही प्रदूषण, सरकार के दावे हवा-हवाई

अगर एमसीडी के कर्मचारी नियमित रूप में सही ढंग से सफाई करें तो सड़कों पर नहीं उड़ सकती है धूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की सड़कों पर उड़ती धूल ने सरकार के दावे पर सवाल उठा दिए हैं। रविवार की बात करें तो तेज हवाएं चलने से सड़कों पर धूल के गुबार उठे, जिससे वाहन चालकों और पैदल चलने वाले लोगों को अपनी आंखें तक बंद करनी पड़ी। यूं तो पूरी दिल्ली की सड़कों पर धूल उड़ रही है लेकिन पूर्वी दिल्ली के इलाकों को बुरा हाल है। पूर्वी दिल्ली के विकास मार्ग, लक्ष्मीनगर, मदर डेयरी, अक्षरधाम आदि सड़कों पर धूल उड़ना आम बात है। निर्माण विहार से मदर डेयरी की ओर जाने वाली सड़क की बात करें तो इस सड़क के किनारों पर धूल जमी है और गड्ढों को मिट्टी से भरा गया है। जिससे हवा चलने पर इस सड़क पर भारी मात्रा में धूल उड़ रही है, जिससे राहगीर परेशान हो रहे हैं।

सरकार और निगम दावों की बात करें तो निगम और प्रशासन एंटी-स्मॉग गन और वाटर सप्रिंकलर के जरिए पानी छिड़कने के दावे करता है, लेकिन मौजूदा समय में ये सड़कों पर नजर ही नहीं आ रहे हैं। सड़कों पर पानी का छिड़काव न होने से सड़कों के किनारे जमी धूल उड़ रही है। हर साल प्रदूषण बढ़ने पर आपातकालीन कदम जैसे ग्रैप के चरण लागू कर दिए जाते हैं, लेकिन दीर्घकालिक और ठोस जमीनी नीति के अभाव में जनता हर साल धूल के चक्रव्यूह में फंसने को मजबूर होती है। जब तक सड़कों की स्थिति सुधारने, मैन्युअल सफाई की बजाय प्रभावी मैकेनिकल वैक्यूम क्लीनिंग सुनिश्चित करने और एजेंसियों में जवाबदेही तय करने जैसे बुनियादी कदम कड़ाई से नहीं उठाए जाएंगे, तब तक प्रदूषण नियंत्रण के तमाम सरकारी दावे सिर्फ कागजों और हवा-हवाई वादों तक ही सीमित रहेंगे।

मतदाताओं ने बीएलओ की मदद से जमा किए दस्तावेज

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) कार्यालय ने एसआईआर प्रक्रिया के तहत रविवार 11 अक्टूबर को एक बार फिर राजधानी दिल्ली के सभी बूथों पर स्पेशल कैंप का आयोजन किया। वीकेंड रविवार को आयोजित इन कैंपों में नोटिस मिलने वाले वोटरों सहित नए वोटरों ने अपने दस्तावेज आदि जमा कराए। कैंपों में मौजूद बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) ने मतदाताओं की परेशानियों का हल करने में हर संभव मदद की। रविवार को लगे इन कैंपो में पहुंचे लोगों में नए पात्र नागरिको ने मतदाता सूची में शामिल होने के लिए फॉर्म-6 भरकर जमा कराए। नोटिस मिलने वाले लोगों ने विभिन्न त्रुटियों में सुधार करते हुए अपने दस्तावेज बीएलओ को जमा कराए। इनमें जैसे हिंदी और इंगलिश में नाम की स्पेलिंग में अंतर, जन्मतिथि या पते में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी आदि को ठीक करने के लिए फार्म आदि जमा कराए।

सार्वजनिक यातायात निर्देशिका

दिल्ली पुलिस शांति सेवा न्याय

ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम (BNEF), नई दिल्ली

13 अक्टूबर 2026, प्रातः 07:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक



स्थान : होटल ताज पैलेस, सरदार पटेल मार्ग

डायवर्जन : 09 स्थानों पर

सम्मेलन की तिथियाँ : 13 - 15 अक्टूबर, 2026

नियंत्रित किए जाने वाले मार्ग : 13+ मार्ग





पहले से योजना बनाएँ। समझदारी से यात्रा करें।

ब्लूमबर्ग समिट 2026 की एडवाइजरी अवधि के दौरान सभी डायवर्जन की विस्तृत जानकारी और रियल-टाइम अपडेट के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के ऑनलाइन माध्यमों को फॉलो करें।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस द्वारा जारी · जन-सलाह — अधिक से अधिक साझा करें

DP/9919/2026

01 प्रभावित मार्ग

सरदार पटेल मार्ग – मदर टेरेसा क्रिसेंट – अफ्रीका एवेन्यू रोड (रिंग रोड से आर/ए यशवंत प्लेस तक) – सत्या मार्ग – नीति मार्ग (सत्या मार्ग से पंचशील मार्ग तक) – पंचशील मार्ग (सरदार पटेल मार्ग से आर/ए शांति पथ तक) – ब्रिगेडियर होशियार सिंह मार्ग – विनय मार्ग (आर/ए यशवंत प्लेस से पंचशील मार्ग तक) – शांति पथ (रिंग रोड से पंचशील मार्ग तक) – न्याय मार्ग (सत्या मार्ग से पंचशील मार्ग तक) – चंद्र गुप्त मार्ग – सैन मार्टिन मार्ग – मानस मार्ग – आर्मी बैटल ऑनर्स मेस रोड – अभय मार्ग

02 सभी डायवर्जन प्वाइंट (01-09)

क्र.सं.	डायवर्जन प्वाइंट	अनुमति नहीं है	डायवर्टेड मार्ग / वैकल्पिक मार्ग
01	धौला कुआँ फ्लाईओवर (DKFO)	सरदार पटेल मार्ग	पूर्वी/दक्षिणी दिल्ली के लिए – रिंग रोड (MGM) नई दिल्ली/कनॉट प्लेस/मध्य/उत्तरी/पश्चिमी दिल्ली के लिए – वंदे मातरम् मार्ग
02	वंदे मातरम् मार्ग – साइमन बोलिवर मार्ग क्रॉसिंग	साइमन बोलिवर मार्ग	पूर्वी/दक्षिणी दिल्ली के लिए – वंदे मातरम् मार्ग – DKFO – रिंग रोड (MGM) नई दिल्ली/कनॉट प्लेस के लिए – वंदे मातरम् मार्ग – शंकर रोड से दाएँ मुड़ें मध्य/उत्तरी दिल्ली के लिए – वंदे मातरम् मार्ग से झंडेवालान की ओर पश्चिमी दिल्ली के लिए (i) – वंदे मातरम् मार्ग – शंकर रोड से बाएँ मुड़ें (ii) – वंदे मातरम् मार्ग – DKFO की ओर – रिंग रोड (MGM) से दाएँ मुड़ें
03	आर/ए राम मनोहर लोहिया अस्पताल (RML)	मदर टेरेसा क्रिसेंट	नई दिल्ली/मध्य/उत्तर/पूर्वी दिल्ली के लिए – बाबा खड़क सिंह मार्ग दक्षिणी दिल्ली के लिए – शेख मुजीबुर रहमान मार्ग – शंकर रोड – वंदे मातरम् मार्ग पश्चिमी दिल्ली के लिए – शेख मुजीबुर रहमान मार्ग – शंकर रोड
04	सरदार पटेल मार्ग – मदर टेरेसा क्रिसेंट क्रॉसिंग	सरदार पटेल मार्ग	दक्षिणी दिल्ली के लिए – मदर टेरेसा क्रिसेंट – आर/ए तीन मूर्ति – तीन मूर्ति मार्ग – सफदरजंग रोड पूर्वी दिल्ली के लिए – मदर टेरेसा क्रिसेंट – आर/ए तीन मूर्ति – तीन मूर्ति मार्ग – अकबर रोड पश्चिमी/मध्य/उत्तरी दिल्ली के लिए – मदर टेरेसा क्रिसेंट – आर/ए RML
05	आर/ए तीन मूर्ति	मदर टेरेसा क्रिसेंट की ओर	पश्चिमी/मध्य/उत्तरी दिल्ली के लिए – तीन मूर्ति मार्ग – अकबर रोड – जनपथ
06	आर/ए पंचशील मार्ग – शांति पथ	पंचशील मार्ग की ओर	पश्चिमी/पूर्वी/दक्षिणी दिल्ली के लिए – पंचशील मार्ग – मुस्तफा कमाल अतातुर्क मार्ग – ए.पी.जे. अब्दुल कलाम रोड – तुगलक रोड या अरबिंदो मार्ग मध्य/उत्तरी दिल्ली के लिए – पंचशील मार्ग – मुस्तफा कमाल अतातुर्क मार्ग – ए.पी.जे. अब्दुल कलाम रोड – तुगलक रोड
07	रिंग रोड – अफ्रीका एवेन्यू क्रॉसिंग	अफ्रीका एवेन्यू की ओर	मध्य/पश्चिमी/उत्तरी दिल्ली के लिए – रिंग रोड – धौला कुआँ की ओर नई दिल्ली/पूर्वी दिल्ली के लिए – रिंग रोड – एम्स की ओर
08	रिंग रोड – मोती बाग क्रॉसिंग	शांति पथ	मध्य/पश्चिमी/उत्तरी दिल्ली के लिए – रिंग रोड – धौला कुआँ की ओर नई दिल्ली/पूर्वी दिल्ली के लिए – रिंग रोड – एम्स की ओर
09	रिंग रोड – सैन मार्टिन मार्ग क्रॉसिंग	सैन मार्टिन मार्ग	मध्य/पश्चिमी/उत्तरी दिल्ली के लिए – रिंग रोड – धौला कुआँ की ओर नई दिल्ली/पूर्वी दिल्ली के लिए – रिंग रोड – एम्स की ओर

03 वैकल्पिक मार्ग — रेलवे स्टेशन एवं हवाई अड्डा

नई दिल्ली/पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन
मार्ग ए – धौला कुआँ फ्लाईओवर – वंदे मातरम् मार्ग
मार्ग बी – एम्स फ्लाईओवर – अरबिंदो मार्ग – अरबिंदो चौक की ओर

नई दिल्ली/मध्य/उत्तरी दिल्ली से
मार्ग – ए – टी3 – रिंग रोड – एम्स चौक – मोती बाग चौक – RTR मार्ग – शंकर विहार फ्लाईओवर के नीचे से – संजय टी-पॉइंट – सर्विस रोड – NH-48 – महिपालपुर फ्लाईओवर के नीचे से – रंगपुरी – टी-3 रोड
मार्ग – बी – वंदे मातरम् मार्ग – धौला कुआँ फ्लाईओवर – गुरुग्राम रोड (NH-48) – महिपालपुर फ्लाईओवर के नीचे से – रंगपुरी – टी-3 रोड

04 परिवहन सेवाएँ

बस — VVIP आवागमन के दौरान बसों के मार्ग में डायवर्जन संभव है।

मेट्रो — सभी स्टेशनों पर मेट्रो सेवा पूरी तरह संचालित रहेगी – कोई व्यवधान नहीं होगा।

टैक्सी/ऑटो — निर्धारित स्थानों को छोड़कर सड़क किनारे पार्किंग की अनुमति नहीं होगी; मार्ग में डायवर्जन संभव है।

05 महत्वपूर्ण निर्देश एवं जन-सलाह

प्राथमिकता वाले मार्ग एवं छूट
- आपातकालीन एवं चिकित्सा वाहन: दिल्ली भर में 24×7 प्राथमिकता एवं निर्बाध आवागमन सुनिश्चित किया जाएगा।
- आवश्यक सेवाएँ एवं उपयोगिताएँ: सभी क्षेत्रों में आवश्यक आपूर्ति एवं उपयोगिता सेवाओं के संचालन के लिए निर्बाध आवागमन की अनुमति होगी।

यात्रा योजना एवं जन आवागमन
- परिवहन केंद्र: हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों और ISBT की ओर जाते समय अतिरिक्त यात्रा समय लेकर चलें।
- सार्वजनिक परिवहन एवं मार्ग: सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें तथा निर्धारित वैकल्पिक मार्गों और डायवर्जन प्वाइंट का पालन करें।
- वाणिज्यिक यातायात: दिल्ली में गंतव्य न रखने वाले वाणिज्यिक वाहनों के दिल्ली में प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा।

यातायात नियम एवं पार्किंग
- निर्धारित पार्किंग: केवल अधिकृत पार्किंग स्थलों पर ही वाहन पार्क करें और सड़क किनारे पार्किंग से बचें।
- सड़क अनुशासन: तैनात यातायात पुलिस कर्मियों के निर्देशों का पालन करें और धैर्यपूर्वक सभी यातायात नियमों का पालन करें।

जन सुरक्षा एवं नवीनतम जानकारी
- सुरक्षा सतर्कता: किसी भी अज्ञात वस्तु या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल निकटतम पुलिसकर्मी को दें।
- रियल-टाइम जानकारी: दिल्ली पुलिस के आधिकारिक सोशल मीडिया चैनलों और ट्रैफिक पोर्टल के माध्यम से नवीनतम जानकारी प्राप्त करते रहें।
- जन सहयोग: सुगम यातायात एवं सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आम जनता से सहयोग की अपील की जाती है।

आम जनता और वाहन चालक दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की वेबसाइट https://traffic.delhipolice.gov.in, फेसबुक पेज https://www.facebook.com/dtptraffic, X हैंडल https://X@dtptraffic, के माध्यम से अपडेट रह सकते हैं। इंस्टाग्राम पेज https://www.instagram.com/dtptraffic

यातायात प्रहरी बनें Google play or App Store से ऐप डाउनलोड करें | 24 घंटे यातायात हेल्पलाइन: 011-25844444/1095 | यातायात व्हाट्सएप हेल्पलाइन 8750871493 | आतंकवाद विरोधी गतिविधियों की सूचना देने के लिए कॉल करें 14547 | तुरंत पुलिस सहायता के लिए 112 नम्बर पर कॉल करें

खबर संक्षेप

सिद्धपीठ देवी मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

गाजियाबाद। पूरे देश में आज से शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व की शुरुआत हो गई है। गाजियाबाद के



करीब 5000 वर्ष पुराने सिद्धपीठ देवी मंदिर में सुबह से ही माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। भक्त माता रानी के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं।मान्यता है कि इस प्राचीन मंदिर में देवी ने बाल स्वरूप में भक्तों को दर्शन दिए थे।

जब थानेदार साहब दरोगा थाने में ही भिड़े

गाजियाबाद। मधुबन बापूधाम थाने का परिसर जंग का अखाड़ा बन गया। थाने में ही थानेदार दरोगा



से भिड़ गए। दोनों में जमकर मुंहभाषा हुई। थाने में बैठे एक फ़रियादी ने वीडियो बना कर वायरल कर दी।। दावा है की छुट्टी देने से इंकार करने पर विवाद हुआ था। 10 मधुबन-बापूधाम थाने के प्रभारी राम किसन सिंह और दरोगा भूदेव त्यागी किस प्रकार से आपस मे थाना परिसर मे ही लड़ते नजर आ रहे है।

आईएमए की वार्षिक जनरल बॉडी मीटिंग आयोजित

फरीदाबाद। आईएमए की वार्षिक जनरल बॉडी मीटिंग का आयोजन किया गया। डॉ अनुज ढींगरा द्वारा



पिछली गवर्निंग बॉडी मीटिंग के मिनट्स को प्रस्तुत किया गया और पास कराया गया। अगले दो वर्षों की कार्यकारिणी के चुनावों के लिए निर्णय लिया गया। सदस्यों द्वारा आईएमए के नाम को गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर शो कॉस नोटिस देने का निर्णय लिया गया।

दिल्ली मेरठ मार्ग पर रोडवेज बस पलटी,20 घायल

गाजियाबाद। दिल्ली मेरठ मार्ग पर गंगनहर के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस अनियंत्रित होकर



पलट गई। जिसमें 22 यात्री घायल हो गए। घायलों को मोदीनगर व मुरादनगर के निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। रुड़की रोडवेज डिपो की बस दिल्ली से हरिद्वार जा रही थी। दिल्ली मेरठ मार्ग पर गंग नहर पुल पहुंची तो अचानक ओवरटेक के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गई।

पुलिस मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी घायल

गाजियाबाद। क्राइम ब्रांच व थाना लिंक रोड पुलिस ने शनिवार की रात में मुठभेड़ के दौरान थाना 50



हजार का ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। वह अन्तर्राज्यीय शातिर वाहन चोर है। पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। उसके कब्जे से थाना लिंक रोड क्षेत्र से चोरी फॉर्चूनर कार बरामद हुई है। एक अन्य अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा।

पंखे से लटका मिला महिला इंजीनियर का शव

गाजियाबाद। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के नीतिखंड-एक स्थित पीजी में महिला इंजीनियर का शव पंखे पर



लटका मिला। पुलिस को सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर बिसरा सुरक्षित कर लिया गया है। पुलिस इंजीनियर का मोबाइल कब्जे में लेकर जांच में जुटी है। मूलरूप से शामली निवासी शिवांगी नीतिखंड-एक स्थित पीजी में दो माह से किराए पर रहती थीं।

करीब 6 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान

गुरुग्राम-फरीदाबाद-नोएडा नमो भारत ट्रेन प्रोजेक्ट पर अगले हफ्ते मुहर संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

गुरुग्राम-फरीदाबाद-नोएडा नमो भारत आरआरटीएस कॉरिडोर परियोजना पर अगले सप्ताह अंतिम मुहर लगने की उम्मीद है। इसे लेकर दिल्ली और गुरुग्राम की संयुक्त टीम ने फरीदाबाद में प्रस्तावित रूट का निरीक्षण किया। टीम ने बिजली की हाईटेंशन लाइन, टावर, सब स्टेशन और पेयजल पाइपलाइन समेत अन्य तकनीकी बाधाओं का जायजा लिया। इन्हें शिफ्ट करने पर सहमति बनी है। इस काम पर करीब छह करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है।

हरियाणा और केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद परियोजना की तैयारियां तेज हो गई हैं। पांच सदस्यीय टीम ने गुरुग्राम मोड़ से सैनिक कॉलोनी, बाटा चौक और ग्रेटर फरीदाबाद तक प्रस्तावित रूट का निरीक्षण किया। टीम में आरआरटीएस के डिप्टी चीफ इंजीनियर प्रदीप यादव, कंसल्टेंट, एचएसवीपी के एसडीओ और जेई तथा एफएमडीए के कार्यकारी अभियंता केएस पठानिया शामिल रहे।

निरीक्षण में तीन स्थानों पर 66 केवी बिजली लाइनें परियोजना के रास्ते में बाधा बनती मिलीं। इन्हें शिफ्ट करने के साथ बिजली के टावर भी हटाए जाएंगे। वहीं, सेक्टर-28 और 29 के रूट पर आ रही पेयजल पाइपलाइन को भी दूसरी जगह शिफ्ट करना होगा।

> नमो भारत ट्रेन का इंतजार कर रहे फरीदाबाद वासियों के लिए अच्छी खबर है। गुरुग्राम-फरीदाबाद और नोएडा आरआरटीएस प्रोजेक्ट को जल्द फाइनल मुहर लगने जा रही है। इस रूट पर नमो भारत ट्रेन चलने से एनसीआर के तीन बड़े शहर आपस में कनेक्ट हो जाएंगे...

66 केवी बिजली लाइनें परियोजना के रास्ते मं बाधा बनती दिखाई दी



एक ही ट्रैक पर दौड़ेंगी दो तरह की ट्रेन

परियोजना में फरीदाबाद में लगभग 16 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर प्रस्तावित है। सैनिक कॉलोनी, एनआईटी, बाटा चौक और सेक्टर-87/88 चौक प्रमुख स्टेशन होंगे। कॉरिडोर गुरुग्राम से फरीदाबाद होते हुए नोएडा की ओर जाएगा। इसकी खासियत यह है कि एक ही ट्रैक पर नमो भारत और लोकल मेट्रो ट्रेनें चल सकेंगी।

गुरुग्राम मोड़ पर फ्लाईओवर की भी जांच

टीम ने गुरुग्राम मोड़ पर आरआरटीएस और ईस्ट-वेस्ट परियोजना के प्रस्तावित एलिवेटेड फ्लाईओवर का भी निरीक्षण किया। इसका उद्देश्य दोनों परियोजनाओं के निर्माण और आपसी जुड़ाव में आने वाली तकनीकी अड़चनों को दूर करना है। अगले सप्ताह मंत्रालय में होने वाली बैठक में परियोजना के प्रस्तावों पर चर्चा की उम्मीद है।

पीएम मोदी ने किया दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य

17 अक्टूबर को पलवल में दिव्यांगजनों को वितरित किए जाएंगे नि:शुल्क ई-स्कूटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सेवा संकल्प अभियान तहत आज रविवार को सेक्टर-27 स्थित रुद्रा बैंक्वेट हॉल में दिव्यांगजनों के लिए दूसरा निःशुल्क ई-स्कूटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार में केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए एलिम्को एवं विभिन्न सीएसआर संस्थाओं के सहयोग से लगभग 100 दिव्यांगजनों को निःशुल्क ई-स्कूटर वितरित किए। ताकि दिव्यांगजन अधिक आत्मनिर्भर बन सकें और उन्हें आवागमन में सुविधा मिल सके। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांगजनों, उनके परिजनों तथा आयोजन में सहयोग देने वाले सभी संस्थानों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं भी दीं।

> भारत सरकार में केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए एलिम्को एवं विभिन्न सीएसआर संस्थाओं के सहयोग से लगभग 100 दिव्यांगजनों को नि:शुल्क ई.स्कूटर वितरित किए...

संस्थानों, उद्योग जगत को नवरात्रि की शुभकामना दी



सम्मान, समान अवसर और सहयोग के अधिकारी

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं और वे दया नहीं, बल्कि सम्मान, समान अवसर और सहयोग के अधिकारी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और अधिकारों को मजबूत करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों ने खेल, शिक्षा, प्रशासन, इंजीनियरिंग और चिकित्सा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है, जिसका उत्कृष्ट उदाहरण पैरालंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों की उपलब्धियां हैं।

आत्मनिर्भर बनाने में मदद कर रही सरकार

राज्य मंत्री गुर्जर ने कहा कि आधुनिक सहायक उपकरण, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल और ई-स्कूटर दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने व सम्मानपूर्वक जीवन जीने में मदद कर रहे हैं। सुगम्य भारत अभियान, कॉक्लियर इम्प्लांट और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक उपकरण जैसी योजनाओं से लोगों के जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति सहित प्रत्येक वर्ग का सशक्तिकरण ही विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए आवश्यक है। राज्य मंत्री ने दिव्यांगजनों के कल्याण में उद्योग जगत की भागीदारी की सराहना भी की ।

मंत्री के निवास पर आयुर्वेदिक शिविर

स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अपनाएं ,जीवन भर सुखी रहें



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर के आवास पर आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने लाभ लिया। इस दौरान लोगों के ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर का भी परीक्षण किया गया और चिकित्सकों ने संतुलित एवं पौष्टिक आहार, उचित खानपान और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया

मंत्री राजेश नागर ने शिविर का अवलोकन कर उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। बताया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित इस शिविर का उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व को बढ़ावा देना तथा आयुर्वेद एवं संतुलित आहार के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

जीवन में रोशनी देने का काम

मंत्री ने बताया कि यदि हम अपनी जीवनशैली को संतुलित कर लें तो अनेक रोगों से पीड़ित होने से खुद को बचा सकते हैं। प्रसन्नता का विषय है कि प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष सफल पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले अनेक आयोजनों से आम जनता में जागरूकता का प्रसार हो रहा है।

ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर सुविधा

दौलताबाद के स्वास्थ्य केंद्र को अपग्रेड करने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



गांव दौलताबाद स्थित बीएससी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में अपग्रेड करने की घोषणा की गई है। इससे दौलताबाद सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने की उम्मीद है।

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के स्वागत एवं अभिनंदन के लिए गांव दौलताबाद में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा गुरुग्राम जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने उनका स्वागत किया और स्वास्थ्य केंद्र के उन्नयन की घोषणा पर आभार जताया।

सर्वप्रिय त्यागी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार आमजन की जरूरतों से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। स्वास्थ्य केंद्र के अपग्रेड होने से ग्रामीणों को चिकित्सा सेवाओं का लाभ लेने में सहूलियत मिलेगी और क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने इस पहल के लिए स्वास्थ्य मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए दौलताबाद और आसपास के गांवों के लोगों को बधाई दी।

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने ग्रामीणों के हित में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को महत्वपूर्ण बताते हुए क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं की पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा, भाजपा के संगठन पदाधिकारी, पार्टी कार्यकर्ता और गांव दौलताबाद के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र को अपग्रेड करने की घोषणा का स्वागत किया।

सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का दिया संदेश

मंत्री राजेश नागर ने एक अभियान जिंदगी के नाम के तहत 750 हेलमेट वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल फरीदाबाद के सेक्टर-16 स्थित ओम शिवम प्लाजा में आयोजित एक अभियान जिंदगी के नाम हेलमेट लंगर कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने सड़क सुरक्षा एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से आयोजित इस पहल में सहभागिता की। कार्यक्रम के तहत 750 हेलमेट वितरित किए गए, ताकि लोगों को हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया जा सके।

विपुल गोयल ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल यातायात नियमों के पालन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक व्यक्ति के जीवन की रक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना एक आवश्यक सुरक्षा उपाय हैए जो दुर्घटना की स्थिति में सिर पर गंभीर चोट लगने के जोखिम को कम करने में मदद करता है।



उन्होंने कहा कि एक अभियान जिंदगी के नाम जैसी पहल समाज में जिम्मेदार नागरिक व्यवहार को प्रोत्साहित करती हैं। हेलमेट वितरण के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया जा रहा है कि छोटी सी सावधानी भी अनमोल जीवन की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। सडक़ पर स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखना भी हम सभी की जिम्मेदारी है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सडक़ दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासनिक प्रयासों के साथ-साथ जनभागीदारी और जागरूकता भी आवश्यक है। प्रत्येक वाहन चालक को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए, दोपहिया वाहन चलाते समय स्वयं और पीछे बैठने वाले व्यक्ति के लिए हेलमेट का उपयोग सुनिश्चित करना चाहिए तथा वाहन हमेशा निर्धारित गति सीमा के भीतर चलाना चाहिए।

विपुल गोयल ने अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट पहनने को अपनी आदत बनाएं और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी सडक़ सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।

911434 की राशि खातों में कराई फ्रीज

एक सप्ताह में पुलिस ने 42 साइबर ठगों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

पुलिस उपायुक्त मुख्यालय हिमाद्री कौशिक के नेतृत्व में फरीदाबाद पुलिस के तीनों साइबर थानों की टीमों ने 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर के बीच एक सप्ताह के दौरान प्रभावी कार्रवाई करते हुए 42 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान आरोपियों से 83,66,928 की राशि बरामद की गई है, जबकि साइबर ठगी से संबंधित शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए 9,11,434 की राशि विभिन्न बैंक खातों में फ्रीज कराई गई है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि तीनों साइबर थानों की टीमों ने कुल 12 मामलों में 42 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें साइबर थाना एनआईटी के 3 मामले, साइबर थाना सेंट्रल के 4 व साइबर थाना बल्लभगढ के 5 मामले शामिल हैं। इसके अतिरिक्त साइबर पुलिस टीमों द्वारा 230 शिकायतों का निस्तारण किया गया है। यह कार्रवाई 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर



2026 के बीच एक सप्ताह के दौरान की गई है।

गिरफ्तार आरोपियों में दीपक, आशीष, अमित, संदीप, अनुराग, शिवम, ऋषभ, राकेश रोशन, अनुराग मिश्रा, दिव्यांशु असवाल, दिव्यांसु रावत, सुर्यकांत, विशाल, संजीव, प्रथम राठौर, अभिजीत, करण, शिवम, रानू, गौरव, सूरज, दिवाकर, हरिराम, अमन, मो. इमरान, निशांत, मो यासिर, सरबजीत, गौतम, नितेश, प्रणय, मो. वाजिद, आसिफ, मनहर, राहुल, नीरज, प्रितम, साहिल, प्रिंस, रोहित, आदित्य व चिंटू का नाम शामिल हैं।

पुलिस मुठभेड़ के बाद डकैती व लूट करने वाले

अंतरराज्यीय गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार दो बदमाशों के पैर में लगी पुलिस की गोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा सेक्टर-16 की टीम ने घरों में डकैती, लूट, चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के बाद 7 आरोपियों को काबू किया है। आरोपी थाना सदर बल्लभगढ़ क्षेत्र के गांव सोतई के पास आगरा नहर की पटरी पर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे। पुलिस टीम को देखकर आरोपियों ने भागने का प्रयास किया और इसी दौरान एक आरोपी ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो आरोपियों के पैर में गोली लगी।

आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच जारी



आरोपी ने पुलिस टीम पर गोली चला दी

सहायक पुलिस आयुक्त अपराध अमन यादव ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंचकर संदिग्धों को रुकने की चेतावनी दी, लेकिन आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगे। एक आरोपी ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें सतबीर और प्रताप के पैर में गोली लगी। पुलिस ने 7 को काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान सतबीर , प्रताप, बेताल, धनसिंह, देवधर,हरबीर तथा सुखलाल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक देसी कट्टा व दो कारतूस, दो दाव बड़े चाकू, दरवाजे तोड़ने में इस्तेमाल होने वाले दो सरिए, दो गुलेल, 17 कंचे बरामद किए हैं।

रघुबीर तेवतिया के संयोजन में ब्लॉक सम्मेलन

चुनाव आयोग और भाजपा की मिलीभगत के खिलाफ 12 अक्टूबर को दिल्ली चलो अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि देश में अघोषित आपातकाल लगाया हुआ है और संवैधानिक संस्थाओं को तार-तार करके लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। हालात यह है कि लोकतंत्र की कोई गरिमा ही नहीं रही और इस सरकार ने दिल्ली के दरवाजे ही बंद कर दिये। उन्होंने चुनाव आयोग और बीजेपी की मिलीभगत के खिलाफ संघर्ष में शामिल होने के लिए दिल्ली चलो का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत से चुनाव को प्रभावित किया जा रहा है। अब चुनाव आयोग



की चोरी पकड़ी गई, तीन में से दो चुनाव आयुक्तों ने 14 चिट्ठी, लिखी पहली चिट्ठी तब लिखी जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बताया कि हरियाणा में वोट चोरी हुई है।

सांसद हुड्डा रविवार को पृथला के विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया के संयोजन में आयोजित पृथला एवं मोहना ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन की अध्यक्षता हरियाणा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने की जबकि संचालन बिजेन्द्र आर्य के संयोजन में पृथला ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण तंवर व मोहना ब्लॉक अध्यक्ष बंटी हुड्डा के नेतृत्व में किया गया।

प्रदर्शन करने के मौलिक अधिकार को कमजोर किया जा रहा

सांसद हुड्डा ने कहा कि देश- प्रदेश के हालात को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोकतंत्र की रक्षा और जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष करना जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक आवाजों को दबाया जा रहा है और प्रदर्शन करने के मौलिक अधिकार को कमजोर किया जा रहा है। युवा, किसान और खिलाड़ी अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाते रहे हैंए लेकिन अब वोट चोरी के आरोपों को लेकर सवाल उठाने वालों के लिए भी दिल्ली के दरवाजे बंद किए जा रहे हैं।

खबर संक्षेप

स्टील प्लांट में गैस रिसाव से 2 की मौत

धनबाद। झारखंड के बोकारो से हादसे की खबर सामने आ रही है। घटना बोकारो के स्टील प्लांट में



हुई है। यहां ईएसएल स्टील प्लांट में गैस रिसाव के चलते दो की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सोहन महतो व समीर अंसारी के तौर पर हुई है। हादसे में जान गंवाने वालों की जानकारी कंपनी के अधिकारी ने दी है। यह हादसा वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड के प्लांट परिसर में रविवार को हुआ है।

सिविल सर्जन पर यौन शोषण का आरोप

कोडरमा। झारखंड के कोडरमा के सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार को नाबालिग के साथ कथित यौन



शोषण के आरोप में पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस ने उन्हें चंदवारा में झील रेस्टोरेंट के पास संचालित उनके निजी क्लीनिक से हिरासत में लिया। पीड़िता हजारीबाग जिले के बरकट्ठा प्रखंड की रहने वाली बताई जाती है। करीब दो साल पहले वह अपनी मां का इलाज कराने कोडरमा सदर अस्पताल पहुंची थी।

डायल 112 के कॉन्स्टेबल ने खुद को मार ली गोली

किशनगंज। बिहार के किशनगंज जिले में डायल 112 में पदस्थापित 32 वर्षीय कॉन्स्टेबल समीर कुमार



ने रविवार को स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना सदर थाना परिसर स्थित पुलिस बैरक की बताई जा रही है। मृतक कॉन्स्टेबल मूल रूप से भागलपुर जिले के रहने वाले थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

मुख्यमंत्री ने बच्चों को दिए स्टडी टेबल और आशीर्वाद पत्र

नवरात्रि के पहले दिन नौ कन्याओं का तिलक कर ओढ़ाई चुनरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नारी को सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन मिलेगा तो राम राज्य की स्थापना को कोई ताकत नहीं रोक सकती। मां भगवती की आराधना का वास्तविक अर्थ भी यही है कि समाज हर महिला के सम्मान व सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हो। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में हर पांचवीं बेटी स्कूल में दाखिला लेने के बाद बीच में ही पढ़ाई छोड़ देती थी। स्कूलों में शौचालय और पेयजल जैसी सुविधाएं नहीं थीं। आज प्रदेश के 1.60 करोड़ बच्चों को हर साल दो यूनिफॉर्म, बैग, पुस्तकें, स्वेटर और जूते-मोजे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बेटियों की शिक्षा और महिलाओं का स्वावलंबन हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री रविवार को देवीपाटन मंदिर प्रांगण में शारदीय नवरात्रि की प्रतिपदा और अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित 'शिक्षा की उड़ान' पहल के तहत स्टडी टेबल एवं आशीर्वाद पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नवदुर्गा स्वरूप नौ कन्याओं का तिलक किया, चुनरी ओढ़ाई और चॉकलेट भेंट की। बेटियों को सम्मानित करते हुए उन्होंने कहा

> प्रदेश के 1.60 करोड़ बच्चों को हर साल दो यूनिफॉर्म, बैग, पुस्तकें, स्वेटर और जूते-मोजे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों की शिक्षा और महिलाओं का स्वावलंबन हमारी सरकार की प्राथमिकता है...

एक करोड़ से अधिक घरौनियों को भी मिला आवास का अधिकार



कि भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति की उपासना की परंपरा रही है। नवरात्रि इसी संकल्प को मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने प्रदेशवासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं और विजयदशमी पर भगवान राम के विजय उत्सव को भव्यता से मनाने का आह्वान किया।

स्कूल छोड़ने वाली बेटियों की जांच कराई तो सामने आई हकीकत

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में सरकार बनने के बाद उन्होंने बड़ी संख्या में बेटियों के स्कूल छोड़ने की वजह पूछी। पहले विद्यालयों की दूरी को कारण बताया गया। जांच के लिए टीम गठित की तो सामने आया कि स्कूलों में शौचालय और पेयजल तक की व्यवस्था नहीं थी। इसके बाद बालक-बालिकाओं के लिए अलग शौचालय बनवाने, पेयजल उपलब्ध कराने और मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। उस समय 60 से 70 प्रतिशत बेटियां नंगे पैर स्कूल जाती थीं। कई बच्चों के पास सर्दियों में स्वेटर तक नहीं होते थे। सरकार ने बच्चों को यूनिफॉर्म, स्वेटर, जूते-मोजे, बैग-बुक्स समेत अन्य सुविधाएं देने की व्यवस्था शुरू की।

सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प से सरकारी विद्यालयों की तस्वीर बदली जा रही है। स्कूलों में बेहतर फर्श और फर्नीचर के साथ स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी विकसित हो रही हैं। जिन बच्चों की पहुंच कभी कंप्यूटर तक नहीं थी, वे भी आधुनिक शिक्षा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने आकांक्षी जनपद में मंडलायुक्त और जिला प्रशासन की स्टडी टेबल वितरण पहल की सराहना की। कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि और स्वावलंबन का लाभ बिना भेदभाव हर वर्ग तक पहुंचेगा।

खराब मौसम से गिरे पेड़ों से परेशान किसानों की मदद को आगे आई योगी सरकार

क्षति की एवज में 9.18 लाख से अधिक किसानों को मिलेंगे 493 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में सितंबर-अक्टूबर महीने में चक्रवाती तूफान, तेज आंधी और अतिवृष्टि से कई स्थानों पर किसानों के खेतों व निजी भूमि पर बड़ी संख्या में पेड़ों के उखड़ने और गिरने की घटनाओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीरता से लिया है। मुख्यमंत्री ने प्रभावित किसानों को राहत देने और गिरे हुए वृक्षों का नियमानुसार तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए सभी डीएम, प्रभागीय वनाधिकारियों और उत्तर प्रदेश वन निगम को निर्देश दिए हैं, ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

सीएम ने निर्देश दिए हैं कि निजी भूमि और खेतों में गिरे पेड़ों को हटाने व उनके निस्तारण के लिए किसानों की ओर से दिए जाने वाले आवेदनों पर वन विभाग और उत्तर प्रदेश वन निगम तत्काल नियमानुसार कार्रवाई करें। आवेदनों के निस्तारण में किसी भी प्रकार का अनावश्यक विलंब न हो, ताकि प्रभावित किसान जल्द राहत प्राप्त कर सकें।

गिरे हुए पेड़ों की लकड़ी के परिवहन और निस्तारण में किसानों को किसी तरह की समस्या न हो, इसके लिए आवश्यक अभिवहन अनुज्ञा पत्र प्राथमिकता के आधार पर जारी किए जाएं। परमिट जारी करने की प्रक्रिया निर्धारित वन नियमों के अनुरूप पूरी की जाएगी, जिससे किसानों को अपनी भूमि पर गिरे वृक्षों की लकड़ी के निस्तारण में अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े।

> मुख्यमंत्री ने प्रभावित किसानों को राहत देने और गिरे हुए वृक्षों का नियमानुसार तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए सभी जिलाधिकारियों, प्रभागीय वनाधिकारियों और उत्तर प्रदेश वन निगम को निर्देश दिए हैं, ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े...

सड़क पर गिरे पेड़ों को तत्काल हटाने का निर्देश

लकड़ी के परिवहन के लिए जारी होंगे ट्रांजिट परमिट

- किसानों को मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न से बचाएं अधिकारी, डीएम-डीएफओ करेंगे निगरानी
- समस्याओं का त्वरित समाधान हो



लोगों के आवागमन में किसी तरह की परेशानी न हो

सीएम योगी के निर्देशानुसार, तेज आंधी और तूफान के कारण सार्वजनिक मार्गों पर गिरे पेड़ों को तत्काल हटाया जाए। मार्ग अवरोधों का शीघ्र समाधान किया जाए, जिससे यातायात सुचारु बना रहे और आम लोगों को आवागमन में परेशानी न हो।

पारदर्शिता से होगा गिरे पेड़ों का निस्तारण

सीएम ने पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने पर जोर दिया है। स्पष्ट कहा कि संकट की घड़ी में सरकार किसानों के साथ पूरी प्रतिबद्धता से खड़ी है और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए संकल्पबद्ध है। प्रदेश में बाढ़, चक्रवात, ओलावृष्टि के कारण होने वाली फसल क्षति के सापेक्ष 169 करोड़ रुपए कृषि निवेश अनुदान के लिए अग्रिम रूप से जनपदों को निर्गत किया जा चुका है। 1 लाख 29 हजार 326 किसानों को फसल क्षति के सापेक्ष 78.75 करोड़ रुपए का कृषि निवेश अनुदान दिया जा चुका है।

आराधना के पदभार ग्रहण के दौरान बवाल

लखनऊ में कांग्रेस दफ्तर में धक्का-मुक्की, जूते-चप्पल चले



एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी कांग्रेस कार्यालय में जमकर बवाल हो गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जूते-चप्पल चले। बताया जा रहा कि नवनियुक्त यूपी कांग्रेस की अध्यक्ष आराधना मिश्रा और कार्यकारी अध्यक्ष इमरान मसूद के पदभार ग्रहण के दौरान कांग्रेसी आपस में भिड़ गए। इस दौरान जूते-चप्पल, गाली-गलौज और जमकर धक्का-मुक्की हुई। 10 मिनट से ज्यादा तक हंगामा चलता रहा। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ भी बदसलूकी की खबरें हैं। मामला बिगड़ता देख वरिष्ठ नेताओं ने उनको मनाने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि पदभार ग्रहण के दौरान अजय राय के समर्थक नारेबाजी करने लगे। इसको लेकर यूपी कांग्रेस की नेता आराधना मिश्रा के समर्थकों ने नाराजगी जाहिर की, जिससे कहासुनी शुरू हो गई। और फिर कांग्रेस कार्यालय में बवाल मच गया

दोनों पक्षों के समर्थकों में कहासुनी

बताया जा रहा है कि कांग्रेस की महिला नेता और अजय राय के बीच कुछ हुई थी। जिसके बाद हंगामा मच गया। दोनों पक्षों के समर्थकों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्ष भिड़ गए। और फिर जूते-चप्पल चल गए। यूपी कांग्रेस के नए पदाधिकारियों के पदभार ग्रहण के दौरान आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय शामिल नहीं हुए। इसको लेकर जब कार्यकारी अध्यक्ष इमरान मसूद से सवाल पूछा। इस पर इमरान मसूद ने कहा कि पूर्व अध्यक्ष के शामिल होने की परंपरा नहीं रही है। पार्टी कार्यालय में उनसे कार्यभार ले लिया गया है।

इंडिया गठबंधन की एकजुटता पर जोर

इमरान मसूद ने कहा, पार्टी ने उन पर विश्वास जताया है, उनका प्रयास भरोसे पर खरा उतरना होगा। कांग्रेस यूपी में परिवर्तन लाने,संगठन को मजबूत करने के लिए काम करेगी। मसूद ने इंडिया गठबंधन की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि गठबंधन मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगा। नवनियुक्त अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया।

बिहार में काल बना बालू लदा ट्रक, गंभीर को छपरा रेफर किया

नवरात्र पर पूजा कर लौट रहे दंपती को कुचला, आक्रोशित ग्रामीणों ने रोका रास्ता

एजेंसी ⏭ पटना

पटना। नवरात्र की पूजा कर घर लौट रहे दंपती को क्या पता था कि घर की दहलीज तक पहुंचते-पहुंचते उनकी खुशियां हमेशा के लिए छिन जाएंगी। पूजा पंडाल में मां दुर्गा के दर्शन कर पैदल लौट रहे दंपती को तेज रफ्तार बालू लदे ट्रक ने कुचल दिया।

हादसे में गंभीर रूप से घायल पत्नी की छपरा सदर अस्पताल ले जाने के दौरान मौत हो गई, जबकि घायल पति का उपचार जारी है। इस हादसे ने परिवार में नवरात्र की पूजा का उत्साह पलभर में मातम में बदल दिया। घटना रविवार दोपहर सारण जिले के सहाजितपुर थाना क्षेत्र के कोल्हुआं में एनएच-331 पर हुई। मृतका की पहचान सुमन ओझा के रूप में हुई है, जबकि उनके घायल पति सिंटू ओझा किराना व्यवसायी



बताए जा रहे हैं।

पूजा कर पैदल घर लौट रहा था दंपती घटना के संबंध में बताया जाता है कि नवरात्र के पहले दिन दंपती उपवास पर थे। दोनों कोल्हुआ बाजार में बने पूजा पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन करने गए थे। पूजा के बाद वे पैदल ही अपने घर लौट रहे थे। दोनों एनएच-331 पर स्थित अपने घर के पास पहुंच चुके थे। इसी दौरान छपरा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार और अनियंत्रित बालू लदे ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को रेफरल अस्पताल, बनियापुर पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए छपरा रेफर कर दिया गया। हालांकि, सदर अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही सुमन ओझा ने दम तोड़ दिया। उनके पति का उपचार जारी है।

भागीदारी भवन में पहली एल्यूमिनाई मीट

74 अभ्यर्थी चयनित, अधिकारी अब करेंगे युवाओं का मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

राजधानी लखनऊ के भागीदारी भवन में रविवार को पहली एल्यूमिनाई मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान प्रशासनिक और राज्य सेवाओं में चयनित पूर्व छात्रों के साथ वर्तमान अभ्यर्थियों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सफल अभ्यर्थियों को समाज और अपने संस्थान के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करना रहा।

मंत्री असीम अरुण ने कहा कि सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम है। उन्होंने सफल अधिकारियों से अपील की कि वे 'गिव बैक टू सोसाइटी' की भावना के साथ जरूरतमंद



विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करें। इस वर्ष समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित कोचिंग संस्थानों से यूपीपीएससी में 74 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है।

मंत्री ने ऑनलाइन और ऑफलाइन मेंटरशिप, मॉक इंटरव्यू, अध्ययन सामग्री तथा डिजिटल संसाधनों के विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दूरदराज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों तक भी मार्गदर्शन पहुंचना चाहिए। कार्यक्रम में एल्यूमिनाई ने जरूरतमंद अभ्यर्थियों की मदद करने और अनुभव साझा करने के लिए स्थायी नेटवर्क बनाने का संकल्प लिया।

शोहदों पर कसा शिकंजा

मुरादाबाद की बेटियों की ढाल बनीं एसआई समीक्षा ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरादाबाद



नवरात्र में पूरा जनपद मां दुर्गा की आराधना में लीन है। पंडालों और मंदिरों में घंटियां गूंज रही हैं, और उसी समय सड़कों, बाजारों, चौराहों और गांव की चौपालों पर शक्ति का एक और रूप दिख रहा है- खाकी वर्दी में मुस्तैद महिला पुलिसकर्मी। इस मोर्चे का प्रतिनिधि रूप हैं मुरादाबाद की मिशन शक्ति सेल प्रभारी उप निरीक्षक समीक्षा ठाकुर, जो मानती हैं कि महिलाएं सिर्फ चहारदीवारी या सुरक्षित नौकरियों के लिए नहीं बनी हैं। वे खाकी पहनकर हर बहन-बेटी की ढाल भी बन सकती हैं। समीक्षा इसी संकल्प के साथ दिन-रात आधी आबादी को अभयदान देने में जुटी हैं।

मां दुर्गा का एक रूप दृढ़ता का है, और समीक्षा की कहानी इसी से शुरू होती है। मेरठ के सरूरपुर खुर्द थाना क्षेत्र के पांची गांव की इस बेटी ने उस दौर में पढ़ाई और नौकरी का सपना देखा, जब गांवों में लड़कियों के लिए सोच बेहद सीमित थी। उन्होंने देखा कि अधिसंख्य महिलाएं लोकलाज व डर के मारे छेड़खानी व उत्पीड़न की तकलीफ दिल में दफन कर लेती थीं। यही टीस उनकी प्रेरणा बनी। 30 जून 2019 को पुलिस सेवा में शामिल होकर उन्होंने प्रशिक्षण पूरा किया और संकल्प लिया कि पीड़ितों की आवाज बनेंगी और उनका संकोच मिटाएंगी। आज वह ग्रामीण परिवेश की हर उस बेटी के लिए मिसाल हैं, जो सपनों को पंख देना चाहती है।

पेज एक का शेष...

कहा- मेट्रो-रेल ...

में लिया और जरूरत से ज्यादा बल का इस्तेमाल किया। वकीलों ने इंटरनेट सेवाओं पर रोक, मेट्रो स्टेशनों को बंद करने और महिला प्रदर्शनकारियों तथा वकीलों के साथ कथित दुर्व्यवहार का मुद्दा भी उठाया। ये आरोप याचिकाकर्ताओं की ओर से लगाए गए हैं। अदालत ने निर्देश दिया कि जहां निषेधाज्ञा लागू नहीं है, वहां शांतिपूर्ण तरीके से एकत्र होने वाले लोगों को कानून की प्रक्रिया के बिना हिरासत में नहीं लिया जाए। यदि अदालत परिसर के आसपास भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा से संबंधित बोर्ड अब भी लगे हैं, तो उन्हें हटाया जाए। पीठ ने स्पष्ट किया कि किसी भी अदालत में आने-जाने का रास्ता बाधित नहीं होना चाहिए।

अधिकारियों से जवाब तलब: अदालत ने मेट्रो सेवाओं से जुड़े अपने 9 अक्टूबर के आदेश के कथित उल्लंघन को लेकर दायर अवमानना याचिका पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किया। उनसे हलफनामा और आदेश के पालन की रिपोर्ट मंगलवार तक दाखिल करने को कहा गया है। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि वह पुलिस कार्रवाई और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से जुड़े संवैधानिक सवालों पर विचार करेगी। यह मामला 10 अक्टूबर को सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन से जुड़ा है। प्रदर्शनकारियों की मांग चुनाव आयोग और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उठे विवाद से संबंधित थी।

विपक्ष आज सुप्रीम ...

की जवाबदेही जैसे विषयों को केवल सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच का विवाद मानकर नहीं छोड़ा जाना चाहिए। विपक्ष इन मुद्दों को लोकतंत्र की बुनियादी विश्वसनीयता से जोड़ रहा है। नौ अक्टूबर को इंडिया गठबंधन के नेताओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की थी। विपक्ष ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने, विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया रोकने, मतपत्रों से चुनाव कराने और पिछले दो वर्षों में हुए चुनावों की समीक्षा कराने जैसी मांगें रखी थीं। राहुल गांधी ने मुलाकात के बाद आरोप लगाया था कि देश के विभिन्न राज्यों में चुनावी अनियमितताएं हुई हैं। विपक्ष ने इन आरोपों के समर्थन में साक्ष्य होने का दावा भी किया। हालांकि, इन आरोपों को सिद्ध तथ्य के रूप में प्रस्तुत नहीं किया जा सकता। निर्वाचन आयोग की ओर से चुनावी प्रक्रिया को कानूनी प्रावधानों के अनुरूप संचालित किए जाने की बात कही गई है। ऐसे में अब सवाल यह है कि विपक्ष अपने दावों को न्यायपालिका के सामने किस रूप में रखता है और इन पर आगे कोई न्यायिक कार्रवाई होती है या नहीं। विपक्षी दलों ने सामूहिक रूप से मुख्य न्यायाधीश तक एक जुलाई को 23 विपक्षी दलों ने मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत को संयुक्त ज्ञापन भेजकर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और निर्वाचन आयोग की कथित पक्षपातपूर्ण कार्यप्रणाली पर चिंता जताई थी। इससे पहले आठ जून को इंडिया गठबंधन की बैठक में भी मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखने और चुनावी प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों पर न्यायिक हस्तक्षेप की मांग करने का निर्णय लिया गया था। इस तरह नेताओं की मुख्य न्यायाधीश से प्रत्यक्ष मुलाकात को असामान्य राजनीतिक-न्यायिक घटनाक्रम कहा जा सकता है।

सीजेआई ने राहुल...

सुप्रीम कोर्ट मार्च से पहले विपक्ष को यह झटका लगा है। सीजेआई ने ईमेल के जरिए भेजे जवाब में कहा कि अदालत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिमंडल से प्रशासनिक स्तर पर मुलाकात नहीं कर सकती। अदालत का काम याचिकाओं पर सुनवाई करना और फैसला सुनाना है। जिन मुद्दों को विपक्ष उठाना चाहता है, उनके लिए उचित कानूनी प्रक्रिया के तहत याचिका दायर की जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट सभी नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

राजभर ने सपा सुप्रीमो पर साधा निशाना

अयोध्या में लग रहा डर तो जहूराबाद से लड़ें चुनाव अखिलेश यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

सुभासपा अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष



अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला है। राजभर ने कहा कि अगर अखिलेश यादव अयोध्या से चुनाव लड़ेंगे तो अपनी जमानत भी नहीं बचा पाएंगे। जेपीएनआईसी के मुद्दे पर भी उन्होंने सपा प्रमुख को घेरते हुए कहा कि अखिलेश यादव को लीज और बिक्री का अंतर नहीं पता है।

राजभर ने कहा कि अयोध्या से चुनाव लड़ने के लिए अखिलेश यादव ने खुद चुनौती दी थी और अब मुख्यमंत्री ने उसे स्वीकार कर लिया है। अब अखिलेश को अयोध्या से चुनाव लड़कर दिखाना चाहिए। राजभर ने दावा किया कि वहां चुनाव लड़ने पर अखिलेश यादव की जमानत जब्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि अखिलेश अयोध्या से चुनाव नहीं लड़ना चाहते तो जहूराबाद आकर उनसे मुकाबला कर सकते हैं।

'200 करोड़ का प्रोजेक्ट 865 करोड़ तक पहुंचा, फिर भी अधूरा'

जेपीएनआईसी को बेचने के आरोप पर राजभर ने अखिलेश यादव को घेरते हुए कहा कि परियोजना की शुरुआती लागत 200 करोड़ रुपये थी, जो सपा सरकार के कार्यकाल में बढ़कर 865 करोड़ रुपये तक पहुंच गई, लेकिन परियोजना पूरी नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि जेपीएनआईसी के आठ सदस्यों में सात अखिलेश यादव के करीबी थे और अखिलेश यादव खुद भी उसमें शामिल थे। राजभर ने यह भी आरोप लगाया कि संस्थान के होटल, क्लब और आय के अन्य स्रोतों पर अखिलेश यादव और उनके परिवार के लोगों का प्रभाव था। राजभर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने जेपीएनआईसी को 30 साल की लीज पर दिया है। उन्होंने अखिलेश यादव के इसे बेचे जाने के आरोप पर सवाल उठाते हुए कहा कि लीज पर देने और संपत्ति बेचने में अंतर होता है।

'पहले अपने 5 साल का हिसाब दें अखिलेश

पुलिस के जिम्मे देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी

दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान महिलाओं के साथ कथित छेड़छाड़ और इस मामले में उत्तर प्रदेश के लोगों को लेकर अखिलेश यादव की टिप्पणी पर राजभर ने कहा कि सपा प्रमुख को अपने पांच साल के शासनकाल को भी देखना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि कोई पुलिस के साथ बदसलूकी करेगा तो क्या पुलिस उस पर फूल बरसाएगी? राजभर ने कहा कि पुलिस को अपनी सुरक्षा के साथ-साथ देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी निभानी होती है।



जेलर 2 का विदेशों में जलवा रिलीज से पहले कमाए करोड़ों

मुंबई। 'जेलर 2' ने एडवांस बुकिंग के जरिए दुनियाभर में 22 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर ली है। खास बात यह है कि भारत में फिल्म की एडवांस बुकिंग अभी पूरी तरह से शुरू भी नहीं हुई है। 'जेलर 2' को सबसे ज्यादा फायदा उत्तरी अमेरिका, खासकर अमेरिका से मिल रहा है। इसके अलावा संयुक्त अरब अमीरात , ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप में भी फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। रिलीज से चार दिन पहले तक रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' ने दुनियाभर में एडवांस बुकिंग से 22.32 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। इसमें सबसे ज्यादा कमाई विदेशों से हुई है। विदेशी बाजारों से फिल्म को 17 करोड़ रुपए से ज्यादा मिले हैं। घरेलू मार्केट में फिल्म ने अब तक 5.32 करोड़ रुपए कमाए हैं।

लाइफ Style

जाह्नवी

नंगे पैर मां नैना देवी के दर्शन कर रखा व्रत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खूबसूरत वादियों से घिरा सरोवर नगरी नैनीताल इन दिनों बॉलीवुड सितारों की मौजूदगी से गुलजार है। मशहूर अभिनेत्री जाह्नवी कपूर और रिया चक्रवर्ती अपनी आने वाली नई थ्रिलर-रोमांटिक फिल्म 'पीएन 36' की शूटिंग के सिलसिले में यहां डेरा डाले हुए हैं।

पहाड़ों की शांत फिजाओं, बदलते मौसम और खूबसूरत झीलों के बीच फिल्म की शूटिंग जोर-शोर से चल रही है। दोनों अभिनेत्रियों के शहर में होने से स्थानीय लोगों और पर्यटकों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। रविवार को नवरात्रि के पहले दिन जाह्नवी कपूर पूरी तरह भक्ति भाव में डूबी नजर आईं। उन्होंने नवरात्रि का व्रत रखा और अपने होटल से करीब 150 मीटर पैदल चलकर प्रसिद्ध मां नयना देवी मंदिर पहुंचीं। दोपहर ठीक 12:45 बजे जाह्नवी अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ बेहद सादे लिबास में पार्किंग से नंगे पैर मंदिर परिसर में दाखिल हुईं। उन्होंने मां की विधिवत आरती उतारी और विशेष पूजा-अर्चना की। इसके बाद जाह्नवी ने मंदिर परिसर का भ्रमण किया और शिवलिंग पर जल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। फिल्म 'पीएन 36' की शूटिंग शहर के कई खूबसूरत कोनों में की जा रही है। जाह्नवी और रिया ने नैनीताल के बदलते मौसम, बारिश और बादलों के सुहावने माहौल के बीच फिल्म के एक खास रोमांटिक गाने के दृश्य शूट किए। 10 अक्टूबर को दोनों अभिनेत्रियों ने नैनीताल के स्विस होटल में अहम सीन फिल्माए। इसके अलावा नैनीताल से बाहर स्थित होटल 'नमः'में भी फिल्म के कुछ हिस्से कैमरे में कैद किए गए हैं।



हॉलीवुड मसाला



वीडियो गेम पर आधारित है

स्ट्रीट फाइटर

लॉस एंजिल्स। विद्युत जामवाल की हॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' भारत में 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। अब देखना होगा कि हॉलीवुड के बड़े कलाकारों के साथ विद्युत जामवाल का एक्शन अवतार भारतीय दर्शकों को कितना पसंद आता है। जापानी-अमेरिकी डायरेक्टर किताओ सकुराई के डायरेक्शन में बनी 'स्ट्रीट फाइटर' इसी नाम की मशहूर वीडियो गेम सीरीज पर आधारित है। फिल्म में नोआ सेंटिनियो केन मास्टर्स, एंड्रयू कोजी रयू और जेसन मोमोआ ब्लैंका के किरदार में नजर आएंगे।



अमेरिकन आइडल में दिख चुके कैलिब को उम्रकैद

लॉस एंजिल्स। 'अमेरिकन आइडल' में नजर आ चुके ओहायो में रहने वाले 40 वर्षीय कैलिब फ्लिन को कोर्ट ने बिना पैरोल के उम्रकैद की सजा दी है। पिछले हफ्ते जूरी ने उन्हें अपनी पत्नी एश्ले फ्लिन की हत्या का दोषी ठहराया था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, कैलिब ने फरवरी में अपने घर में हुई पत्नी की हत्या को चोरी की घटना दिखाने की कोशिश की थी। उन्होंने दावा किया था कि घर में घुसे एक चोर ने उनकी पत्नी एश्ले फ्लिन की हत्या कर दी। एश्ले 37 साल की थीं और स्कूल टीचर होने के साथ-साथ वॉलीबॉल कोच भी थीं। कैलिब 2013 में 'अमेरिकन आइडल' में नजर आए थे। उस दौरान उन्होंने बताया था कि उनकी पत्नी एश्ले ने उन्हें सिंगिंग कॉम्पिटिशन में अपने सपने पूरे करने के लिए प्रोत्साहित किया था।



अंजलि ने बयां किया बदनामी का दर्द

नई दिल्ली। सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर अंजलि अरोड़ा की पिछले महीने फिल्म 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' रिलीज हुई। इस फिल्म में अंजलि अरोड़ा ने माता सीता का रोल अदा किया है। फिल्म सिनेमाघरों में नहीं चल पाई। 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' थिएटर्स में अता पता लापता हो गई। फिल्म की रिलीज से पहले अंजलि अरोड़ा की कास्टिंग पर भी जमकर बवाल हुआ था। सोशल मीडिया यूजर्स ने अंजलि को माता सीता के रोल में कास्ट करने पर सवाल खड़े किए थे। लोगों ने उनकी इमेज को लेकर उन्हें खूब ट्रोल भी किया था। सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग और आम जिंदगी में मिली बदनामी के बारे में अपना दर्द बयां करते हुए अंजलि अरोड़ा के आंसू छलक पड़े। अंजलि कहती हैं कि उनकी कास्टिंग पर सवाल उठाते हुए लोगों ने गंदी-गंदी बात कही।



दशरथ के चरणों में राम ने झुकाया सिर

मुंबई। 'रामायण' में नए पोस्टर्स में रणबीर कपूर भगवान राम के रूप में दो दृश्यों में नज़र आ रहे हैं, जिनमें उनके पिता राजा दशरथ (अरुण गोविल) भी शामिल हैं। यह जानकारी मेकर्स द्वारा लारा दत्ता को कैकेयी और शीबा चड्ढा को मंथरा के रूप में पेश किए जाने के एक दिन बाद सामने आई है। जारी किए गए पोस्टर में में रणबीर कपूर भगवान राम के रूप में और अरुण गोविल राजा दशरथ के रूप में नजर आ रहे हैं। पहले पोस्टर में राम के वनवास के पहले की झलक देखने को मिलती है, जहां वनवास में जाने से पहले राम अपने पिता राजा दशरथ के सामने झुककर प्रणाम करते हुए दिख रहे हैं, जबकि दूसरे में वे ज्येष्ठ पुत्र होने के नाते अपने पिता की अस्थि विसर्जित करते हुए दिखाए गए हैं। पोस्टर जारी करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा- 'एक पिता, जो अपने वादे से बंधा है।

टीवी मसाला



नवरात्रि : रश्मि और तोरल ने बताया शक्ति का सही मतलब

मुंबई। नवरात्रि का पर्व नारी शक्ति की आराधना और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक रहा है। हालांकि, वर्तमान दौर की व्यस्त और प्रतिस्पर्धी जिंदगी में एक स्त्री के लिए असल 'शक्ति' के मायने बदले हैं। कभी यह शक्ति अपनी सीमाओं को तय करने के लिए मजबूती से 'ना'कहना हो सकती है, तो कभी सभी के सामने असफलता को स्वीकार करना या कभी हर दबाव में अपनी बात बेबाकी से रखना? ऐसे में छोटे पर्दे की कुछ अभिनेत्रियां बता रही हैं उनके लिए शक्ति के सही मायने। धारावाहिक 'सयोनी' में माया की भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री रश्मि देसाई कहती हैं, 'मेरे लिए शक्ति का मतलब है कि अपनी बात कह पाना और अपने निर्णयों की जिम्मेदारी लेना। हर बार हां, कहना आवश्यक नहीं होता है। अपने करियर में मैंने कई प्रस्ताव इसलिए ठुकराए, क्योंकि कहानी या पात्र से जुड़ाव महसूस नहीं हुआ। ऐसे निर्णय आसान नहीं होते। मेरे लिए एक महिला का अपनी बात कह पाना भी शक्ति है। वहीं, धारावाहिक हस्तिनापुर के वीर में कुंती की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री तोरल रासपुत्र कहती हैं, 'मेरे लिए शक्ति का मतलब सिर्फ दूसरों के सामने मजबूत दिखना नहीं है, बल्कि खुद के प्रति ईमानदार रहना भी है। सही जगह पर न कहना, अपनी बात और अपनी सीमाओं को सम्मान के साथ रखना और जब जरूरत हो तो खुद के लिए खड़े होना, मेरे लिए यही असली शक्ति है।' तोरल ने कहा, 'इस शक्ति का एहसास मुझे तब हुआ जब मैंने समझा कि हर किसी को खुश करना संभव नहीं है और ऐसा करना जरूरी भी नहीं है।

गुल्लू की टिप्पणी से आम्रपाली की बहन हुईं नाराज

नई दिल्ली। सलमान खान का टीवी शो 'बिग बॉस 20' इन दिनों चर्चा में है। इसमें आए दिन कुछ ना कुछ विवादित हो रहा है। ताजा मामला आम्रपाली दुबे से जुड़ा है। एक टास्क के दौरान भोजपुरी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे पर गुल्लू की टिप्पणी की वजह विवाद हो गया। इस पर उनके परिवार ने आलोचना की है। प्रतिभागियों के बीच विवाद तब और बढ़ गया जब गुल्लू ने आम्रपाली और लव गिल को 'मोटू-पतलू' कहा। गुल्लू की टिप्पणी पर आम्रपाली की बहन आंचल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सवाल उठाया कि नेशनल टेलीविजन पर लड़ाई के दौरान बॉडी शेमिंग का इस्तेमाल करना कितना सही है। ताजा विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए, आंचल ने अपनी बहन के बारे में ऐसी बातें कहने के लिए गुल्लू और माही विज की आलोचना की। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति के लुक या शरीर की बनावट का मजाक कभी नहीं उड़ाया जाना चाहिए, चाहे झगड़ा ही क्यों न हो।



दुनिया की पहली एआई हॉरर फिल्म जमलोक का पोस्टर जारी

नई दिल्ली। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से फिल्म निर्माण अब बॉलीवुड की फीचर फिल्मों तक पहुंच रहा है। एआई फिल्म निर्माण कंपनी कोयल और फिल्म प्रोडक्शन हाउस वेवबैंड प्रोडक्शन ने दुनिया की पहली एआई हॉरर फिल्म 'जमलोक' बनाने के लिए हाथ मिलाया है। दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित 'अनकैनी इंडिया' फेस्टिवल में फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया गया। फिल्म में एआई तकनीक और वास्तविक कलाकारों के अभिनय का इस्तेमाल किया जाएगा। कोयल के सह-संस्थापक और सीईओ मेहुल अग्रवाल ने कहा कि यह दुनिया की पहली एआई हॉरर फिल्म होगी. उन्होंने बताया कि फिल्म में भावनात्मक सीन्स के लिए वास्तविक कलाकारों के अभिनय का इस्तेमाल किया जाएगा, जबकि बैकग्राउंड, सेट, अतिरिक्त किरदारों, अन्य विजुअल सामग्री और कॉस्ट्यूम तैयार करने में



एआई की अहम भूमिका होगी। निर्माण के दौरान कलाकारों की शक्ल-सूरत का इस्तेमाल भी AI तकनीक के जरिए किया जाएगा। पोस्टर लॉन्च के मौके पर वेवबैंड प्रोडक्शन के अमर झुनझुनवाला और कंपनी की सह-संस्थापक शिखा करण अहलूवालिया भी मौजूद रहे। अनकैनी इंडिया' भारत में आयोजित कोयल के 'अनकैनी वैली फेस्ट' का पहला संस्करण था। इसमें फिल्म निर्माता, कंटेंट क्रिएटर, छात्र और टेक्नोलॉजी क्षेत्र से जुड़े पेशेवर शामिल हुए।

नीता संग रणवीर ने जमकर किया गरबा, नवरात्रि के रंग में रंगे एक्टर

'स्वदेश' की पहली सालगिरह के मौके पर 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह ने नीता अंबानी के साथ जमकर गरबा किया। नवरात्रि की एक रात पहले हुए इसी इवेंट का एक वीडियो ऑनलाइन वायरल हो रहा है। अंबानी परिवार ने 'स्वदेश' की पहली सालगिरह एक इवेंट के तौर पर मनाई, जिसमें कई जाने-माने चेहरे शामिल हुए। इस जश्न की शाम का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें नीता अंबानी अपनी बेटी ईशा और रणवीर सिंह के साथ गरबा करते दिख रही हैं।

मुंबई। दो बेटियों के सुपरस्टार पिता रणवीर सिंह 'धुरंधर 2' की रिलीज के बाद से ही बहुत कम पब्लिक में नजर आए हैं। हालांकि, शनिवार शाम 10 अक्टूबर को रणवीर मुंबई में 'स्वदेश इरोस' की पहली सालगिरह के जश्न में शामिल हुए। रिलायंस फाउंडेशन के इस खास आर्ट और क्राफ्ट स्टोर ने नवरात्रि की एक रात पहले देवी शक्ति का सम्मान करते हुए एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसकी मेजबानी नीता अंबानी ने की। अब इस जश्न का एक इनसाइड वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें रणवीर सिंह और नीता अंबानी साथ में गरबा करते हुए नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में रणवीर नवरात्रि के जश्न में जमकर गरबा करते नजर आ रहे हैं। वहीं नीता अंबानी भी उनके साथ इस उत्सव का आनंद लेती दिखीं। उनके खुशमिजाज पलों ने फैंस का ध्यान खींचा है, क्योंकि नौ दिन तक चलने वाला यह त्योहार रविवार 11 अक्टूबर को शुरू हुआ और मंगलवार 20 अक्टूबर को दशहरा के साथ इसका समापन होगा। दीपिका पादुकोण के साथ अपनी अपनी दूसरी बेटी का स्वागत करने वाले एक्टर रणवीर ने गुलाबी एथनिक कपड़ों में शानदार एंट्री की। उन्होंने फ्लोरल-एम्ब्रॉयडरी वाली जैकेट के साथ मैचिंग कुर्ता और व्हाइट बॉटम पहना था। उन्होंने टिंटेड सनग्लासेस और अपने सिग्नेचर डायमंड स्टड्स के साथ अपना लुक पूरा किया, जिससे उनके फेस्टिव आउटफिट को एक शाही अंदाज मिला।



'चलो बुलावा आया है' से 'मन तेरा मंदिर' तक

मां दुर्गा के ये गाने जो बना देंगे त्योहार को बेहद खास

नई दिल्ली। नवरात्रि प्रार्थना, भक्ति और उत्सव का समय है, जब भक्त मां दुर्गा की पूजा और भक्ति करते हैं। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ-साथ, भक्ति गीत और भजन भी उत्सव में अहम भूमिका निभाते हैं, जिससे घरों, मंदिरों और सामुदायिक पंडालों में आध्यात्मिक माहौल बन जाता है। नरेंद्र चंचल की दमदार आवाज से लेकर सदाबहार बॉलीवुड भक्ति गीतों और पारंपरिक संस्कृत मंत्रों तक, देवी को समर्पित संगीत पीढ़ियों से नवरात्रि उत्सव का एक अहम हिस्सा रहा है। चाहे वह 'चलो बुलावा आया है' की जानी-पहचानी पुकार हो, 'अम्बे तू है जगदम्बे काली' की भक्ति-भावना हो या 'अयिगिरि नंदिनी' के जोश भरे बोल हों, ये गाने भक्तों को त्योहार की भावना से जोड़ते हैं।

चलो बुलावा आया है

माता की पूजा से जुड़े मशहूर भक्ति गीतों में से एक 'चलो बुलावा आया है', दशकों से भक्तों का पसंदीदा रहा है। यह गाना गायक नरेंद्र चंचल ने गाया है, जिनकी दमदार और भावपूर्ण आवाज ने माता के भजनों को भक्ति-सभाओं का एक जाना-पहचाना हिस्सा बना दिया. इसके बोल देवी के दर्शन के लिए दैवीय निमंत्रण मिलने का एहसास कराते हैं, जिससे यह जागरण, मंदिर की सभाओं और त्योहार की प्रार्थनाओं के दौरान बहुत लोकप्रिय हो जाता है। कई भक्तों के लिए यह गाना भक्त और मां दुर्गा के बीच के भावनात्मक जुड़ाव को दर्शाता है।

हे नाम रे, सबसे बड़ा तेरा नाम, ओ शेरोंवाली

हमेशा लोकप्रिय रहने वाला भक्ति गीत 'हे नाम रे, सबसे बड़ा तेरा नाम, ओ शेरोंवाली' नवरात्रि उत्सव के दौरान खूब सुना जाता है। हिंदी फिल्म 'सुहाग' (1979) का यह गाना अमिताभ बच्चन और रेखा पर फिल्माया गया है और इसमें देवी की शक्ति और महिमा का गुणगान किया गया है। इसकी जोशीली धुन और यादगार मुखड़ा त्योहारों पर खूब बजाया जाता है। यह गाना उन लोगों को बहुत पसंद आता है जो नवरात्रि के दौरान क्लासिक हिंदी फिल्मी संगीत सुनना पसंद करते हैं।



मन तेरा मंदिर

'मन तेरा मंदिर, आंखें दिया-बाती' 1978 की फिल्म 'भक्ति में शक्ति' का एक भक्ति गीत है। महेंद्र कपूर और दिलराज कौर द्वारा गाए गए इस गाने में ईश्वर के प्रति श्रद्धा और समर्पण दिखाने के लिए मंदिर और जलते हुए दीपक की कल्पना की गई है। यह गाना क्लासिक हिंदी फिल्मी भजनों की सदाबहार लोकप्रियता को भी दर्शाता है, जिनमें अक्सर आसान धुनों के साथ गहरे आध्यात्मिक विषयों का मेल होता था।

मां तेरे दरबार

देवी के दरबार की महिमा का गुणगान करने वाले भक्ति गीत माता के भजनों की परंपरा में एक खास जगह रखते हैं। 'मां तेरे दरबार' गाना भक्तों द्वारा देवी का आशीर्वाद, सुकून और सुरक्षा पाने की भावना से जुड़ा है।

मैं बालक तू माता

'मैं बालक तू माता' का भक्तिपूर्ण भाव एक भक्त और देवी के बीच के उस रिश्ते को दिखाता है, जिसमें बच्चा मां की ममता और देखभाल चाहता है। इसमें मरोसा, समर्पण और बिना शर्त प्यार का संदेश है, जो इसे नवरात्रि की प्रार्थनाओं के लिए बहुत खास है। यह गाना कई सालों से अलग-अलग भक्तिपूर्ण रूपों में गाया जाता रहा है। सुनने वाले अपनी पसंद के हिसाब से इसका पारंपरिक वर्शन या आज के समय की रिकॉर्डिंग चुन सकते हैं।

मैया तेरी जय-जयकार

मां दुर्गा की जीत और महिमा का गुणगान करने वाले गाने नवरात्रि की खास पहचान हैं। 'मैया तेरी जय-जयकार' अपनी भक्तिपूर्ण स्तुति और उत्सव के माहौल के जरिए इसी भावना को दिखाता है।

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में लघु फिल्म 'ए डे इन द लैंड ऑफ टाइगर्स' की गई रिलीज

वन और वन्य जीव केवल प्राकृतिक संपदा ही नहीं, अमूल्य विरासत भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वन्य प्राणी सप्ताह के समापन अवसर पर वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व, मोहली में वन और वन्य प्राणी संरक्षण के लिये वन कर्मियों के समर्पण को प्रदर्शित करती लघु फिल्म 'ए डे इन द लैंड ऑफ टाइगर्स' को रिलीज किया।

बांधवगढ़ के घने वन, बाघों की स्वच्छंद गतिविधियां और अनूठा प्राकृतिक सौंदर्य पर्यटकों को आकर्षित करते हैं, लेकिन प्रकृति की इस संपदा को सुरक्षित रखने के लिए जो वनकर्मी कठिन परिस्थितियों में दिन-रात काम करते हैं, उनकी कहानियां अक्सर अनकही रह जाती हैं। इन्हीं पहलुओं को लघु फिल्म 'ए डे इन द लैंड ऑफ टाइगर्स' में दर्शाया गया है। समारोह में फिल्म का एक अंश भी प्रदर्शित किया गया।

फिल्म में है बाघों की दुनिया के लिए वनकर्मियों के समर्पण की कहानी



समाज की भागीदारी और जागरुकता आवश्यक : सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फिल्म की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास वन्य जीव संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वन और वन्य जीव केवल प्राकृतिक संपदा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य विरासत हैं। इनके संरक्षण के लिए समाज की भागीदारी और जागरूकता आवश्यक है। नियमित गश्त, संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा, वन्य जीवों के स्वास्थ्य की देखभाल और मानव-वन्य जीव संघर्ष की आशंकाओं पर नजर रखना भी इसकी अहम जिम्मेदारियां हैं।

वन्य जीव संरक्षण में जुटे वन अमले की भूमिका

फिल्म वनों के इसी पक्ष से दर्शकों को परिचित कराएगी, जिसे सामान्य पर्यटक अक्सर नहीं देख पाते। लगभग 13 मिनट 13 सेकंड की यह फिल्म बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के प्राकृतिक सौंदर्य, गौरवशाली इतिहास, समृद्ध जैव विविधता और बाघों के जीवन के साथ वन्य जीव संरक्षण में जुटे वन अमले की भूमिका को दर्शाती है। बांधवगढ़ जैसे बाघ बहुल क्षेत्र में संरक्षण केवल वन्य जीवों की निगरानी तक सीमित नहीं है।

संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ाने का प्रयास

'ए डे इन द लैंड ऑफ टाइगर्स' का निर्माण 'उड़न गिलहरी' कंपनी ने किया है। फिल्म निर्माण में ओजैर और अमन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। फिल्म से बांधवगढ़ की खूबसूरती के साथ उन वनकर्मियों और मैदानी कार्यकर्ताओं के समर्पण को भी पहचान मिलेगी, जो कठिन परिस्थितियों में इस प्राकृतिक धरोहर की रक्षा कर रहे हैं।

228 अधिकारी-कर्मचारी संभाल रहे वन सुरक्षा की जिम्मेदारी

उमरिया जिला स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण और प्रबंधन के लिए 228 अधिकारी-कर्मचारी दिन-रात तैनात हैं। इनमें क्षेत्र संचालक, उप संचालक, 5 सहायक वन संरक्षक, एक वन्य प्राणी स्वास्थ्य अधिकारी, 10 वन क्षेत्रपाल, 11 उप वन क्षेत्रपाल, 31 वनपाल और 155 वनरक्षक सहित हाथी, महावत दल एवं वाहन चालक शामिल हैं। इनके साथ 101 स्थाईकर्मी, 37 टीपीएफ जवान और 583 ईडीसी श्रमिक भी वन सुरक्षा एवं संरक्षण कार्यों में योगदान दे रहे हैं। दुर्गम वन क्षेत्रों में गश्त, वन्यजीवों की निगरानी और आपात परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई कर यह अमला बांधवगढ़ की प्राकृतिक विरासत को सुरक्षित रखने में जुटा है। संरक्षण व्यवस्था के सुचारु संचालन में क्षेत्र संचालक कार्यालय की टीम भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यहां 32 कर्मचारी प्रशासनिक, वित्तीय, अभिलेखीय और तकनीकी कार्यों के माध्यम से मैदानी अमले को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराते हैं।

कॉलेज प्राध्यापकों एवं पुलिस अधिकारियों के लिए प्रशिक्षक कार्यक्रम का शुभारंभ

युवाओं को कानून, सुरक्षा और जिम्मेदार नागरिकता का पाठ पढ़ाएगी मप्र पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

युवाओं को कानूनों, मौलिक अधिकारों, नागरिक कर्तव्यों, साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा तथा सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मप्र पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग शाखा एवं मप्र शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 'जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद' पहल प्रारंभ की जा रही है। इसके तहत कॉलेजों एवं विवि में विद्यार्थियों के लिए कार्यशालाओं, संवाद सत्रों के माध्यम से कानून एवं सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी जाएगी।

उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयासों की रूपरेखा प्रस्तुत

उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त प्रबल सिपाहा ने बताया कि युवाओं को कानून, सुरक्षा एवं नागरिक जिम्मेदारियों की व्यवस्थित जानकारी देने के उद्देश्य से आठ क्रेडिट कोर्स तैयार किए गए हैं। नवीन आपराधिक कानूनों तथा इस पहल के प्रभावी क्रियान्वयन में पुलिस एवं प्राध्यापकों की भूमिका पर विचार रखे।

अजाक्स-सपाक्स पर केस दर्ज कराएगा कर्मचारी परिसंघ

भोपाल। पदोन्नतियों के साथ खिलवाड़ करके कर्मचारी-अधिकारी के मौलिक अधिकारों का हनन करने वाले अजाक्स और सपाक्स संगठनों की मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से शिकायत कर शासकीय कर्मचारी परिसंघ मामला दर्ज कराएंगा। शासकीय कर्मचारी परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय, महासचिव राकेश प्रधान, प्रदेशाध्यक्ष ध्रुव सिंह सिकरवार ने बताया कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हितैषी बनने वाले अजाक्स-सपाक्स संगठन पदोन्नतियों को रुकवा कर कोर्ट के कानूनी दांव-पेंचों में उलझाकर उनके मौलिक अधिकारों का हनन कर रहे है। जैसे ही कर्मचारियों और अधिकारियों की पदोन्नति का नंबर आता है। इन दोनों संगठनों के पदाधिकारी हाई कोर्ट जाकर कोर्ट केस का सहारा लेकर कानूनी दांव-पेच में पदोन्नतियों पर रोक लगवा देते है। अजाक्स-सपाक्स कर्मचारियों की पदोन्तियों को कोर्ट के माध्यम से रुकवा कर उनके मौलिक अधिकारों का हनन कर रहे हैं। इन दोनों संगठनों की अनीतिपूर्ण गतिविधियों के कारण ही प्रदेश में हजारों कर्मचारी अधिकारी बिना पदोन्नति ही सेवानिवृत हो गए। कर्मचारी परिसंघ उच्च न्यायालय में इनके विरुद्ध याचिका दर्ज करवा कर मानता रद्द करने की मांग करेंगे।

कर्मचारी हितैषी मुख्यमंत्री ने दी पदोन्नति की सौगातः पाण्डेय

सुशील पाण्डेय ने बताया कि कर्मचारी हितैषी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वर्ष 2026 में सभी जाति वर्ग धर्म एवं अनारक्षित वर्ग के कर्मचारियों पदोन्नतियां प्रदान की गई है। किसी वर्ग को कोई भी शिकायत नहीं रही है। लेकिन आजाक्स-सपाक्स संगठन अपनी नेतागिरी चमकाने के लिए हाई कोर्ट पहुंच गए हैं। अब समय आ गया है कि कर्मचारियों को मूर्ख बनाकर किसी भी संगठन के पदाधिकारी अपनी नेतागिरी नहीं कर पाएंगे। शासकीय कर्मचारी परिसंघ के आरक्षित एवं अनारक्षित वर्ग के कर्मचारी सामूहिक रूप से हाई कोर्ट जबलपुर में अक्टूबर में जनहित याचिका लगाएंगे। साथ ही मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर दोनों संगठनों की मान्यता समाप्त करने की मांग की जाएगी।

मुख्यमंत्री नायब ने श्री माता मनसा देवी मंदिर में परिवार सहित की पूजा-अर्चना

प्रधानमंत्री मोदी युवाओं को सही दिशा दे रहे, कांग्रेस ऐसा करने में विफल रही

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को कहा कि देश का युवा प्रतिभाशाली है और राष्ट्र का नाम रोशन कर रहा है। साथ ही उन्होंने जोर दिया कि अगर कोई युवाओं को सही दिशा दे रहा है, तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। अपने परिवार के साथ श्री माता मनसा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद पंचकूला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस युवाओं को सही दिशा नहीं दे सकती। मैं युवाओं से कहना चाहता हूं कि वे खुद पता लगाएं कि 2014 से पहले उनके समय में देश की क्या स्थिति थी। उन्होंने ने कहा, अगर कोई उन्हें सही दिशा दे सकता है या दे रहा है, तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी में विपक्षी गठबंधन इंडिया के सांसदों के प्रदर्शन पर सैनी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है। उनके पास कोई वास्तविक मुद्दा नहीं है, इसलिए वे झूठ बोलकर और भ्रम फैलाकर लोगों का ध्यान भटकाना चाहते हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार पर हमला बोलते हुए सैनी ने कहा, हमारे युवाओं को 2014 से पहले की स्थिति के बारे में नहीं पता है। उस समय लोगों को रसोई गैस के सिलेंडर के लिए तीन-तीन दिनों तक कतार में खड़े रहना पड़ता था।



2027 में पंजाब में भाजपा सरकार : नायब सैनी

पंजाब विधानसभा चुनावों से जुड़े सवाल पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विश्वास जताया कि 2027 में पंजाब में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि पंजाब के युवा, महिलाएं, किसान और गरीब वर्ग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त कर रहे हैं और भाजपा को मजबूत करना चाहते हैं। हरियाणा और पंजाब की स्थिति की तुलना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के युवा खेलों में पदक जीतकर और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। वहीं, उन्होंने पंजाब में युवाओं के बीच नशे की समस्या पर चिंता जताई और कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए प्रभावी प्रयासों की आवश्यकता है।मुख्यमंत्री ने आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सरकार ने ईमानदारी के नाम पर जनता से जो वादे किए थे, उन पर वह खरी नहीं उतरी है। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग सरकार की असलियत को पहचान चुके हैं और उन्होंने आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा की सरकार बनाने का मन बना लिया है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि विकास, पारदर्शी शासन, युवा सशक्तीकरण और जनकल्याण के मुद्दों पर भाजपा को पंजाब में जनता का समर्थन प्राप्त होगा।

महाराजा अग्रसेन भारतीय समाज की एक महान विभूति थे : सीएम



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के पटियाला के पातड़ां के प्राचीन शिव मंदिर परिसर में महाराजा अग्रसेन की 5150वीं जयंती के पावन अवसर पर युवा अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने अहिंसा, समाजवाद और करुणा के प्रतीक महाराजा अग्रसेन के चरणों में शत-शत नमन करते हुए सभी देशवासियों को जयंती और नवरात्रों की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी केवल अग्रवाल समाज ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतीय समाज की एक महान विभूति थे, जिन्होंने अपने राज्य में 'एक ईंट और एक सोने की मोहर' जैसी अनूठी और दूरदर्शी परंपरा की शुरुआत की थी ताकि हर नया परिवार आत्मनिर्भर बन सके।

- मुख्यमंत्री ने पंजाब के पटियाला के पातड़ां में युवा अग्रवाल सभा को संबोधित किया

जान-माल के नुकसान का खतरा

कटघोरा वन मंडल के पसान में दिखाई दिया 52 हाथियों का दल



सांकेतिक फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले के कटघोरा वन मंडल के पसान क्षेत्र में 52 हाथियों के दल की मौजूदगी से ग्रामीणों में भारी दहशत है। हाथियों का खौफ अब बच्चों की पढ़ाई से लेकर ग्रामीणों की रातों की नींद तक छीन रहा है। हाथी तेलियामार के आसपास विचरण कर रहे हैं, जिसमें एक दंतैल हाथी अलग घूम रहा है जो सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा रहा है।तेलियामार के दीपक मिशन स्कूल प्रबंधन ने बड़ा फैसला लिया है। सुरक्षा को देखते हुए हॉस्टल में रह रहे बच्चों को छुट्टी देकर घर भेज दिया गया है। तीन दिन पहले ही हाथियों के झुंड ने हॉस्टल में घुसकर दीवार तोड़ दी थी। साथ ही बगीचे को तहस-नहस करते हुए एक किसान के मकान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था।

बुनकरों और कारीगरों के लिए शुरू हुई नेत्र जांच पहल

नई दिल्ली। बुनकरों और हस्तशिल्प कारीगरों को उनके काम की जगह के करीब आंखों की जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए साइटसेवर्स इंडिया ने 'लूक्स एंड लेंस' पहल शुरू की है। कार्यक्रम की शुरुआत नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में अभिनेता और संस्था के आनरेरी ब्रांड एंबेसडर कबीर बेदी ने की।पहल के तहत वर्ष 2030 तक देशभर में 10 लाख बुनकरों, बुनाई से जुड़े श्रमिकों और कारीगरों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान जरूरतमंद लोगों को करीब 4 लाख चश्मे उपलब्ध कराने की योजना है। शुरुआत ओडिशा से होगी और बाद में इसे दूसरे राज्यों तक विस्तार दिया जाएगा।साइटसेवर्स इंडिया के अनुसार, पहल के तहत बुनकर समुदायों के आसपास नेत्र जांच शिविर लगाए जाएंगे। जरूरत के अनुसार चश्मे दिए जाएंगे और गंभीर मामलों में आगे के इलाज के लिए रेफरल की व्यवस्था की जाएगी।

अस्थि विसर्जन में साथ में न ले जाने से नाराज था मासूम छात्र

पांचवीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस कर रही मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग।

जिले के भिलाई के कुरूद क्षेत्र में नवीन चौक के पास पांचवीं कक्षा के एक छात्र ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक बालक की पहचान मनीष देवांगन के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही जामुल थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि परिजन बालक को अपने रिश्तेदार के अस्थि विसर्जन कार्यक्रम में साथ नहीं ले गए थे, जिससे वह नाराज चल रहा था।

पुलिस की शुरुआती पूछताछ के अनुसार, कुछ दिन पहले परिवार में मनीष के बड़े पिता का निधन हुआ था। परिवार के सदस्य अस्थि विसर्जन के लिए जा रहे थे और बालक ने भी साथ जाने की इच्छा जताई थी। उस समय परिजनों ने किसी वजह से मनीष को साथ ले जाने से मना कर दिया था। इसके बाद से ही बालक मानसिक रूप से परेशान था।



सभी पहलुओं पर पुलिस कर रही विवेचना

जामुल थाना पुलिस की टीम ने सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस अधिकारी परिजनों और आसपास के लोगों से बातचीत कर छात्र के व्यवहार तथा परिस्थितियों को समझने का प्रयास कर रहे हैं। जांच अधिकारी यह भी पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि घटना से ठीक पहले छात्र के साथ क्या परिस्थितियां बनी थीं और क्या वह किसी अन्य बात को लेकर परेशान था। पुलिस का कहना है कि जांच प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ही घटना के सटीक कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

कोरबा एसपी ऑफिस की स्टेनो शाखा में पदस्थ था आरक्षक

पत्थलगांव में पेड़ पर लटका मिला आरक्षक का शव, पुलिस महकमे में छाई शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

पुलिस अधीक्षक कार्यालय की स्टेनो शाखा में पदस्थ आरक्षक क्रमांक 640 नरहरि पटेल की लाश पत्थलगांव में पेड़ पर फांसी के फंदे से लटकी मिली है। घटना की सूचना पत्थलगांव थाना पुलिस ने कोरबा पुलिस को फोन कर दी है। खबर मिलते ही पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है।बताया जा रहा है कि आरक्षक की लाश पेड़ पर सफेद रंग की चुन्नी के फंदे पर लटकी हुई मिली है। ग्रामीणों की नजर जब पेड़ पर लटकी लाश पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पत्थलगांव थाना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और पहचान कार्रवाई शुरू की।



फाइल फोटो।

पहचान होने पर मृतक के परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही परिजन कोरबा से घटनास्थल पत्थलगांव के लिए रवाना हो गए हैं। आरक्षक ने कब, कैसे और किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया, यह अभी समझ से परे है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आरक्षक कोरबा से पत्थलगांव क्यों, कब और कैसे गया, यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। मृतक आरक्षक 38 वर्षीय नरहरि पटेल पिता श्री गोवर्धन प्रसाद पटेल का है। वह 2013 बैच में

पुलिस कर रही हर एंगल पर जांच

आरक्षक की मौत की सूचना मिलते ही पुलिस परिवार में शोक छा गया है। व्हाट्सएप ग्रुप में साथी पुलिसकर्मी उसे श्रद्धांजलि दे रहे हैं। साथी बताते हैं कि नरहरि बहुत ही सरल स्वभाव और सुलझा हुआ संतुलित बातें करने वाला पुलिसकर्मी था। वह सभी से मिलजुल कर रहता था। फिलहाल पत्थलगांव पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। परिजनों के घटनास्थल पर पहुंचने के बाद और पुलिस की वैधानिक कार्रवाई, पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद ही आरक्षक की मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा।

200 से अधिक स्टॉल पर मिलेंगे स्वदेशी उत्पाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे आकर्षण का केंद्र

राजधानी में 23 से सजेगा 12 दिवसीय विशाल स्वदेशी मेला

एमवीएम ग्राउंड में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देने, स्थानीय कारीगरों एवं उद्यमियों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने और समाज में स्वावलंबन की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भोपाल में 23 अक्टूबर से 12 दिवसीय विशाल स्वदेशी मेले का आयोजन किया जाएगा। स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में यह मेला मिंटो हॉल के समीप एमवीएम ग्राउंड में आयोजित होगा। मेले में देशभर के स्वदेशी उत्पादों, भारतीय हस्तशिल्प, दैनिक उपयोग की वस्तुओं, स्थानीय उद्योगों और स्टार्टअप्स के 200 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। स्वदेशी मेला संयोजक सतीश विश्वकर्मा ने आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि मेले का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को आमजन तक पहुंचाने के साथ स्थानीय कारीगरों, बुनकरों, शिल्पकारों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और विक्रय के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना है।



भोपाल। कार्यक्रम की जानकारी देते स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी सतीश विश्वकर्मा एवं सीमा भारद्वाज।

आयोजन के लिए समिति गठित

मेले के सुचारु संचालन एवं विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है। सतीश विश्वकर्मा को मेला संयोजक बनाया गया है, जबकि विजय सोनी, दीपक वर्मा एवं रमन तिवारी को सह-संयोजक का दायित्व सौंपा गया है। सीमा भारद्वाज एवं शोभराज सुखवानी को भी प्रमुख जिम्मेदारियां दी गई हैं। आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं के संचालन के लिए अलग-अलग कार्य समितियां भी गठित की गई हैं। प्रेसवार्ता में इस अवसर पर अखिल भारतीय सह मेला प्रमुख साकेत राठौर भी उपस्थित रहे।

खरीदारी भी स्वदेशी उद्यमियों का सम्मानः सीमा भारद्वाज

स्वदेशी जागरण मंच मध्यभारत प्रांत महिला कार्य प्रमुख एवं मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता संयोजक सीमा भारद्वाज ने कहा कि इस मेले का उद्देश्य छोटे से बड़े उद्यमियों को एक मंच देना है। कोशिश है कि दीपक, बाती, हस्तनिर्मित वस्तुएं और स्थानीय उत्पाद बनाने वाले छोटे उद्यमियों के घर भी इस दीपावली समृद्धि और खुशहाली आए। मेले में पंच परिवर्तन, संस्कृति और महापुरुषों पर प्रतियोगिताएं होंगी। विजेताओं को खरीदे गए स्वदेशी उत्पाद उपहार में दिए जाएंगे। शाम 6 से रात 10 बजे तक विद्यालयों, संस्थाओं और विभिन्न भाषाई समुदायों द्वारा लोकनृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं भारतीय जीवन दर्शन पर आधारित कार्यक्रम होंगे।

भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
टेली फैक्स : 07740-252273 email:bssukm1@gmail.com
Contact No. - 09454221467, 7599421014, 08305143251, 09893404589

निविदा विज्ञप्ति क्र.- 10 **-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::-** दिनांक- 10/10/2026

3500 टी.सी.डी. के भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, कवर्धा, जिला-कबीरधाम में विभिन्न मैन्युफैक्चरिंग सामग्री, केमीकल्स, लैब आईटम्स, विभिन्न शुगर पैकिंग सामग्री, विभिन्न इंजीनियरिंग सामग्री क्रय/कार्य हेतु ई-टेण्डर आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा हेतु इच्छुक फर्मों/निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर पृथक-पृथक ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1311/-रू. (1000/-रू. + 311/-रू. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) से फार्म Upload किया जाना है। निम्नलिखित तिथि अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	विवरण	निविदा प्रपत्र विक्रय / जमा तिथि एवं समय	निविदा खोलने तिथि एवं समय
1	पुनः ई-निविदा सूचना क्रमांक - 201174 (Only OEM & Authorized Dealer) Lime, Sulphur and Other Chemical, Boiler Chemical Cooling Tower Chemical, Cleaning Equipment, & Other Engineering Item, AMC & Data Transfer water flow Meter etc.	दिनांक 12/10/2026 समय रात्रि 08:00 बजे से 19/10/2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर/अपलोड करने पर मान्य होगा।	निविदा 19/10/2026 समय दोपहर 12:30 बजे से
2	पुनः ई-निविदा सूचना क्रमांक - 201175 (Non Authorized Suppliers) Sugar Bag Stitching and Printing Material Various Chemicals, Oil Seal, Bearings Mini Dosing Pumps & Other Miscellaneous Item etc.	दिनांक 12/10/2026 समय रात्रि 08:00 बजे से 22/10/2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर/अपलोड करने पर मान्य होगा।	निविदा 22/10/2026 समय दोपहर 12:30 बजे से
3	ई-निविदा सूचना क्रमांक - 201424 (OEM & Authorized Dealer) Laboratory Chemicals, and Apparatus, gear Box, PP & Jute Bags, Portable Sugar bag Belt Conveyor Etc.	दिनांक 12/10/2026 समय रात्रि 08:00 बजे से 26/10/2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर/अपलोड करने पर मान्य होगा।	निविदा 26/10/2026 समय दोपहर 12:30 बजे से

निविदा की नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र एवं कारखाने के वेब साइट WWW.bssukm.co.in में भी अवलोकन कर सकते है।
प्रबंध संचालक
भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या.
कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

चिंतन

नेताओं की महत्वाकांक्षा में पिस रहा आम आदमी

राजधानी दिल्ली में पिछले एक सप्ताह से राजनीतिक दलों की खींचतान का खामियाजा आम आदमी भुगत रहा है। पहले कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के प्रदर्शन, फिर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और वामपंथी संगठनों के विरोध ने दिल्ली की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। मेट्रो स्टेशन बंद हुए, रेल यात्रियों की मुश्किलें बढ़ीं और इंटरनेट सेवाओं पर भी असर पड़ा। नौकरीपेशा लोग समय पर दफ्तर नहीं पहुंच पाए, विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हुई और रोज कमाकर खाने वालों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हुआ। नेताओं की महत्वाकांक्षाओं और राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई में आम आदमी एक बार फिर पिसने को मजबूर है। सवाल सीधा है कि अपनी ताकत दिखाने की इस राजनीति में जनता को सजा क्यों मिले? लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, लेकिन जनता को परेशान करने का लाइसेंस नहीं। निर्वाचन आयोग के फैसलों पर सवाल उठाना हो, मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग करनी हो या सरकार की नीतियों का विरोध करना हो, राजनीतिक दलों को अपनी बात रखने की पूरी स्वतंत्रता है। मगर विरोध का ऐसा तरीका, जो लाखों लोगों की दिनचर्या बिगाड़ दे, इसे किसी सूरत में सही नहीं ठहराया जा सकता। नेता धरने पर बैठकर अपनी मांगों के लिए लड़ते हैं, लेकिन इसकी कीमत उस कर्मचारी को चुकानी पड़ती है, जिसकी एक दिन की अनुपस्थिति वेतन कटवा सकती है। परीक्षा देने जा रहे विद्यार्थी, अस्पताल पहुंचने की कोशिश करता मरीज और रोज की कमाई पर निर्भर मजदूर किसी राजनीतिक दल के विरोधी नहीं हैं। फिर उन्हें इस लड़ाई में घसीटने का हक किसने दिया? 10 अक्टूबर को सीजेपी और वामपंथी संगठनों के प्रदर्शन के दौरान हालात की गंभीरता सामने आई। खबरों के अनुसार, सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर दिल्ली में 45 मेट्रो स्टेशन बंद किए गए और सात हजार से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। रविवार को सुप्रीम कोर्ट की विशेष पीठ ने मेट्रो सेवाएं सामान्य रखने, इंटरनेट बाधित नहीं करने और लोगों की आवाजाही नहीं रोकने पर जोर दिया। संबंधित अधिकारियों से जवाब भी मांगा गया। हालांकि कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन प्रतिबंध समस्या के अनुपात में ही होने चाहिए। कुछ स्थानों पर तनाव की आशंका के कारण पूरे शहर की रफ्तार रोक देना उचित नहीं। सुरक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि प्रदर्शन भी हो और आम नागरिक का जीवन भी चलता रहे। विडंबना यह है कि हर राजनीतिक दल जनता के नाम पर राजनीति करता है, लेकिन विरोध के दौरान सबसे पहले उसी जनता की सुविधा को ताक पर रख देता है। इस बार तो एक गैर जिम्मेदार दल और कुछ कथित नेता अपनी महत्वाकांक्षा के चलते लोगों को बरगलाकर प्रदर्शन में धकेल रहे हैं। राजनीतिक दलों को प्रदर्शन के लिए ऐसे स्थान और तरीके चुनने चाहिए, जिनसे सार्वजनिक परिवहन, अस्पतालों, स्कूलों और कामकाजी लोगों की आवाजाही प्रभावित न हो। प्रशासन को भी वैकल्पिक मार्गों और परिवहन की व्यवस्था करनी चाहिए तथा प्रतिबंधों को अंतिम विकल्प के रूप में अपनाना चाहिए। राजनीति जनसेवा का माध्यम है, जनजीवन को बंधक बनाने का नहीं। नेताओं को समझना होगा कि जनता केवल रैलियों में भीड़ जुटाने या चुनाव में वोट देने के लिए नहीं है। उसकी रोजमर्रा की जरूरतें और अधिकार भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने राजनीतिक दलों के मुद्दे। लोकतंत्र की सार्थकता शक्ति प्रदर्शन में नहीं, बल्कि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा में है।



मुद्दा
महेन्द्र तिवारी

सस्ता डेटा बेहतर या तेज उपग्रह नेटवर्क

अब तक देश में इंटरनेट की पहुंच बढ़ाने का प्रमुख आधार मोबाइल टावर, भूमिगत प्रकाशीय तंतु और दूरसंचार नेटवर्क रहे हैं। उपग्रहों के माध्यम से इंटरनेट उपलब्ध कराने वाली तकनीक ने संभावनाओं के नए द्वार खोल दिए हैं। इस परिवर्तन के केंद्र में एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की स्टारलिंक सेवा और मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो जैसी कंपनियां हैं। इन दोनों के बीच उभरती प्रतिस्पर्धा केवल दो उद्योगपतियों की कारोबारी लड़ाई नहीं है, बल्कि यह भारत में भविष्य की संचार व्यवस्था, बाजार के नियमों और डिजिटल आत्मनिर्भरता से जुड़ा महत्त्वपूर्ण प्रश्न भी है। एलन मस्क की स्टारलिंक निम्न पृथ्वी कक्षा में स्थापित उपग्रहों के माध्यम से इंटरनेट उपलब्ध कराती है। इसकी विशेषता यह है कि इसके लिए प्रत्येक स्थान तक भूमिगत तार बिछाना या मोबाइल टावर स्थापित करना आवश्यक नहीं होता। उपयोगकर्ता के स्थान पर उपयुक्त उपकरण लगाकर उपग्रहों के माध्यम से इंटरनेट से जुड़ा जा सकता है।

यह व्यवस्था विशेष रूप से उन क्षेत्रों में उपयोगी हो सकती है, जहां पहाड़, घने जंगल, दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां अथवा बिखरी हुई आबादी के कारण पारंपरिक संचार नेटवर्क पहुंचाना कठिन और खर्चीला होता है। भारत जैसे विशाल देश में इस तकनीक की उपयोगिता को नकारा नहीं जा सकता। हिमालयी क्षेत्रों के गांवों, सीमावर्ती बस्तियों, द्वीपों और दूरस्थ वनवासी क्षेत्रों में इंटरनेट की बेहतर उपलब्धता शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार तथा प्रशासनिक सेवाओं को मजबूत कर सकती है। प्राकृतिक आपदाओं के समय भी उपग्रह आधारित संचार महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। बाढ़, भूकंप अथवा चक्रवात के कारण जब सड़कें क्षतिग्रस्त हो जाएँ और जमीन पर आधारित संचार व्यवस्था बाधित हो जाए, तब उपग्रह संपर्क राहत और बचाव कार्यों में सहायक बन सकता है। हालांकि, इसके लिए बिजली, उपयुक्त उपकरण और आवश्यक तकनीकी व्यवस्था भी उपलब्ध होनी चाहिए। स्टारलिंक की भारत में संभावित शुरुआत को लेकर चर्चा उस समय अधिक तेज हो गई, जब कंपनी को आवश्यक प्रारंभिक नियामकीय अनुमतियां मिलने के बाद भी व्यावसायिक सेवा शुरू करने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। भारत में किसी विदेशी उपग्रह संचार कंपनी के लिए केवल अनुमति प्राप्त कर लेना पर्याप्त नहीं है। उसे सुरक्षा संबंधी शर्तों, तकनीकी मानकों, नियामकीय नियमों और अन्य निर्धारित आवश्यकताओं को पूरा करना पड़ता है। उपग्रहों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं में राष्ट्रीय सुरक्षा और संचार व्यवस्था की निगरानी विशेष रूप से महत्वपूर्ण होती है। इसी पृष्ठभूमि में एलन मस्क और मुकेश अंबानी के बीच विवाद चर्चा का विषय बना। अक्टूबर 2026 में मस्क ने सामाजिक संचार मंच एक्स पर अंबानी के प्रभाव को लेकर व्यंग्यात्मक टिप्पणियां कीं। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत में कुछ प्रभावशाली कारोबारी उपग्रह इंटरनेट के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा को सीमित करना चाहते हैं। उन्होंने अंबानी को निशाना बनाते हुए यह भी पूछा कि क्या वही भारत के वास्तविक निर्णायक हैं। मस्क की टिप्पणियों में यह शिकायत दिखाई देती है कि उनकी कंपनी को भारतीय बाजार में अपनी सेवाएं



शुरू करने के लिए अपेक्षित गति से आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिल रहा है। हालांकि, किसी कंपनी को अनुमति मिलने में देरी को सीधे तौर पर दूसरी कंपनी के दबाव या एकाधिकार की कोशिश का प्रमाण नहीं माना जा सकता। इसके लिए ठोस तथ्य आवश्यक हैं।

भारत सरकार का पक्ष है कि उपग्रह संचार सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनियों को निर्धारित नियमों और सुरक्षा संबंधी शर्तों का पालन करना होगा। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह किसी एक कंपनी को विशेष लाभ देने के पक्ष में नहीं है। स्टारलिंक, जियो की उपग्रह संचार सेवा और वनवेब जैसी कंपनियों को संबंधित नियामकीय आवश्यकताएं पूरी करनी होंगी। इस दृष्टि से विवाद को समझने के लिए आरोपों और प्रमाणित तथ्यों के बीच अंतर बनाए रखना जरूरी है। इस बहस में जोहो के संस्थापक श्रीधर वेम्बु की टिप्पणियां भी उल्लेखनीय हैं। उन्होंने भारत में सस्ते इंटरनेट की उपलब्धता और दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के महत्व को रेखांकित किया। उनके अनुसार, भारत में मोबाइल इंटरनेट की कम कीमतों ने आम नागरिकों के जीवन में व्यापक परिवर्तन किया है। कुछ वर्ष पहले तक इंटरनेट का नियमित उपयोग अनेक परिवारों के लिए महंगा था। आज विद्यार्थी ऑनलाइन अध्ययन कर सकते हैं, छोटे व्यापारी अपने ग्राहकों तक पहुंच सकते हैं और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अनेक सरकारी तथा वित्तीय सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में रिलायंस जियो के प्रवेश ने इस परिवर्तन को गति देने में अहम भूमिका निभाई। कम कीमत पर अधिक आंकड़ा उपलब्ध कराने वाली योजनाओं ने दूसरी कंपनियों को भी अपनी सेवाओं और मूल्य निर्धारण की रणनीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया। इससे इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या बढ़ी और डिजिटल सेवाओं का विस्तार हुआ। फिर भी भारत में सस्ते इंटरनेट की उपलब्धता का पूरा श्रेय किसी एक कंपनी को देना उचित नहीं होगा।

सरकारी डिजिटल पहलों, दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा, तकनीकी प्रगति और स्मार्ट उपकरणों की बढ़ती उपलब्धता ने भी इसमें योगदान दिया है। अब प्रश्न यह है कि स्टारलिंक जैसी सेवा भारतीय बाजार में किस प्रकार अपनी जगह बनाएगी। उपग्रह इंटरनेट की सबसे बड़ी विशेषता इसकी भौगोलिक पहुंच है, लेकिन इसकी लागत एक बड़ी चुनौती है। पारंपरिक मोबाइल इंटरनेट का उपयोग करने के लिए सामान्यतः अलग से उपग्रह उपकरण लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। इसलिए भारत के विशाल उपभोक्ता वर्ग के लिए केवल तकनीकी श्रेष्ठता पर्याप्त नहीं होगी। सेवा की कीमत, विश्वसनीयता और वास्तविक उपयोगिता भी निर्णायक होंगी।

इस प्रकार दोनों व्यवस्थाओं को एक-दूसरे का पूर्ण विकल्प मानने के बजाय पूरक के रूप में देखना अधिक व्यावहारिक होगा। मोबाइल नेटवर्क और भूमिगत संचार तंत्र बड़ी आबादी को कम लागत पर जोड़ सकते हैं, जबकि उपग्रह इंटरनेट उन स्थानों तक पहुंच बढ़ा सकता है, जहां अन्य माध्यम सीमित हैं। इस विवाद का सबसे जटिल पक्ष रेडियो तरंगों के उपयोग के लिए आवश्यक स्पेक्ट्रम का आवंटन है। भारत की डिजिटल यात्रा अब केवल इंटरनेट की गति बढ़ाने तक सीमित नहीं है। यह इस बात से भी जुड़ी है कि देश अपनी तकनीकी आवश्यकताओं, आर्थिक हितों और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच कैसा संतुलन स्थापित करता है। स्टारलिंक और जियो के बीच उभरती प्रतिस्पर्धा इस संतुलन की परीक्षा है। सरकार को पारदर्शी नियमों, निष्पक्ष निर्णयों और दीर्घकालिक दृष्टि के साथ आगे बढ़ना होगा। अंततः सफलता किसी उद्योगपति की व्यक्तिगत जीत में नहीं, बल्कि उस व्यवस्था के निर्माण में होगी जो भारत के प्रत्येक नागरिक को डिजिटल अवसरों से जोड़ सके।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

पुण्यतिथि विशेष
कृष्ण प्रताप सिंह



डॉ. लोहिया ने छेड़ी 'तीन आना बनाम पंद्रह आना' की बहस

सन् 1967 में 12 अक्टूबर को (यानी आज के ही दिन) पौरुष ग्रंथि के विफल ऑपरेशन से पीड़ित समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया का निधन हुआ तो राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' ने अपने एक भावप्रवण संस्मरण में लिखा था : कोई महीना भर पहले मैंने उन्हें सुझाया कि वे हमेशा 'सप्तक्रांति के स्फुलिंग' ही न बने रहा करें। अपना 'शाश्वत' क्रोध घटायें और अपने समकालीन नेताओं से छोटी-छोटी बातों को लेकर कटुताएं न पैदा किया करें। अन्यथा कहीं ऐसा न हो कि उनके प्रधानमंत्री बनने का अवसर आये तो ये कटुताएं उनके रास्ते की बाधा बन जायें। इस पर उनका उत्तर था, 'दिनकर, तुम समझते हो कि बहुत दिन जीने वाला हूं मैं? मेरी आयु बहुत कम है, इसलिए जब भी जो भी बोलता हूं, उसे बोल लेने दो मुझे।' अब मुझे लगता है कि उन्होंने अपनी मौत को पहले ही देख लिया था। आज की तारीख में कम ही लोग जानते होंगे कि डॉ. लोहिया और 'दिनकर' परस्पर अभिन्न मित्र थे। इस तथ्य के बावजूद कि राजनीति में उनकी सक्रियताएं परस्पर विरोधी थीं। निधन के वक्त लोहिया महज 57 साल के थे और उनका संसदीय जीवन भी लम्बा नहीं रहा था। इसका एक बड़ा कारण उनका चुनावी जीत-हार को बहुत महत्व न देना, 1962 से पहले कोई लोकसभा चुनाव न लड़ना और 1962 में भी फूलपुर जाकर लगभग असम्भव मुकाबले में सीधे तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से भिड़ जाना था। उनके अनुसार लोकतंत्र में चुनाव अपनी पार्टी की नीतियों को मतदाताओं तक ले जाने के अवसर होते हैं और आते-जाते रहते हैं। इसलिए मतदाताओं द्वारा उनमें सुनाये गये फैसलों को लेकर हाय-तौबा का कोई हासिल नहीं होता। ऐसे किसी हासिल के लिए तो शिकस्त के दिन से ही अगले मुकाबले की तैयारी में लग जाना होता है। उन्होंने लगभग यही बात 1962 के लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी की करारी हार के बाद नैनीताल में उसके कार्यकर्ताओं को निराशा के कर्तव्य समझाते हुए भी कही थी। बाद में इन्हीं कार्यकर्ताओं (जो कह रहे थे कि



तत्कालीन परिस्थितियों में लोहिया का लोकसभा में होना बहुत जरूरी है) की मांग पर वे उत्तर प्रदेश की फर्रुखाबाद लोकसभा सीट का उपचुनाव (जो वहां से निर्वाचित कांग्रेस सांसद मूलचंद दूबे के निधन के कारण हुआ था) लड़े और जीते थे। नये परिसीमन के फलस्वरूप अलग कन्नौज लोकसभा सीट अस्तित्व में आई तो 1967 के लोकसभा चुनाव में वे उस सीट से भी चुनाव लड़े और विजयी हुए थे। थोड़े ही दिनों बाद वे इस दुनिया को अलविदा कह गए। इस तरह वे दो कार्यकालों में कुल मिलाकर मुश्किल से एक कार्यकाल की अवधि के बराबर ही लोकसभा में रहे, लेकिन उसकी कार्यवाहियों और बहसों में अपनी अनूठी हिस्सेदारी से यह सिद्ध कर गये कि छोटी होने के बावजूद उसमें उनकी उपस्थिति महनीय है। लोकसभा में दिये गये उनके अन्य सारे भाषण भुला दिये जायें तो अकेला 'तीन आने बनाम पन्द्रह आने' वाला ऐतिहासिक भाषण ही उन्हें अप्रासंगिक नहीं होने देगा और उनकी याद दिलाता रहेगा। उन्होंने यह भाषण आचार्य जेबी कृपलानी द्वारा 22 अगस्त, 1963 को जवाहरलाल नेहरू की सरकार के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में दिया था। यह प्रस्ताव आजादी के बाद किसी भी सरकार के खिलाफ पहला अविश्वास प्रस्ताव था, जिसकी हिमायत में लोहिया ने कहा था कि 27 करोड़ (उस वक्त की देश की जनसंख्या के लगभग 70 प्रतिशत) देशवासी तीन आने (20 नये पैसे) रोज के खर्च पर जीवन निर्वाह को अभिशप्त हैं। सत्ता पक्ष की ओर से इस 'तीन आने' को 'पन्द्रह आने' बताया गया तो लोहिया ने यह कहकर उसे चुप करा दिया कि अगर मेरी बात गलत निकलती है तो मैं इस सदन से निकल जाऊंगा और सत्तापक्ष गलत निकलता है तो प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को अपने पद पर नहीं रहना चाहिए। इसी भाषण में उन्होंने यह भी कहा था कि देश में महिलाएं, हरिजन, आदिवासी, पिछड़े, धार्मिक अल्पसंख्यक और शूद्र पांच बड़े वर्ग हैं, जिनकी आबादी कुल आबादी की नब्बे फीसदी है। इन्हें विशेष अवसर दिए बगैर तीन आने वाली स्थिति नहीं ही बदलने वाली। उनके इस भाषण को लोकसभा के इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण बौद्धिक भाषणों में से एक माना जाता है। चुनाव तो वे 1962 के लोकसभा चुनाव में फूलपुर में जवाहरलाल नेहरू से भी हारे थे लेकिन उनकी उस हार में भी एक नैतिक चमक थी, जबकि कन्नौज सीट को लेकर हाईकोर्ट से मिली हार मतगणना में उन्हें मिली जीत की भी नैतिक चमक छीन लेने वाली थी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

कर्मों से उपार्जित सुख

संकलित
दर्शन

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

जब कोई झूठा आरोप लगे तो धैर्य न छोड़ें

संकलित
प्रेरणा



द्वारका में एक सूर्य भक्त था सत्राजित। उसे सूर्य देव ने स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। ये मणि रोज बीस तोला सोना उगलती थी। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में देंगे तो इससे मिले धन से प्रजा की अच्छी देखभाल हो सकेगी। सत्राजित ने श्रीकृष्ण को मणि देने से मना कर दिया। इस घटना के कुछ दिन बाद सत्राजित के भाई प्रसेनजित ने मणि चुरा ली। प्रसेनजित मणि लेकर जंगल में भाग गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। मणि जंगल में ही गिर गई। सत्राजित को जब प्रसेनजित और अपनी मणि नहीं मिली तो उसने श्रीकृष्ण पर आरोप लगा दिया कि कृष्ण ने ही मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण पर चोरी और हत्या का कलंक लग गया। श्रीकृष्ण आरोप को गलत साबित करने के लिए जंगल की ओर चल दिए। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पैरों के निशान दिखे।श्रीकृष्ण समझ गए कि प्रसेनजित को शेर ने मार दिया है और मणि यहीं कहीं गिर गई है। श्रीकृष्ण मणि खोजते हुए एक गुफा में पहुंच गए। गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण ने मणि मांगी तो जामवंत ने नहीं दी। इसके बाद दोनों का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीत गए। इसके बाद जामवंत ने मणि श्रीकृष्ण को दे दी और अपनी पुत्री जामवंती का विवाह भी भगवान के साथ कर दिया। द्वारका लौटकर श्रीकृष्ण ने वह मणि जामवंत से लेकर सत्राजित को दे दी और पूरी सच्चाई बता दी।

अंतर्मन



आज की पाती

बहुत जरूरी है मानसिक स्वास्थ्य

दस अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस दिन बहुत से देशों में सरकारी और विभिन्न सामजिक संगठन लोगों को मानसिक तनाव से बचने के बारे में जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। हर व्यक्ति का शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य होना भी जरूरी है, तभी हम जिंदगी के मजे ले सकते हैं। हमारे देश में आज शारीरिक अस्वस्थ लोगों का आंकड़ा ही नहीं बढ़ रहा है, बल्कि मानसिक रोगी भी बढ़ रहे हैं। मानसिक रोगी होने के मुख्य कारण कई गिनवाए जा सकते हैं। संभावना है कि बहुत ही कम गरीब ऐसे होंगे जो मानसिक स्वास्थ्य संकट के दायरे में आए होंगे। मानसिक स्वास्थ्य खराब होने के आंकड़े बढ़ने के कारण ही तो देश में आत्महत्या के केस बढ़ते जा रहे हैं। - *विवेक वर्मा, खैरागढ़*

करंट अफेयर

ब्रिटेन में मोदी की '25 साल की जन सेवा' का जश्न मना

ब्रिटेन में प्रवासी भारतीयों के विभिन्न संगठनों का एक समूह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्वाचित पद पर 'जनसेवा के 25 वर्ष' के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार को 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' परिसर में हुई। इसकी मेजबानी लॉर्ड रामी रेंजर ने सरदार पटेल मेमोरियल सोसाइटी के अध्यक्ष के रूप में की। कार्यक्रम में असमिया और ओडिसी के पारंपरिक नृत्य, वायलिन वादन और औपचारिक रूप से केक काटने के आयोजन के जरिए भारत की सांस्कृतिक विविधता भी प्रदर्शित की गई। आयोजकों ने एक बयान में कहा, 'इन समारोहों के केंद्र में भारत का शाश्वत दर्शन 'वसुधैव कुटुंबकम' है, जिसका अर्थ है कि पूरी दुनिया एक परिवार है। यह मार्गदर्शक सिद्धांत समावेशिता, शांति, साहस, खुशी, समृद्धि और नई शुरुआत जैसे सार्वभौमिक मूल्यों को दर्शाता है।' उन्होंने कहा, ' 'इस महत्वपूर्ण पड़ाव का जश्न मनाते हुए इन आयोजनों को गैर-राजनीतिक रखा गया है। इनमें सार्वजनिक सेवा, समावेशिता, शांति, साहस, खुशी, समृद्धि और सभी भारतीयों की सफलता जैसे सार्वभौमिक मूल्यों पर विशेष जोर दिया गया है।' इस बीच, ब्रिटिश भारतीय समुदाय ने 17 अक्टूबर को पश्चिमी लंदन के रुइस्लिप में एक सामुदायिक समारोह आयोजित करने की योजना की घोषणा की है।



ऑफ बीट

क्या माउथवॉश हृदय के लिए हानिकारक होता है?

सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो में दावा किया गया है कि माउथवॉश से उच्च रक्तचाप का खतरा बढ़ सकता है और हृदय की सेहत को नुकसान हो सकता है। कुछ वीडियो के अनुसार, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि माउथवॉश मुंह के उन "अच्छे" बैक्टीरिया को खत्म कर देता है, जो हृदय और रक्त-प्रणाली के लिए जरूरी होते हैं। यह सुनने में चौंकाने वाला लग सकता है लेकिन आपको अभी अपना माउथवॉश फेंकने की जरूरत नहीं है। सच्चाई इससे कहीं ज्यादा जटिल है। हमारे मुंह में कई तरह के बैक्टीरिया होते हैं। ये सभी मिलकर एक संतुलित और विविध प्रकार के 'माइक्रोबायोम' बनाते हैं, जो हानिकारक बैक्टीरिया की बढ़त को रोकते हैं, सामान्य 'मेटाबॉलिज्म' में मदद करते हैं और मुंह व शरीर की कुल सेहत को बेहतर बनाते हैं। इन बैक्टीरिया का एक अहम काम है हमारे भोजन (खासकर हरी पत्तेदार सब्जियों) में मौजूद नाइट्रेट को नाइट्राइट में बदलना। जब हम नाइट्राइट निगलते हैं, तो शरीर इसे नाइट्रिक ऑक्साइड में बदल देता है। यह प्रक्रिया नाइट्रेट-नाइट्राइट-नाइट्रिक ऑक्साइड प्रक्रिया (या एंटरोसैलिवरी प्रक्रिया) कहलाती है। यह एक उदाहरण है कि बैक्टीरिया कैसे शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।



ट्रेंड

दैवीय शक्ति की उपासना



दैवीय शक्ति की उपासना को समर्पित नवरात्रि पर्व पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। माँ जगदम्बा की कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य का संचार हो, तथा राष्ट्रीय एकता और प्रगति का संकल्प और सुदृढ़ हो।
- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

जनता की आवाज़



'मोगैंबो मोदी' ने चुनाव में धांधली करके और जनता की आवाज़ को दबाकर भारत के लोकतंत्र की नींव को बर्बाद कर दिया है। वे चाहे कितना भी डराने-धमकाने की कोशिश कर लें-मोदी यह समझ नहीं पा रहे हैं कि उनका खेल, जो पिछले 10-15 सालों से चल रहा था, अब खत्म हो चुका है।
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

सपनों की उड़ान



हरियाणा की बेटी अर्शिया गोस्वामी ने साबित कर दिखाया है कि सपनों की उड़ान उम्र की मोहताज नहीं होती! धाकड़ बेटी ने 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में सबसे कम उम्र की डेडलिफ्टर के रूप में अपनी पहचान बनाई है।
- **नायब सैनी,** सीएम, हरियाणा

विपक्ष का दबाव



जब विपक्ष का दबाव बहुत ज़्यादा बढ़ा, तो रातों-रात सारी व्यवस्थाएँ हटा दी गईं। यह सरकार किसी मटके की तरह लुढ़कती रहती है, एक किनारे से दूसरे किनारे, कभी यहां, तो कभी वहां।
- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



छोटी पहल भी पैदा कर सकती है बड़ी राष्ट्रीय भावना

पीएम मोदी बोले- युवाओं की आंखों में दिखता है भारत का भविष्य यही आपका समय,यही अवसर

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

जयगोपाल गरोडिया हिंदू विद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह में बोले प्रधानमंत्री, बड़े सपने देखने और नए विचारों के साथ दुनिया की समस्याओं का समाधान तलाशने का किया आह्वान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के चेन्नई में जयगोपाल गरोडिया हिंदू विद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए युवाओं से बड़े सपने देखने और देश के भविष्य को लेकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत आज तेजी से बदल रहा है और विकसित भारत के निर्माण के लिए नए विचारों तथा समाधानों की जरूरत है। भारत के युवा न केवल देश, बल्कि पूरी दुनिया का भविष्य तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों के उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा की सराहना करते हुए कहा, मुझे आपकी आंखों में भारत का भविष्य दिखता है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे अपने भविष्य को बड़े कैनवास पर देखें, क्योंकि यही उनका समय और अवसर है। देश में अवसरों की कोई कमी नहीं है और युवाओं को अपनी क्षमता पहचानकर आगे बढ़ना चाहिए।

कॉलेजों की संख्या भी लगभग 38 हजार से बढ़कर 52 हजार से ज्यादा हो गई

भारत के युवाओं में अपनी शिक्षा, प्रतिभा, ऊर्जा और नवाचार के दम पर

शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से बढ़े अवसर



प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में देश का शिक्षा परिदृश्य तेजी से बदला है। वर्ष 2014 में भारत में करीब 750 विश्वविद्यालय थे, जबकि अब इनकी संख्या बढ़कर 1,300 से अधिक हो गई है। इसी तरह कॉलेजों की संख्या भी लगभग 38 हजार से बढ़कर 52 हजार से ज्यादा हो गई है। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में कई नए आईआईटी, आईआईएम, ट्रिपल आईटी खोले गए।

दुनिया की समस्याओं का समाधान दे सकते हैं भारतीय युवा

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया विभिन्न समस्याओं के समाधान तलाश रही है। भारत के युवाओं में अपनी शिक्षा, प्रतिभा, ऊर्जा और नवाचार के दम पर इन समस्याओं का समाधान देने की क्षमता है। उन्होंने विश्वास जताया कि विकसित भारत का सपना युवाओं की भागीदारी से साकार होगा। इसके लिए जरूरी है कि विद्यार्थी नए विचारों को अपनाएं, आत्मविश्वास बनाए रखें और चुनौतियों को अवसर में बदलने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और युवाओं को इस बदलाव का नेतृत्व करने के लिए तैयार रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आने वाला समय भारत और भारतीय युवाओं का है।

प्रधानमंत्री मोदी से सीएम विजय ने किए छह अनुरोध

- चेन्नई मेट्रो के तीसरे चरण को मंजूरी दें
- कोयंबटूर और मदुरै में मेट्रो पर फिर विचार करें
- होसुर-बोम्मासंद्रा मेट्रो को मंजूरी दें
- गोदावरी-कावेरी लिंक परियोजना को प्राथमिकता दें
- दो हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर मंजूर करें
- एसएसए के 5,110 करोड़ रुपये जारी करें

खबर संक्षेप

नाना की मौत खून का थक्का जमने से हुई

पणजी। अभिनेता नाना पाटेकर की मौत खून का थक्का जमने से दिल का दौरा पड़ने के कारण हुई।



पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। गोवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) के एक वरिष्ठ चिकित्सक ने रिपोर्ट के आधार पर रविवार को कहा कि अभिनेता को खून का थक्का जमने के कारण दिल का दौरा पड़ा।

स्कूल की प्रार्थना सभा में छात्र से माफी,मामला दर्ज

तिरुवनंतपुरम। अलाप्पुझा के एक निजी उच्चतर माध्यमिक स्कूल में प्रार्थना सभा के दौरान एक छात्र से



माफी मंगवाए जाने के मामले में राज्य बाल अधिकार आयोग ने रविवार को एक मामला दर्ज किया। आयोग ने अलाप्पुझा के चेरतला स्थित वालामंगलम उच्चतर माध्यमिक स्कूल के एक छात्र से प्रार्थना सभा में माफी मंगवाए जाने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की।

43 करोड़ रुपए का मादक पदार्थ जब्त

गुवाहाटी। एनसीबी ने असम में दो ट्रकों के ईंधन टैंकों में रखी गई करीब 43 करोड़ की 53.93 किलो



मेथामफेटामीन जब्त की और मणिपुर के दो लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई छह अक्टूबर को गुवाहाटी में की गई और मादक पदार्थों की यह खेप म्यांमा से मंगाई गई थी। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

रामायण का पहला भाग पांच नवंबर को होगा रिलीज

मुंबई। फिल्म रामायण के निर्माताओं ने घोषणा की कि दो भागों में बनने वाली इस पौराणिक



फिल्म का पहला भाग पांच नवंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगा। इसके साथ ही निर्माताओं ने एक नया पोस्टर भी जारी किया जिसमें रणबीर कपूर, साईं पल्लवी, रवि दुबे और यश नजर आ रहे हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त पर फिर भड़की सीजेपी कहा

ज्ञानेश को बचाने के लिए केंद्र सरकार ने देश में 'आपातकाल' जैसे हालात पैदा कर दिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रेस वार्ता में आशुतोष रांका और सौरव दास ने केंद्र सरकार व दिल्ली पुलिस पर साधा निशाना हिरासत में अमानवीय व्यवहार और राजधानी में भारी पाबंदियां लगाने के लगाए आरोप

आयोग जिम्मेदारी निभाने में विफल, भाजपा को हो रहा लाभ

दीपके की दादी के निधन पर पुलिस के व्यवहार पर उठाए सवाल

पाबंदियों से आम लोगों को परेशानी का आरोप



कॉन्करोच जनता पार्टी ने रविवार को दिल्ली के प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता कर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार, केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। पार्टी के सह-संयोजक और प्रवक्ता आशुतोष रांका ने दावा किया कि पिछले 72 घंटों में देश में ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिनकी कल्पना करना भी मुश्किल था। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रहा है और भाजपा को चुनावी लाभ पहुंचाने के लिए काम कर रहा है। रांका ने कहा कि शुरुआत में उनका विरोध मुख्य निर्वाचन आयुक्त और चुनाव आयोग के खिलाफ था, लेकिन अब यह लड़ाई केंद्र सरकार के खिलाफ होती जा रही है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सरकार किसी भी कीमत पर ज्ञानेश कुमार को बचाना चाहती है। रांका ने सीजेपी से जुड़े अभिजीत दीपके की दादी के निधन का उल्लेख करते हुए दिल्ली पुलिस पर अमानवीय व्यवहार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दिपके को निधन की सूचना मिलने के बाद भी पुलिसकर्मी कैमरे और माइक लेकर खड़े रहे। दीपके अपने परिवार से बात करना चाहते थे, क्योंकि उनके माता-पिता की तबीयत खराब रहती है और वे हृदय रोग से पीड़ित हैं। रांका ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनकी भावनाओं को समझने और परिजनों से बात कराने में संवेदनशीलता नहीं दिखाई। उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रदर्शन में शामिल हुए चार पूर्व मुख्यमंत्रियों अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी, माणिक सरकार और पिनाराई विजयन का आभार भी जताया। सीजेपी नेता सौरव दास ने हिरासत के दौरान पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि उन्हें आरके पुरम थाने में रखा गया था, जबकि आशुतोष रांका और अभिजीत दिपके को दूसरी जगहों पर रखा गया।

खास बातें

- 20 एफआईआर : दिल्ली पुलिस ने दर्ज कीं
- 7,000 से अधिक : प्रदर्शनकारी, नेता और कार्यकर्ता हिरासत में लिए गए
- 30,000 से ज्यादा : सुरक्षा कर्मियों की तैनाती
- 15 से अधिक : पथराव की घटनाओं में पुलिसकर्मी घायल
- 4 गिरफ्तार : छात्रों से मारपीट और महिलाओं से बदसलूकी के आरोपों वाले मामले में

जंतर-मंतर प्रदर्शन पर दिल्ली पुलिस की कार्रवाई तेज, 20 एफआईआर से मचा हड़कंप

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ शनिवार को हुए प्रदर्शन के मामले में दिल्ली पुलिस ने 20 एफआईआर दर्ज की हैं। डीसीपी पीआरओ नेहा यादव के मुताबिक, इन मामलों में पुलिसकर्मियों पर हमला करने और सरकारी कर्मचारियों के कामकाज में बाधा डालने जैसे आरोप शामिल हैं।



कई स्थानों से हिरासत में लिए गए प्रदर्शनकारी

मध्य दिल्ली में कई जगहों पर बहुस्तरीय बैरिकेडिंग की गई थी। आकाशवाणी भवन, इम्तियाज अली मार्ग, हनुमान मंदिर और केरल हाउस सहित विभिन्न स्थानों से प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। पुलिस और अर्धसैनिक बलों की टुकड़ियां लगातार गश्त करती रहीं।

प्रदर्शन का दूसरा दिन,100 से ज्यादा लोग हिरासत में



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉन्करोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आंदोलन जारी रखने के एलान के बाद आज भी दिल्ली में कई जगहों पर प्रदर्शनकारी जुटे। दिल्ली पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है। सीजेपी का कहना है कि जब तक सीईसी ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा नहीं हो जाता तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। वहीं, मजिस्ट्रेट कोर्ट ने अभिजीत, सौरव दास और आशुतोष रांका को रिहा कर दिया है। उधर, आज दिल्ली मेट्रो के सभी स्टेशन खुले हैं। मेट्रो स्टेशन के एंट्री और एग्जिट गेट खुले रहेंगे।

मुझे किडनैप किया गया- ध्रुव राठी

यूट्यूबर ध्रुव राठी ने हिरासत से रिहा होने के बाद रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो जारी कर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने



कैमरे के सामने अपना पासपोर्ट दिखाते हुए कहा कि वह भारतीय नागरिक हैं, थे और रहेंगे। उन्होंने अपने विदेशी पासपोर्ट को लेकर फैल रही चर्चाओं को भी खारिज किया। ध्रुव राठी ने दावा किया कि शनिवार सुबह कुछ लोग सादे कपड़ों में उनके घर में घुसे। आरोप है कि इन लोगों ने उनकी मां को धक्का दिया और उन्हें बेडरूम से घसीटकर बाहर ले गए।

कांग्रेस देश में विभाजन चाहती है: त्रिवेदी

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल गांधी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'मोगेम्बो' कहने और तमिल भाषा



पर हमले के आरोपों पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का लक्ष्य देश में विभाजन पैदा करना है, जबकि भाजपा एकता के लिए काम करती है। त्रिवेदी ने सरकार और प्रधानमंत्री पर लगाए गए आरोपों को आधारहीन बताया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी आपातकाल की बात करते हैं, लेकिन क्या एक किलोमीटर की बैरिकेडिंग को आपातकाल कहा जा सकता है? त्रिवेदी ने तमिल भाषा और संस्कृति को लेकर भी कांग्रेस के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में तमिल भाषा और संस्कृति को राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के प्रयास हुए हैं। उन्होंने तमिलनाडु में विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि चेन्नई में 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं पर काम किया गया है। इनमें चेन्नई मेट्रो के लिए 4,900 करोड़, राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए 3,700 करोड़ और रेल लाइन के लिए 750 करोड़ रुपये शामिल हैं।

हैदराबाद में 5 साल की बच्ची की हत्या

सिक्योरिटी गार्ड पर 20 लाख की फिरौती मांगने का आरोप

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के एक रिहायशी परिसर में कृषि वैज्ञानिक की पांच वर्षीय बेटी का शव मिलने से सनसनी फैल गई।



बच्ची शनिवार को लापता हुई थी। देर रात करीब नौ बजे उसका शव परिसर के क्लब हाउस के बेसमेंट में मिला। पुलिस के अनुसार, मामले में सोसाइटी के सिक्योरिटी गार्ड विक्रम पर अपहरण और हत्या का संदेह है।

सीसीटीवी फुटेज में वह बच्ची का पीछा करता दिखाई दिया है। जांचकर्ताओं को आशंका है कि आरोपी ने बच्ची को छोड़ने के बदले 20 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। घटना से दो दिन पहले भी उसे परिसर में संदिग्ध रूप से घूमते देखा गया था।

बच्ची के लापता होने की शिकायत के बाद पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया था। आरोपी की तलाश के लिए 10 सदस्यीय टीम गठित की गई है। मोबाइल फोन की लोकेशन से उसके सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन की ओर जाने की आशंका जताई गई है।

वाम दलों ने निकाली रैली...



कोलकाता। रविवार को कोलकाता में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को पूरी तरह रद्द करने की मांग को लेकर वामपंथी छात्र और युवा कार्यकर्ताओं ने विरोध रैली निकाली।

13 अक्टूबर को होगा नागरिक सम्मेलन

दिल्ली के बाद अब कोलकाता में एसआईआर के खिलाफ तैयारी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में दिल्ली के बाद अब कोलकाता में भी आंदोलन की तैयारी की जा रही है। दुर्गापूजा से पहले विपक्षी दलों, संगठनों और नागरिक समाज के कुछ सदस्यों ने विरोध कार्यक्रमों की घोषणा की है। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा और एसआईआर प्रक्रिया रद्द करना शामिल है। माकपा नेता विकासरंजन भट्टाचार्य, पूर्व



नौकरशाह जवाहर सरकार और अन्य लोगों से जुड़े 'सिटिजंस फोरम वेस्ट बंगाल' ने 13 अक्टूबर को नागरिक सम्मेलन आयोजित किया है। इसमें नागरिक अधिकारों की रक्षा और संवैधानिक न्याय के मुद्दे उठाए जाएंगे। पूर्व चुनाव आयुक्त अशोक लवासा और अभिनेता प्रकाश राज के भी सम्मेलन में शामिल होने की संभावना है।

एनटीए सुधारों पर बोली संसदीय समिति

बचे हुए समय में परीक्षा देने की हो अनुमति

खास सुझाव: परीक्षा के दिन रैलियों और जुलूसों की अनुमति न दें जिला प्रशासन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रैलियों, जुलूसों से परीक्षार्थियों को पहुंचने में हो सकती है देरी

संसदीय समिति ने सिफारिश की है कि अहम प्रतियोगी परीक्षाओं के दिन जिला प्रशासन को किसी भी रैली, जुलूस या जनसभा की अनुमति नहीं देनी चाहिए ताकि यातायात सुचारू रहे। कानून-व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम पहले से हों और किसी भी परीक्षार्थी को बाहरी व्यवधानों का सामना न करना पड़े। राज्यसभा सदस्य मुकुल वासनिक की अध्यक्षता वाली शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी संसद की स्थायी समिति ने राज्यसभा के सभापति को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में सुधार और उसे मजबूत बनाने से संबंधित रिपोर्ट में यह सिफारिश की। यह रिपोर्ट राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा



(नीट) के प्रश्नपत्र लीक होने के विवाद और एनटीए में कथित प्रशासनिक खामियों के बाद आई है।

इस विवाद के कारण देशभर में छात्रों ने प्रदर्शन किए थे। अंततः तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा था। रिपोर्ट में कहा गया है, परीक्षा के दिन रैलियों, जुलूसों या बड़ी सभाओं के कारण परीक्षार्थियों को पहुंचने में देरी हो सकती है। वे पहुंचने के निर्धारित समय से चूक सकते हैं। समिति सिफारिश करती है कि लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 में संशोधन कर जिला प्रशासन को परीक्षा के दिन किसी भी रैली, जुलूस या अन्य जनसभा की अनुमति नहीं देने का निर्देश दिया जाए। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाए कि यातायात सुचारू रखने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त इंतजाम पहले से हों, ताकि किसी भी परीक्षार्थी को टाले जा सकने वाले बाहरी व्यवधान का सामना न करना पड़े।

15 मिनट का अलग समय निर्धारित किया जाए

समिति ने यह भी कहा कि परीक्षा के दौरान निरीक्षकों द्वारा हस्ताक्षर कराने और जांच संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने से उन छात्रों का ध्यान भटकता है, जो पहले से ही समय के दबाव में परीक्षा दे रहे होते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, समिति का विचार है कि ऐसी औपचारिकताओं के लिए परीक्षा शुरू होने से पहले या समाप्त होने के बाद 15 मिनट का अलग समय निर्धारित किया जाए और परीक्षा के बीच ये औपचारिकताएं पूरी न की जाएं।

अश्लील कार्यक्रमों की सूचना पर हुई बड़ी कार्रवाई

मुंबई में पहले 11 बार के लाइसेंस भी किए गए थे निलंबित

ठाणे के ऑर्केस्ट्रा बार पर छापा, 12 गिरफ्तार, 16 महिलाओं को बचाया

एजेंसी ▶▶ ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भायंदर में पुलिस ने एक ऑर्केस्ट्रा बार पर छापा मारकर 16 महिलाओं को बचाया और बार के कर्मचारियों समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान अवैध देशी और विदेशी शराब के साथ नकदी भी जब्त की गई। पुलिस के महिला शोषण रोधी प्रकोष्ठ ने यह कार्रवाई नवघर रोड स्थित बार में की। पुलिस अधिकारी के अनुसार, प्रकोष्ठ को सूचना मिली थी कि बार में नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है और अश्लील कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जा रहा है। जांच के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। मामले में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की संबंधित धाराओं और महाराष्ट्र निषेध अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इससे पहले जुलाई में मुंबई अपराध शाखा ने ऑर्केस्ट्रा बार की आड़ में कथित रूप से अवैध डांस बार चलाने



वाले 11 प्रतिष्ठानों के सार्वजनिक मनोरंजन लाइसेंस 30 दिनों के लिए निलंबित किए थे। इन पर निर्धारित ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रमों के बजाय डांस बार संचालित करने और लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन करने के आरोप थे। निरीक्षण के दौरान कुछ प्रतिष्ठानों में महिला कलाकारों के अश्लील इशारे करने और ग्राहकों के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क के आरोप भी सामने आए थे। पुलिस के मुताबिक, छापेमारी से बचने के लिए गुप्त दरवाजे, और छिपने के लिए विशेष जगहें बनाई गई थीं।

खबर संक्षेप



आनंद राठी वेल्थ का लाभ 22 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। आनंद राठी वेल्थ का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2026-27 की सितंबर तिमाही में 22 प्रतिशत बढ़कर 122 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से राजस्व बढ़ने के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। पूंजी प्रबंधन क्षेत्र की इस कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 99.8 करोड़ रुपये था। कंपनी ने एक बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 16 प्रतिशत बढ़कर 356.6 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 307 करोड़ रुपये था। वित्तवर्ष 2026-27 की पहली छमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 23 प्रतिशत बढ़कर 238 करोड़ रुपये और राजस्व 17 प्रतिशत बढ़कर 693 करोड़ रुपये हो गया।

सैटकॉम कंपनियों को मिले स्टेक्ट्रम : एयरटेल

नई दिल्ली। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि यदि उपग्रह संचार (सैटकॉम) कंपनियां मोबाइल सेवा प्रदाताओं



द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले स्पेक्ट्रम का उपयोग करना चाहती हैं, तो उन पर दूरसंचार कंपनियों के समान नियम लागू होने चाहिए। भारती एयरटेल के कॉरपोरेट मामलों के निदेशक एवं समूह के मुख्य नियामकीय अधिकारी राहुल वत्स ने ''इंडिया मोबाइल कांग्रेस'' (आईएमसी) में कहा कि डायरेक्ट-टू-डिवाइस प्रौद्योगिकी में उपग्रह सीधे मोबाइल फोन पर सिग्नल भेजते हैं। यह प्रशासनिक आवंटन के तहत सैटकॉम कंपनियों द्वारा दी जाने वाली सेवाओं से अलग है।

अक्टूबर में जियो सहित एक दर्जन कंपनियों का आएगा आईपीओ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्राथमिक बाजार में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने की रफ्तार लगातार बनी हुई है। अक्टूबर में जियो प्लेटफॉर्म्स, जेटवर्क मैन्युफैक्चरिंग बिजनेस और अवाडा इलेक्ट्रो समेत करीब एक दर्जन कंपनियां अपना आईपीओ लाने की तैयारी में हैं इन कंपनियों के आईपीओ से प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में निवेश के नए अवसर मिलने की उम्मीद है। मर्चेंट बैंकर से मिली जानकारी के अनुसार, इस महीने आईपीओ लाने की तैयारी कर रही अन्य कंपनियों में फ्यूजन सीएक्स, एचडी फायर प्रोटेक्ट, टोन्बो इमेजिंग, बोनफिग्लियोली ट्रांसमिशंस, सहजानंद मेडिकल टेक्नोलॉजीज, पारस हेल्थकेयर, एनडीआर इनविट ट्रस्ट, गुजरात विक्ट्री फोर्जिंग्स और एसएफसी एनवायरनमेंटल टेक्नोलॉजीज शामिल हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की दूरसंचार और डिजिटल सेवा इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स का आईपीओ इस महीने का सबसे बड़ा आकर्षण माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी का आईपीओ 21 अक्टूबर को खुलेगा और 23 अक्टूबर को बंद होगा। इसके भारत का अबतक का सबसे बड़ा आईपीओ होने की उम्मीद है।

निर्गम प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, ऊर्जा, रक्षा आदि क्षेत्र के

इस साल अब तक 96 आईपीओ आए

इस साल अबतक 96 आईपीओ के जरिये कंपनियों ने 1.1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाई है। इनमें अकेले सितंबर महीने में 35 आईपीओ बाजार में आए थे। जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड की प्रबंध निदेशक और इक्विटी कैपिटल मार्केट्स प्रमुख नेहा अग्रवाल ने कहा कि वर्ष की दूसरी छमाही में भी भारतीय प्राथमिक बाजार में मजबूत गतिविधियां जारी हैं।



निर्गम के प्रति निवेशकों की रुचि बनी हुई है

हालांकि, शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक घटनाक्रम के कारण कंपनियों को आईपीओ लाने के लिए उपयुक्त समय का चयन करना पड़ सकता है, लेकिन गुणवत्तापूर्ण कंपनियों के शेयरों के प्रति निवेशकों की रुचि बनी हुई है। उन्होंने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशकों के पास उपलब्ध पर्याप्त पूंजी और विदेशी निवेशकों की चुनिंदा भागीदारी से सार्वजनिक निर्गम बाजार को समर्थन मिल रहा है।

विश्लेषकों ने कहा, निवेशकों की नजर ओपेक पर

भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच कच्चे तेल में उतार-चढ़ाव के आसार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत को लेकर अनिश्चितता तथा पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण अगले सप्ताह कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव बने रहने की आशंका है। हालांकि, होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए समझौते की उम्मीद से कीमतों में कुछ गिरावट भी आ सकती है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

- अमेरिका ईरान में बातचीत को लेकर अभी भी गतिरोध

विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों की नजर पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की मासिक तेल बाजार रिपोर्ट के साथ अमेरिकी पेट्रोलियम संस्थान (एपीआई) के साप्ताहिक भंडार आंकड़ों तथा अमेरिका सरकार की ओर से जारी कच्चे तेल के भंडार और आयात के आंकड़ों पर भी रहेगी।

खास बातें

- अमेरिकी सरकार के आयात आंकड़ो पर भी निवेशकों की नजर
- गतिरोध के कारण ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं



भू-राजनीतिक अनिश्चितता और बढ़ गई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि रियाद के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हमले के बाद अमेरिका, यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के खिलाफ सऊदी अरब की सैन्य कार्रवाई में शामिल होने पर विचार कर रहा है। उनके इस बयान से क्षेत्र में भू-राजनीतिक अनिश्चितता और बढ़ गई है।

संघर्ष के विस्तार को लेकर चिंताएं बढ़ी

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड में जिंस शोध प्रमुख नवनीत दमानी ने कहा कि संघर्ष के विस्तार से क्षेत्र के रास्ते होने वाली ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इसमें रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य भी शामिल है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर पिछले सप्ताह अक्टूबर में आपूर्ति वाले कच्चे तेल के वायदा भाव में 35 रुपये यानी 0.4 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 8,881 रुपये प्रति बैरल पर बंद हुआ।

एमसीएक्स पर कच्चा तेल ऊपर बना हुआ

हालांकि, नवंबर अनुबंध 82 रुपये यानी करीब एक प्रतिशत बढ़कर 8,828 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गया। दमानी ने कहा, ''कच्चे तेल की कीमतें कूटनीतिक उम्मीदों और वास्तविक आपूर्ति में बने जोखिमों के बीच झूल रही हैं। युद्ध से पहले करीब 6,500 रुपये प्रति बैरल के स्तर के मुकाबले एमसीएक्स पर कच्चे तेल का 8,500 रुपये से ऊपर बने रहना दर्शाता है कि कीमतों में आपूर्ति जोखिम का बड़ा प्रीमियम अब भी शामिल है।''

कीमतों में और गिरावट आ सकती है

दमानी ने कहा कि अमेरिका के प्रस्ताव पर ईरान की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने पर निकट अवधि में कीमतों में और गिरावट आ सकती है। हालांकि, पिछले अनुभव बताते हैं कि केवल कूटनीतिक प्रगति से आपूर्ति में लंबे समय तक सुधार सुनिश्चित नहीं होता।

मध्यावधि चुनाव से पहले ईरान पर सैन्य हमला नहीं

इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत रचनात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है और अमेरिका तीन नवंबर को होने वाले मध्यावधि चुनाव से पहले ईरान पर सैन्य हमला नहीं करेगा। रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि वैश्विक बाजारों के लिए अमेरिका-ईरान कूटनीतिक बातचीत और कच्चे तेल की कीमतों से जुड़े घटनाक्रम महत्वपूर्ण बने रहेंगे।

सर्राफा के सीमित दायरे में कारोबार के आसार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रुपए में कमजोरी से घरेलू बाजार में सोने-चांदी की कीमतों को सहारा मिलने और मुद्रास्फीति के आंकड़ों से निवेशकों की धारणा तय होने के बीच अगले सप्ताह दोनों कीमती धातुओं में सीमित दायरे में कारोबार होने की संभावना है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों के मु ता बि क , कारोबारियों की नजर भारत, चीन और अमेरिका के मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर रहेगी। चीन के व्यापार आंकड़ों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों के भाषणों से भी बाजार को संकेत मिलेंगे कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक अक्टूबर में ब्याज दर बढ़ाएगा या इस फैसले को दिसंबर तक टाल देगा। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष एवं जिंस और मुद्रा शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''आगे कीमतों में सीमित दायरे में कारोबार रहने की संभावना है, हालांकि रुख थोड़ा सकारात्मक रह सकता है। रुपये में कमजोरी वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव के मुकाबले घरेलू बाजार को सहारा दे रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में पिछले सप्ताह दिसंबर में आपूर्ति वाले सोने के वायदा भाव में 1,109 रुपये यानी करीब एक प्रतिशत की बढ़त हुई और यह 1.51 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। हालांकि, चांदी का वायदा भाव 122 रुपये की मामूली गिरावट के साथ 2.25 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ।

- रुपए की कमजोरी से सोने-चांदी को सहारा



रुपए में कमजोरी से आयातित सोने की मांग बढ़ती है

त्रिवेदी ने कहा, ''रुपये में कमजोरी से आयातित सोने की लागत बढ़ जाती है। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों पर दबाव होने के बावजूद एमसीएक्स पर सोने को सहारा मिलता है। मुद्रा विनिमय का यह असर कॉमेक्स पर सोने की कीमतों में मामूली गिरावट के मुकाबले घरेलू कीमतों को सहारा देता रह सकता है।''

ओप्पो एफ35 सीरीज लॉन्च, शुरुआती कीमत 38,999 रुपये

नई दिल्ली। ओप्पो इंडिया ने एफ35 सीरीज के तहत एफ35 प्रो 5जी और एफ35 5जी स्मार्टफोन लॉन्च किए हैं। दोनों फोन 11 अक्टूबर से ऑफलाइन स्टोर, कंपनी के ई-स्टोर, फ्लिपकार्ट और अमेजन पर बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। एफ35 सीरीज में 50 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाइड फ्रंट कैमरा दिया गया है, जिसका 100 डिग्री फील्ड ऑफ व्यू ग्रुप सेल्फी लेने में मदद करता है। एफ35 प्रो में ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइजेशन के साथ 50 मेगापिक्सल का मुख्य कैमरा और 8 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाइड रियर कैमरा है। यह फ्रंट और रियर कैमरे से 4के वीडियो रिकॉर्डिंग को सपोर्ट करता है। एफ35 में 2.5के वीडियो रिकॉर्डिंग की सुविधा है। दोनों स्मार्टफोन में 8000 एमएएच की बैटरी और 80 वॉट फास्ट चार्जिंग दी गई है। कंपनी के अनुसार, बैटरी 1,800 चार्ज साइकल के बाद भी अपनी मूल क्षमता का 80 प्रतिशत से अधिक बनाए रख सकती है। एफ35 प्रो में मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7360 मैक्स प्रोसेसर और 144 हर्ट्ज डिस्प्ले है। एफ35 में डाइमेंसिटी 6360 मैक्स प्रोसेसर और 120 हर्ट्ज डिस्प्ले मिलता है।

आरबीआई 25,000 करोड़ की प्रतिभूतियां करेगा नीलामी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 13 अक्टूबर को खुले बाजार परिचालन (ओएमओ) के तहत 25,000 करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी करेगा। आरबीआई ने इस नीलामी के लिए छह सरकारी प्रतिभूतियों की पेशकश की है। इनकी परिपक्वता अवधि मार्च 2030 से अप्रैल 2034 के बीच है। अधिसूचना के अनुसार, आरबीआई ने छह प्रतिभूतियों में से प्रत्येक के लिए अलग-अलग बिक्री राशि तय नहीं की है। केंद्रीय बैंक को यह तय करने का अधिकार होगा कि प्रत्येक प्रतिभूति की कितनी राशि बेची जाए। खुले बाजार प रि चा ल न (ओएमओ) के तहत केंद्रीय बैंक स र का री प्रतिभूतियां बेचकर बैंकिंग प्रणाली से नकदी निकालता है।

ज्योतिष
कहते नहीं करके दिखाते है
सभी समस्याओं का समाधान
जैसा चाहोगे करके दूगां
कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा
A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

कंपनी के तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा विप्रो और एचसीएल टेक जैसी प्रमुख कंपनियों के तिमाही न ती जों , मुद्रास्फीति के आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और कच्चे तेल की चाल से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा निवेशकों की नजर विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियों, रुपये की चाल, अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर भी रहेगी। शोध विश्लेषक फर्म एचएसटी वेल्थ के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हरिसेल्वन राधाकृष्णन ने कहा, इस सप्ताह घरेलू मोर्चे पर पहले सितंबर माह के लिए खुदरा (सीपीआई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर नजर रहेगी। यदि आंकड़े उम्मीद से अधिक ऊंचे रहते हैं, तो इससे रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत दरों में और सख्ती की चिंताएं दोबारा उभर सकती हैं।

- विप्रो और एचसीएल के परिणाम का पड़ेगा असर



ऑडी स्थानीय स्तर पर बनाएगी इलेक्ट्रिक कार

एजेंसी ▶▶| पणजी

जर्मनी की लक्जरी कार कंपनी ऑडी भारत में बैटरी से चलने वाली इलेक्ट्रिक कार (बीईवी) का स्थानीय विनिर्माण करने पर विचार कर रही है। कंपनी का लक्ष्य अगले तीन से पांच साल में लक्जरी कार बाजार में अपनी हिस्सेदारी दोगुनी कर 15-16 प्रतिशत तक पहुंचाना है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। ऑडी इंडिया के ब्रांड निदेशक बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि कंपनी की रणनीति तीन प्रमुख स्तंभ पर आधारित है। इनमें ग्राहकों की जरूरतों पर ध्यान देना, नए उत्पाद पेश करना और डीलरशिप नेटवर्क का विस्तार करना शामिल है। कंपनी की फिलहाल लक्जरी कार बाजार में करीब आठ प्रतिशत हिस्सेदारी है।

- कंपनी लग्जरी कार बाजार में हिस्सेदारी दोगुना करेगी



जर्मनी की इस वाहन विनिर्माता कंपनी की योजना प्रस्तावित भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का लाभ उठाकर भारत में अधिक मॉडल पेश करने की भी है। इसके जरिये कंपनी स्थानीय विनिर्माण का फैसला करने से पहले भारतीय बाजार में इन मॉडल की मांग और बिक्री की संभावनाओं को परखना चाहती है। ढिल्लों ने कहा, ''हम स्थानीय स्तर पर निर्मित बैटरी इलेक्ट्रिक कार पेश करने पर विचार कर रहे हैं। इस बारे में अगले कुछ महीनों में फैसला होने की उम्मीद है।'' उन्होंने कहा, ''हमारा इरादा अगले तीन से पांच साल में बाजार में अपनी हिस्सेदारी दोगुनी करने का है।

निर्यात के अवसर बढ़ने की संभावना

ढिल्लों ने प्रस्तावित भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से भारतीय वाहन उद्योग के लिए निर्यात के अवसर बढ़ने की संभावना भी जताई। उन्होंने कहा, ''इससे कारों के निर्यात का अवसर भी मिलेगा। यह जरूरी नहीं कि ऑडी ही निर्यात करे, बल्कि भारतीय वाहन उद्योग को इसका लाभ मिल सकता है। दोनों पक्ष अपने-अपने बाजारों का 95 प्रतिशत हिस्सा खोल रहे हैं।''

राशिफल

मेष — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

वृष — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

मिथुन — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

कर्क — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

सिंह — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

कन्या — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

तुला — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

वृश्चिक — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

धनु — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

मकर — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

कुंभ — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

मीन — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

मस्क का अंबानी समर्थकों पर बेतुके तर्क देने का आरोप

नई दिल्ली। अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क ने भारत में अपनी उपग्रह इंटरनेट सेवा 'स्टारलिंक' शुरू करने को लेकर भारतीय उद्योगपति मुकेश अंबानी पर रविवार को एक बार फिर निशाना साधा और उनके समर्थकों के तर्कों को ''पाखंडपूर्ण और बेतुका'' बताया। मस्क ने कहा कि अंबानी के समर्थक एक ओर दावा करते हैं कि स्टारलिंक उनकी कंपनी की सस्ती इंटरनेट सेवाओं का मुकाबला नहीं कर सकती, जबकि दूसरी ओर उसे एक बड़ा प्रतिस्पर्धी भी बताते हैं। मस्क ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि स्टारलिंक के आने से भारत में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और आम लोगों को इंटरनेट सेवाओं के अधिक विकल्प मिलेंगे।



मस्क ने कहा अंबानी का मुनाफा कम हो सकता है

मस्क ने कहा कि इससे अंबानी का मुनाफा कम हो सकता है, ''लेकिन उनका कारोबार बंद नहीं होगा।'' उन्होंने कहा कि अगर भारत में स्टारलिंक की सेवाएं बहुत महंगी होंगी, तो लोग उन्हें नहीं खरीदेंगे और ऐसे में कंपनी को अपनी सेवाओं की कीमतें किफायती रखनी होंगी। मस्क ने कहा कि अंबानी के ऑनलाइन समर्थकों के ''बेतुके तर्कों'' का कोई मतलब नहीं है।

विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए एसएलआर में कटौती जरूरी

मुंबई। नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने कहा कि भारत को रोजगार के अधिक अवसर पैदा करने वाले विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए वैधानिक तरलता अनुपात (एसएलआर) में कटौती करनी चाहिए। कांत ने कहा कि उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना विनिर्माण क्षेत्र के लिए अल्पकालिक समाधान है, लेकिन लंबी अवधि में कारोबार की लागत घटाने के लिए एसएलआर में कटौती जैसे कदम उठाने की जरूरत है। इससे कर्ज की लागत कम हो सकती है। कांत ने कहा, ''भारत के लिए 18 प्रतिशत का वैधानिक तरलता अनुपात बहुत अधिक है। मैं इसे कम करने का बड़ा समर्थक हूं, क्योंकि लंबी अवधि में विनिर्माण क्षेत्र को कर्ज की उपलब्धता बढ़ाना अहम होगा। एसएलआर का उचित स्तर बताए बिना पूर्व नौकरशाह ने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि के लिए कर्ज की लागत घटाना और वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाना जरूरी होगा। एसएलआर के तहत बैंकों को अपनी शुद्ध मांग और देनदारियों यानी जमा का एक अनिवार्य हिस्सा सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करना होता है। एसएलआर को कुछ साल पहले घटाकर 18 प्रतिशत किया गया था और तब से यह इसी स्तर पर बना हुआ है।

शब्द पहेली - 6375



बाएँ से दाए

1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

ऊपर से नीचे

1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

शब्द पहेली - 6374 का हल

अ	स	ह	नी	य			क	लि	का
प	र		ला		सा	ग	र		बु	आ
ह			प	ह	रा		ण			खे
र	स	खा	न			म		क	प	ट
ण		लि		न	भ	च	र		रा	
	आ	स		सी		ल		ग	स्त	
	रा		प	ह	न	ना		रु		ड
शा	म	त		त			ता	र	ता	र
य			तै		जा	हि	र			ल
द	म		र	सी	ला		पी		ज	ग
	न	गी	ना			म	न	भ	र	ना



शंघाई मास्टर्स : गेआ ने किया उलटफेर, शेल्टन को हराकर चौथे राउंड में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| शंघाई

फ्रांसीसी क्वालीफायर आर्थर गेआ ने रविवार को शंघाई मास्टर्स में अपने करियर का सबसे बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने चौथे नंबर के बेन शेल्टन को सीधे सेटों में हराकर टॉप 10 में शामिल किसी खिलाड़ी पर अपनी पहली जीत हासिल की और टूर्नामेंट के चौथे राउंड में पहुंच गए।

21 साल के इस खिलाड़ी ने अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ 7-6 (5), 7-6 (3) से जीत हासिल की और साल के दूसरे सबसे बड़े एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में अपने शानदार सफल सीजन को आगे बढ़ाने के लिए दो करीबी टाई-ब्रेक में धैर्य दिखाया। मास्टर्स 1000 इवेंट के मेन-ड्रॉ में डेब्यू करते हुए गेआ ने इस मौके पर ज्यादा परेशान होने का कोई संकेत नहीं दिया। शुरुआती सेट में दो बार ब्रेक का फायदा गंवाने के बावजूद, फ्रांसीसी खिलाड़ी ने मुकाबला टाई-ब्रेक तक पहुंचने पर अपना धैर्य बनाए रखा और इसे 7-5 से जीतकर शुरुआती बढ़त बना ली।

गेआ ने शुरू में बनाया ब्रेक का मौका

दूसरे सेट में भी ऐसा ही तनावपूर्ण पैटर्न रहा। गेआ ने शुरू में ब्रेक का मौका बनाया, लेकिन बाद में सातवें गेम में अपनी सर्विस गंवा दी। उन्होंने तुरंत शेल्टन की सर्विस तोड़कर जवाब दिया, जिससे यह पक्का हो गया कि कोई भी खिलाड़ी निर्णायक बढ़त हासिल नहीं कर सका और एक और टाई-ब्रेक की जरूरत पड़ी। अंतिम सेट में गेआ ज्यादा भरोसेमंद खिलाड़ी साबित हुए। उन्होंने दूसरा टाई-ब्रेक 7-3 से जीतकर सीधे सेटों में जीत हासिल की और अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की।



जुलाई में जीता था पहला एटीपी टूर टाइटल

यह नतीजा उस सीजन में एक और बड़ी कामयाबी है, जिसमें गेआ ने तेजी से खुद को एक ऐसे खिलाड़ी के तौर पर स्थापित किया है, जिस पर नजर रखनी चाहिए। उन्होंने जुलाई में लॉस कैबोस एटीपी 250 टूर्नामेंट में अपना पहला एटीपी टूर टाइटल जीता, इससे पहले कि वह लकी लूजर के तौर पर यूएस ओपन के चौथे राउंड में अचानक पहुंच गए। न्यूयॉर्क में उनका अभियान बोटिक वैन डे जैंडशुल्प के खिलाफ पांच सेट के मुकाबले के बाद खत्म हुआ। जीत के साथ आर्थर गेआ शंघाई मास्टर्स के अंतिम 16 में पहुंच गए हैं। वह पहली बार अंतिम 16 में पहुंचे हैं। चौथे राउंड में उनका सामना अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो या चेक गणराज्य के युवा खिलाड़ी जैकब मेन्सिक से होगा।

वुहान ओपन से बाहर हुई नोस्कोवा

वर्ल्ड नंबर 6 खिलाड़ी लिंडा नोस्कोवा ने बाएं पैर की पिंडली में चोट के कारण 'वुहान ओपन' से हटने की घोषणा की है। चूंकि, विंबलडन चैंपियन नोस्कोवा ने मुकाबलों का शुरुआती शेड्यूल जारी होने से पहले ही नाम वापस ले लिया, इसलिए नंबर 9 सीड बेलिंडा बेनसिक ड्रॉ की लाइन 48 पर नोस्कोवा की जगह लेंगी और उन्हें सीधे दूसरे राउंड में 'बाय' मिलेगा। इसके बाद, सीडेड होने वाली अगली उपलब्ध खिलाड़ी अन्ना कलिनस्काया ड्रॉ में लाइन 9 पर बेनसिक की जगह लेंगी और पहले राउंड में झांग शुआई का सामना करेंगी। कलिनस्काया की मूल जगह पर कल खेल शुरू होने से पहले एक 'लकी लूजर' को शामिल किया जाएगा।



तीसरे टी-20: सीरीज में भारत ने 2-1 की बढ़त बनाई

अभिषेक-अर्शदीप चमके, भारत ने वेस्टइंडीज को 14 रन से हराया

अर्शदीप 3 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे

एजेंसी ▶▶| इंदौर

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के तेजतर्रार अर्धशतक के बाद अर्शदीप सिंह की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने रविवार को यहां वेस्टइंडीज को तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 14 रन से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली। भारत के 224 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम शिमरोन हेटमायर (43 रन, 26 गेंद, छह चौके, दो छक्के) और कामिल पूरन (42 रन, 27 गेंद, तीन छक्के, तीन चौके) की उम्दा पारियों के बावजूद सात विकेट पर 209 रन ही बना सकी। शमार स्प्रिंगर (11 गेंद में नाबाद 35, चार छक्के, दो चौके) ने अंत में तूफानी पारी खेली लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। भारत की ओर से अर्शदीप ने 44 रन पर तीन जबकि नमन धीर ने 39 रन पर दो विकेट चटकाए। वेस्टइंडीज के



मौजूदा भारत दौरे पर यह पहला मौका है जब कोई टीम लक्ष्य का बचाव करने में सफल रही है। अभिषेक की 30 गेंद में पांच छक्कों और छह चौकों से 69 रन की पारी के बावजूद भारतीय टीम पारी की अंतिम गेंद पर 223 रन पर सिमट गई।

भारत-223/10 (20)

खिलाड़ी	रन
संजू का पूरन बो जोसेफ	03
अभिषेक का एवं बो स्प्रिंगर	69
इशान किशन स्टं होप बो चेस	37
श्रेयस अय्यर पगबाधा बो चेस	01
तिलक वर्मा रन आउट	28
नमन धीर स्प्रिंगर बो मोती	10
नितीश रेड्डी का होप बो पॉल	21
अक्षर पटेल रन आउट	20
अर्शदीप पगबाधा बो स्प्रिंगर	11
प्रिंस यादव नाबाद	13
मयंक यादव बो जोसेफ	00
अतिरिक्त:10	

कुल :20 ओवर में सभी विकेट खोकर: 223 रन
गेंदबाजी: चेस 4-0-38-2, जोसेफ 4-0-54-2, पॉल 4-0-38-1, स्प्रिंगर 4-0-50-2, मोती 4-0-37-1

वेस्टइंडीज-209/7 (20)

खिलाड़ी	रन
शाई होप बो अर्शदीप	05
कामिल का अर्शदीप बो नमन	42
शिमरोन हेटमायर बो नमन	43
रोवमैन का किशन बो अक्षर	05
शेरफेन रदरफोर्ड बो अर्शदीप	32
क्वेंटिन का तिलक बो रेड्डी	21
कीमो का तिलक बो अर्शदीप	10
शमार स्प्रिंगर नाबाद	35
रोस्टन चेस नाबाद	05
अतिरिक्त: 11	

कुल:20 ओवर में सात विकेट पर 209 रन
गेंदबाजी: मयंक 4-0-34-0, अर्शदीप 4-0-44-3, प्रिंस 4-0-37-0, नमन 3-0-39-2, अक्षर 3-0-33-1, रेड्डी 2-0-19-1



रणजी ट्रॉफी : पहले दिन भारत के टेस्ट बल्लेबाज फ्लॉप

जायसवाल डक पर आउट, राहुल ने बनाए सिर्फ चार रन

मुंबई। रणजी ट्रॉफी का 11 अक्टूबर को आगाज हो गया है। देश के 18 वेन्यू पर मुकाबले खेले जा रहा है, जिसमें भारत के कई स्टार खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें से कुछ अनुभवी टेस्ट खिलाड़ियों की अपने-अपने मैचों में शुरुआत खराब रही। वे पहले दनि फ्लॉप रहे। मुंबई और मुलापाडु में खेले जा रहे मैचों में भारत के ओपनर यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल अपनी-अपनी पारियों के शुरुआती घंटे में ही आउट हो गए। दोनों का ही बल्ला शांत रहा। वानखेड़े स्टेडियम में चंडीगढ़ के खिलाफ मुंबई के लिए ओपनिंग करते हुए जायसवाल 13 गेंदों का सामना करने के बाद भी बिना खाता खोले आउट हो गए, जबकि आंध्र प्रदेश के खिलाफ राहुल चार रन पर आउट हुए। इस मैच में पिछले साल की रनर-अप टीम कर्नाटक को तेज गेंदबाजों कावुरी साईतेजा और केवी शशिकांत ने शुरुआती झटके देते हुए चार विकेट चटकाए। पृथ्वी शॉ ने महाराष्ट्र के लिए 73 गेंदों पर 70 रन बनाए। मुंबई के उप-कप्तान आयुष म्हात्रे 48 रन बनाए।

शमी की शानदार शुरुआत

दूसरी ओर बंगाल के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने एक बार फिर दखिा दिया कि उनके अनुभव का कोई विकल्प नहीं है। शमी और आकाश दीप ने दिल्ली के खिलाफ़ शानदार शुरुआत की और विकेट लिए और ओपनर्स को जल्दी आउट कर दिया।

अरुणाचल प्रदेश-नगालैंड मैच रद

शुरुआती दौर के 18 मैच चल रहे थे, तभी अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड के बीच होने वाला 'प्लेट ग्रुप' मैच रद्द कर दिया गया। अरुणाचल एसोसिएशन में चल रहे कानूनी विवाद की वजह से अहमदाबाद में होने वाले मैच के लिए टीम नहीं बन पाई। एसोसिएशन ने 'विनू मांकड़ अंडर-19 ट्रॉफी' के लिए भी कोई टीम नहीं उतारी थी, जो गुरुवार को भुवनेश्वर में शुरू हुई थी। बीसीसीआई ने अरुणाचल के विरोधी टीम को पहले ही बता दिया है कि जब तक गुवाहाटी हाई कोर्ट की ईटानगर बेंच गुटों के बीच चल रहे विवाद पर कोई फैसला नहीं सुना देती, तब तक राज्य की यूनिट शायद कोई टीम नहीं उतार पाएगी।

आईएसएसएफ वर्ल्ड कप

उदयवीर ने 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता गोल्ड मेडल

एजेंसी ▶▶| काहिरा



उदयवीर सिद्धू ने आईएसएसएफ राइफल/ पिस्टल विश्व कप की पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चौबीस वर्षीय उदयवीर ने फाइनल में 240.6 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उदयवीर ने जर्मनी के क्रिस्टियन रिट्ज (240.1) को 0.5 अंक से पछाड़ा, जिन्होंने रजत पदक जीता। इटली के पाओलो मोन्ना (219.8) ने कांस्य पदक जीता। उदयवीर ने अंतिम चरण में दबाव के बीच संयम बनाए रखा। आखिरी दो शॉट से पहले वह रिट्ज से 0.3 अंक पीछे थे लेकिन भारतीय निशानेबाज ने 10.2 और 9.8 अंक के शॉट लगाए। वहीं, रिट्ज के दोनों शॉट में 9.6 अंक के रहे, जिससे उदयवीर ने आखिरी शॉट पर जीत दर्ज की।

उदयवीर ने इससे पहले क्वालीफिकेशन दौर में 585 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। उन्होंने छह सीरीज में 99, 98, 98, 97, 97, 96 अंक जुटाए। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय निशानेबाज जोनाथन गेविन एंटनी क्वालीफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहे लेकिन वह केवल रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। उन्होंने शीर्ष पर रहे पाओलो के समान अंक जुटाए थे।भारत के अजेंद्र सिंह चौहान (580 अंक) और सरबजोत सिंह (574 अंक) क्वालीफिकेशन में क्रमशः 14वें और 31वें स्थान पर रहे और आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। केवल रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे कुमार योगेश ने 573 अंक जुटाए।

खबर संक्षेप

मेस्सी ने क्लब मैच में बिखेरी चमक



मियामी। अर्जेंटीना की तरफ से आखिरी मैच खेलने के बाद लियोनेल मेस्सी ने क्लब स्तर पर दो गोल करके अपनी चमक बिखेरी, जिससे इंटर मियामी ने मेजर सॉकर लीग में डीसी यूनाइटेड को 4-0 से हराया। लुई सुआरेज़ ने दो गोल किए जबकि जर्मन बर्तेरामे ने दो गोल करने में मदद की, जिससे इंटर मियामी ने पिछले पांच मैच में जीत हासिल नहीं करने का सिलसिला तोड़ दिया। मेस्सी पूरे 90 मिनट तक मैदान पर डटे रहे। उनके अब इस टूर्नामेंट के वर्तमान सत्र में 23 गोल हो गए हैं, जो किसी भी खिलाड़ी के सर्वाधिक गोल हैं।

यूनिसेफ की 'सेलिब्रिटी एडवोकेट' बनीं स्मृति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की नवनियुक्त कप्तान स्मृति मंधाना को यूनिसेफ इंडिया ने अपने 'सेलिब्रिटी एडवोकेट' के रूप में नामित किया है।

यह घोषणा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर की गई, जो लड़कियों के अधिकारों, सुरक्षा, नेतृत्व और क्षमता पर ध्यान आकर्षित करता है। इसके साथ ही उन बाधाओं की भी पहचान करता है, जो उनके विकल्पों को सीमित करते हैं।

तेंदुलकर ने किया नियुक्ति का स्वागत : लंबे समय से दक्षिण एशिया के यूनिसेफ के क्षेत्रीय दूत के रूप में कार्य कर रहे दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने मंधाना की नियुक्ति का स्वागत किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, ' स्मृति मंधाना यूनिसेफ इंडिया परिवार में आपका स्वागत है। आप मैदान पर लाखों लोगों को प्रेरित करती हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि मैदान के बाहर आप बच्चों के अधिकारों के लिए बुलंद आवाज बनोगी।'

हर सपना एक अवसर से शुरू: स्मृति

मंधाना ने कहा, 'यूनिसेफ इंडिया में सेलिब्रिटी एडवोकेट के रूप में शामिल होकर मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं क्रिकेट खेलते हुए बड़ी हुई हूं और मुझे यह अच्छी तरह से पता है कि हर सपना एक अवसर से शुरू होता है।'



यश-गुरजपनीत और निशांत की तिकड़ी ने पलटी हारी हुई बाजी

भारत-ए ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरे वनडे में 49 रनों से हराया

एजेंसी ▶▶| पुडुचेरी

भारत-ए ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीसरे अनौपचारिक वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया-ए को 49 रनों से हराया। यश ठाकुर, गुरजपनीत सिंह और निशांत सिंधु की तिकड़ी ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए भारत के लिए हारी हुई बाजी को पलटा।

भारत-ए से मिले 276 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया-ए की पूरी टीम 46.2 ओवर में 226 रन बनाकर ऑलआउट हुई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को जोश फिलिप्स और लियाम स्कॉट ने सधी हुई शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 82 रन जोड़े। स्कॉट 26 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, फिलिप्स 48 गेंदों में 6 चौके और 2 छक्कों की मदद से 56 रन बनाने के बाद पवेलियन लौटे।



भारतीय गेंदबाजों ने की जबरदस्त वापसी

ऑस्ट्रेलिया की टीम एक समय पर 177 के स्कोर पर 3 विकेट खोकर मजबूत स्थिति में नजर आ रही थी, लेकिन इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने जबरदस्त वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम को 226 रनों पर समेट दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अगले आखिरी 7 विकेट महज 49 रन जोड़कर गंवाए। यश ठाकुर और निशांत सिंधु ने दो-दो विकेट चटकाए, जबकि गुरजपनीत सिंह ने 56 रन देकर 3 विकेट निकाले।

आर्या और प्रभसिमरन ने की 83 रन की साझेदारी

इससे पहले, भारत के पूरी टीम 47.3 ओवर में 275 रन बनाकर ऑलआउट हुई। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और भारत-ए को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारत-ए की शुरुआत अच्छी रही। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह ने पहले विकेट के लिए 10.4 ओवर में 83 रन की साझेदारी की। प्रभसिमरन ने 39 रन बनाए। प्रियांश 49 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ 57 गेंदों में 33 रन बनाकर मिचेल ओवेन का शिकार बने। रजत पाटीदार सिर्फ 3 रन बनाकर आउट हुए। निशांत सिंधु भी 5 रन ही बना पाए। सूर्यांश शेडगे और विपराज निगम ने सातवें विकेट के लिए 85 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। विपराज ने 40 रन और सूर्यांश ने अर्धशतक जमाया। ऑस्ट्रेलिया-ए की तरफ से गेंदबाजी में विल सदरलैंड और बेन ड्वार्शुइस सबसे सफल रहे। दोनों ने तीन-तीन विकेट हासिल किए। लियाम स्कॉट ने 26 रन देकर 2 विकेट झटके।

वनडे सीरीज में कीवी टीम पहनेगी विशेष जर्सी

इंडिया-न्यूजीलैंड की 100 साल की दोस्ती का जश्न

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीम अगले महीने भारत के खिलाफ होने वाली वनडे श्रृंखला के दौरान कमल के फूलों और मंडला कलाकृति वाली विशेष जर्सी पहनेगी, जो दोनों देशों के बीच खेल संबंधों के 100 साल पूरे होने का प्रतीक है।

इस जर्सी को 'कोताहितांगा' नाम दिया गया है, जो दोनों देशों के के क्रिकेट प्रेम और संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करती है। इसका डिजाइन न्यूजीलैंड और भारत के साझा इतिहास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

22 अक्टूबर से शुरू होगा न्यूजीलैंड दौरा

भारत का न्यूजीलैंड दौरा 22 अक्टूबर को 5 मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के साथ शुरू होगा, जिसके बाद 4 नवंबर से 5 वनडे मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। वनडे श्रृंखला के बाद 2 टेस्ट मैच की श्रृंखला होगी।



थॉमसन, नारंदास और पंचा ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि इस जर्सी को तैयार करने में कलाकार बेन थॉमसन, शिव नारंदास और जय पंचा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नारंदास और पंचा ने तीन भारतीय प्रतीकों का एकीकृत तत्वों के रूप में इस्तेमाल किया है। इनमें भारत का राष्ट्रीय पुष्प कमल, भारतीय वास्तुकला से जुड़ा ओगी पैटर्न और मंडला कलाकृति शामिल है।

माओरी डिजाइन से मेल खाती मंडला कलाकृति : मंडला कलाकृति माओरी डिजाइन प्रणालियों से मेल खाती है। थॉमसन ने पारंपरिक माओरी अमूर्त चित्रित स्क्रॉल डिजाइन और प्रतीकों (कोवाईवाई) को हेहे रेखाओं की पृष्ठभूमि पर बुना है, ताकि जीवित लोगों को दिवंगत लोगों से जोड़ा जा सके, राष्ट्रों के बीच संबंध बनाने वाले लोगों को सम्मान दिया जा सके तथा खिलाड़ियों, प्रशंसकों और पृष्ठभूमि में काम करने वाले लोगों के महत्व को दिखाया जा सके।

रणजी ट्रॉफी में हिमाचल ने पहले दिन सात विकेट पर 153 रन बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

रणजी ट्रॉफी के अंतर्गत रोहतक के चौधरी बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम (लाहली) में हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के बीच रोमांचक मुकाबला खेला जा रहा है। मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक हिमाचल प्रदेश ने अपनी पहली पारी में 7 विकेट के नुकसान पर 153 रन बना लिए हैं। खराब रोशनी के कारण पहले दिन का खेल समय से पहले रोकना पड़ा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हिमाचल प्रदेश की शुरुआत बेहद खराब रही। हरियाणा के तेज गेंदबाजों ने अनुशासित गेंदबाजी करते हुए शुरुआती ओवरों में ही मेहमान टीम को दबाव में ला दिया। टीम ने मात्र 11 रन के स्कोर पर अपने शुरुआती विकेट गंवा दिए थे। मुश्किल समय में इनेश महाजन (38 रन), कप्तान पुखराज मान (29 रन) और नेहल वधेरा (16 रन) ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दिन का खेल खत्म होने तक आकाश वशिष्ठ शानदार बल्लेबाजी करते हुए 49 रन बनाकर नाबाद क्रीज पर डटे हुए हैं, और अपने अर्धशतक से मात्र 1 रन दूर हैं। उनके साथ अर्पित गुलेरिया (8 रन) खेल रहे हैं। हरियाणा की ओर से गेंदबाजी में अंशुल कंबोज सबसे सफल रहे, जिन्होंने

हरियाणा के अंशुल ने झटके चार विकेट



18 ओवरों में 32 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट झटके। इसके अलावा अमन कुमार और सामंत जाखड़ ने 1-1 विकेट अपने नाम किया। मैच के दूसरे दिन हिमाचल की कोशिश स्कोर को आगे ले जाने की होगी, वहीं हरियाणा बाकी बचे 3 विकेट जल्दी गिराना चाहेगा।

खबर संक्षेप

रियादः हूती विद्रोहियों का हमला, 12 की मौतें

रियाद। सऊदी अरब की राजधानी रियाद के किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शनिवार को हूती विद्रोहियों ने फिर हमला किया। धमाके में 12 लोगों की मौत हुई है, जबकि 300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। कुछ घायलों की हालत गंभीर है। मृतकों में 4 सऊदी, 2 बांग्लादेशी और अमेरिका, फिलिस्तीन, मिस्र, जॉर्डन, सीरिया और सूडान के एक-एक नागरिक शामिल हैं। हमले के बाद एयरपोर्ट खाली कराया गया, उड़ानें रोक दी गईं। बीते 24 घंटे में एयरपोर्ट की कम से कम 225 उड़ानें रद्द हुईं।



अमेरिका में फायरिंग बच्चों समेत 9 की मौत

वॉशिंगटन। अमेरिका के पेंसिल्वेनिया राज्य में हुई फायरिंग में बच्चों समेत 9 लोगों की मौत हो गई। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक, संदिग्ध हमलावर भी मृत मिला। आशंका है कि उसने खुद को गोली मारी। घटना एरी शहर की पेरी स्ट्रीट पर हुई। बता दे कि 24 सितंबर तक इस साल अमेरिका में मास शूटिंग की 343 घटनाएं दर्ज की गई थीं। इन घटनाओं में 320 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। 9 अक्टूबर को शाम करीब 5 बजे पुलिस को एरी शहर की पेरी स्ट्रीट पर गोलीबारी की सूचना मिली।



यमन में भीषण जंग,1150 हूती विद्रोहियों की मौत

अदन। यमन की सरकारी सेना ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटों में देश के अलग-अलग मोर्चों पर किए गए 1,900 से अधिक हमलों में 1,150 से ज्यादा हूती लड़ाके मारे गए हैं। दोनों पक्षों के बीच लड़ाई लगातार तेज होती जा रही है। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक अभियानों में हूतियों के हथियार भंडार, सैन्य शिविर, किलेबंदी, तोपखाने की चौकियां, सैनिक जमावड़े को निशाना बनाया गया। हमले यमन के पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिण-पश्चिमी मोर्चों पर किए गए। इनमें हूती नियंत्रण वाले इलाकों के भीतर मौजूद कई उच्च महत्व वाले सैन्य ठिकाने भी शामिल थे।



स्मित मच्छार को अस्पताल में इलाज के बीच मिला इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग का खास संदेश

गहरे जख्म लेकिन हौसला बुलंद, कैप्टन स्मित की नई तस्वीर आई सामने इजराइल देगा सबसे बड़ा 'वीरता' सम्मान

एजेंसी ▶▶ अबू धाबी

अबू धाबी के अस्पताल में इलाज करा रहे भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार की नई तस्वीर सामने आई है। तस्वीर में वह इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग का पत्र पढ़ते नजर आ रहे हैं। उनकी बहादुरी से प्रभावित राष्ट्रपति हर्जोग ने उन्हें इजराइल के सर्वोच्च नागरिक वीरता सम्मान से सम्मानित करने का एलान किया है। मच्छार को भेजे अपने पत्र में हर्जोग ने कहा है कि स्मित के पूरी तरह ठीक होने के बाद उन्हें यरुशलम बुलाकर यह सम्मान दिया जाएगा। 30 सितंबर को फ्लाईदुबई की उड़ान में हुए खौफनाक घटनाक्रम के दौरान स्मित ने जिस हिम्मत और सूझबूझ का परिचय दिया, उससे विमान में सवार 180 लोगों की जान बच गई।

> भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार की नई तस्वीर सामने आई है, जिसमें वह इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग का पत्र पढ़ते दिख रहे हैं। राष्ट्रपति ने उन्हें इजराइल के नागरिक वीरता के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित करने का ऐलान किया है।

खास बातें

- कैप्टन स्मित को भेजा राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने पत्र
- विमान में सवार 180 लोगों की जान बचाई थीं



भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छर इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग का पत्र पढ़ते हुए

राष्ट्रपति इसाक ने मच्छार की जमकर तारीफ की

इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा कर कैप्टन स्मित मच्छार की जमकर तारीफ की। उन्होंने अपने संदेश में भारतीय पायलट को इजराइल, भारत और पूरी मानवता का हीरो बताया। हर्जोग ने कहा कि उन्होंने स्मित को भेजे पत्र में उनके जल्द और पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना की है।

राष्ट्रपति ने किया ऐलान

कैप्टन स्मित मच्छार को प्रेसिडेंशियल अवॉर्ड से सम्मानित करेगा इजरायल

फ्लाईदुबई प्लेन के कॉकपिट में भारतीय कैप्टन स्मित मच्छार पर ओमानी को-पायलट हम्माम अल-हम्मामी ने क्रैश-एक्स से हमला कर दिया था, जिसका स्मित मच्छार ने डटकर मुकाबला किया और 174 यात्रियों व क्रू सदस्यों की जान बचाई थी। उन्हें इजराइल का प्रेसिडेंशियल अवॉर्ड फॉर सिविलियन हीरोइज्म नागरिक वीरता के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार मिलेगा। यह नागरिकों के लिए देश का सर्वोच्च वीरता पुरस्कार है। गंभीर रूप से घायल होने और बहुत ज्यादा खून बहने के बावजूद, भारतीय पायलट ने कॉकपिट का दरवाजा खोल दिया। उनकी इस हिम्मत की वजह से विमान के यात्री कॉकपिट में घुस पाए और हमलावर को काबू में कर सके। स्मित मच्छार का इलाज यूएई के एक अस्पताल में चल रहा है। इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने कहा कि भारतीय पायलट को ठीक होने के बाद इजरायल का सर्वोच्च पुरस्कार दिया जाएगा।



एक्स पर भारत के विदेश मंत्रालय ने इसे आंतरिक मामलों में संयुक्त राष्ट्र की बेवजह दखलंदाजी बताया

यह हमारा आंतरिक मामला, नसीहत की जरूरत नहीं, सीजेपी प्रोटेस्ट पर यूएन की टिप्पणियों को भारत ने किया खारिज



रणधीर जायसवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी सीजेपी के दिल्ली विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई गिरफ्तारियों पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग की चिंताओं को भारत सरकार ने सिरे से खारिज कर दिया है। भारत के विदेश मंत्रालय ने इसे भारत के आंतरिक मामलों में बेवजह दखलंदाजी बताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रविवार को स्पष्ट किया कि भारत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने लिए पूरी तरह से कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई की है।

> भारत ने कॉकरोच जनता पार्टी सीजेपी के दिल्ली विरोध प्रदर्शन में हुई गिरफ्तारियों पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग की चिंताओं को खारिज कर दिया है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है जहां नागरिकों के अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा की जाती है

भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा करना अच्छी तरह जानता है

यह दोहरा रवैया बेहद चिंताजनक हैः जायसवाल

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार संस्था का रुख बेहद पक्षपातपूर्ण

रणधीर जायसवाल ने विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिक्रिया देने के मामले में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार संस्था के 'चुनिंदा रवैये' की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक बयान जारी करने के मामले में का रुख बेहद पक्षपातपूर्ण रहा है। भारत के पड़ोसी देशों में प्रदर्शनकारियों पर हुई हिंसक कार्रवाइयों पर संस्था ने चुप्पी साधे रखी और जिनेवा स्थित अपने मुख्यालय के पास हुई पुलिसिया कार्रवाइयों पर भी कोई टिप्पणी नहीं की।

बहुपक्षवाद और संस्था की विश्वसनीयता पर सवाल

प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय मंचों द्वारा अपनाया जाने वाला यह दोहरा रवैया बेहद चिंताजनक है। जायसवाल ने कहा कि इस तरह के दोहरे मापदंड न केवल मानवाधिकार निकाय की अपनी विश्वसनीयता और साख को नुकसान पहुँचाते हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर बहुपक्षवाद में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के भरोसे को भी कमजोर करते हैं।

यूएन की चिंता और रिहाई की मांग

ज्ञात हो कि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने दिल्ली में सीजेपी प्रदर्शन के दौरान नेताओं, पत्रकारों और वकीलों की गिरफ्तारियों पर चिंता जताई थी। प्रवक्ता थमीन अल-खीतान ने अधिकारियों से शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकार का सम्मान करने, संयम बरतने और मनमाने ढंग से हिरासत में लिए गए लोगों को बिना शर्त तुरंत रिहा करने का आग्रह किया था, जिसके बाद विदेश मंत्रायल की यह प्रतिक्रिया सामने आई है।

सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी

पत्थर के नीचे छिपा हथियारों और विस्फोटों का जखीरा हुआ बरामद



एजेंसी ▶▶ जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले में सुरक्षाबलों ने गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री का बड़ा जखीरा बरामद किया है। यह बरामदगी सोपोर के मुकाम चेरहार इलाके के जंगल में तलाशी अभियान के दौरान हुई। मामले में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम यूएपीए, आर्म्स एक्ट और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। सोपोर पुलिस को हथियारों और संदिग्ध सामग्री के छिपाए जाने की विशेष खुफिया सूचना मिली थी।

हथियार, गोला-बारूद बरामद

इनमें हथियार, गोला-बारूद, हैंड ग्रेनेड, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस आईईडी और उनसे जुड़ी सामग्री रखी गई थी। बरामदगी में दो असॉल्ट राइफलें (एके-47 और एके-76), सात मैगजीन और कारतूस शामिल हैं। इसके अलावा चार पिस्तौल, चार मैगजीन व कारतूस, पांच राउंड के साथ एक मल्टी-ग्रेनेड लॉन्चर एमजीएल और 11 हैंड ग्रेनेड भी मिले हैं।

होर्मुज में दस दिन में हुईं 13 घटनाएं

तेल टैंकर समुद्री माइन से टकराया,जहाज में ब्लास्ट के बाद आग लगी, कोई हताहत नहीं

एजेंसी ▶▶ तेहरान

होर्मुज स्ट्रेट में एक तेल टैंकर समुद्री माइन से टकरा गया। इसके बाद जहाज में ब्लास्ट हुआ और आग लग गई, इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार हालांकि, उन्होंने जहाज की पहचान और वह किस देश का है यह नहीं बताया। उन्होंने कहा, इन गतिविधियों से पता चलता है कि ईरान समुद्री रास्तों पर अपनी मौजूदगी बनाए रखना चाहता है और वहां से गुजरने वाले जहाजों पर दबाव बनाए रखना चाहता है।



जहाज पर हुआ था हमलाः भारत ने 6 अक्टूबर को ओमान के पास होर्मुज स्ट्रेट में पनामा के झंडे वाले व्यापारिक जहाज पर हमले की निंदा की थी। हमले में 12 क्रू मेंबर घायल हुए थे, जिनमें 11 भारतीय थे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, जहाज एमटी ऑन पीस ओमान के तट से गुजर रहा था। इसी दौरान उस पर एक प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ।

नेपाल में फिर तबाही

बूढ़ी गंडकी नदी में बाढ़, कई पुल-घर बहे, दस लापता, लैंडस्लाइड से स्यारी नदी का रास्ता बंद

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल के गोरखा जिले में रविवार सुबह बूढ़ी गंडकी नदी में अचानक बाढ़ आने से कई गांवों को नुकसान पहुंचा है। बाढ़ में करीब 35 घर और 6 पुल बह गए, जबकि कम से कम 10 लोग लापता हैं।

उनकी तलाश की जा रही है। बाढ़ से 341 मेगावाट के बूढ़ी गंडकी हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट का निर्माण कैंप और कई मशीनें भी बह गईं। बाढ़ का पानी सुबह करीब 4 बजे बस्तियों में घुसा, जिसके बाद लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर जाना पड़ा। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, ऊंचे पहाड़ी इलाके में भूस्खलन के कारण चुन्चुब्री स्यारी नदी का रास्ता बंद हो गया था। इससे पानी जमा हुआ और फिर अचानक तेज बहाव के साथ नीचे आया। इससे पहले 26 अगस्त को भोटेकोशी और त्रिशूली नदी में आई बाढ़ में 1455 लोगों की मौत हुई थी। साथ ही 5,285 लोग अब भी लापता हैं। सरकार ने बताया कि लगातार हो रहे भूस्खलन के बीच लापता लोगों की तलाश जारी है।



एसएमएस भेजकर लोगों को सुरक्षित जगह जाने की सलाह

गोरखा जिला पुलिस कार्यालय के इंस्पेक्टर आकाश कंडेल ने बताया कि बाढ़ के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने सिरदिबास और धारचे ग्रामीण नगरपालिका के खोलाबेसी, माछाखोला, सोती, अरखेत और आरुघाट में रहने वाले लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने की सलाह दी। नेपाल के राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी डॉ. धर्मराज उप्रेती ने बताया कि ऊपरी इलाके से बाढ़ का पानी आरुघाट पहुंचने में करीब 3 घंटे लगते हैं।

भारतीय दूतावास ने रूसी ड्रोन हमले में बचाए गए

भारतीय नागरिकों की घर वापसी, रूसी ड्रोन हमले के बाद बचाए गए तीन नाविक रोमानिया से रवाना

भारतीय नाविकों की रोमानियाई प्रशासन ने पूरी मदद की

समुद्री सीमा के बाहर काला सागर में हमला हुआ था

एजेंसी ▶▶ बुखारेस्ट

रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में भारतीय दूतावास ने रूसी ड्रोन हमले में बचाए गए भारतीयों पर जानकारी दी है। दूतावास ने बताया कि सोमवार को काला सागर में तुर्की के कार्गो जहाज एमवी रोयाद मम्मादोव पर हुए हमले के बाद बचाए गए तीन भारतीय नागरिक भारत के लिए रवाना हो गए हैं। मिशन ने शनिवार को बताया, 3 भारतीय नागरिक साहिल संधू, अश्विनी कुमार और हरमन सिंह शनिवार को भारत के लिए रवाना हो गए है।



रूसी ड्रोन हमले में बचाए गए तीन भारतीय नागरिक

दूतावास ने भारतीयों की वापसी में मदद की

दूतावास ने उनकी वापसी में मदद के लिए हर जरूरी सहायता और सहयोग प्रदान किया। बयान में कहा गया है कि हम रोमानियाई अधिकारियों, कॉन्स्टैंटा काउंटी अस्पताल और रोमानियाई बचाव दलों का उनकी बहुमूल्य मदद, सहयोग और समर्थन के लिए दिल से आभार व्यक्त करते हैं। बता दे कि तुर्की की एक कंपनी के इस जहाज पर जो यूक्रेन के इजमेल बंदरगाह से इटली के रेवेना तक मक्का ले जा रहा था सोमवार को रोमानिया की समुद्री सीमा के बाहर काला सागर में हमला हुआ।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109